kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-66 | सोमवार, 07 अप्रैल 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म का यह दिवस हमारी समृद्धि सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों का प्रतीक है। श्री राम का जीवन और आदर्श हमें जीवन का मार्ग दिखाते हैं। सभी राष्ट्रवासियों को पवित्र रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

जगदीप धनखड़

झूठा आरोप लगाने के लिए माफी मांगे अनिल झा 11

शिवनगरी के मंदिरों में नवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ 12

## संक्षेप

### पूर्व डिप्टी जेलर की बेटी ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु की इजाजत

**वाराणसी।** वाराणसी जिला जेल की पूर्व 'डिप्टी जेलर' मीना कनौजिया की बेटी नेहा शाह ने न्याय की गुहार लगाते हुए राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की इजाजत देने की मांग की है। शाह ने बताया, ''मैंने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अपने लिए इच्छा मृत्यु की मांग की है। यह मांग इसलिये की गयी है क्योंकि मुझे मालूम है कि जब हुकूमत से आप की जंग होती है तब आप का सफाया होना निश्चित है। नेहा शाह ने कहा, ''जब से मेरी मां का प्रकरण सामने आया है तब से जेल अधीक्षक उमेश सिंह पर बहुत से आरोप लग चुके हैं। मगर इसके बावजूद मुख्यालय लगातार उनको क्लीनचिट दे रहा है। उन्होंने कहा,''मैं चाहूं तो खुद को खत्म कर सकती हूं लेकिन अगर मैं ऐसा करती हूं तो इसका इल्जाम मेरी मां पर लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा,''मुझे मालूम है कि कुछ ही दिनों में मेरी मां को निलंबित कर दिया जाएगा, क्योंकि उन्होंने बहुत बड़े इंसान के खिलाफ बोला है।

### लखनऊ में बनी लघु फिल्म सेव गॉड को मिले दो पुरस्कार

**लखनऊ।** अयोध्या में आयोजित श्री राम अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में लखनऊ में बनी लघु फिल्म सेव गॉड को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र और सर्वश्रेष्ठ अनकही कहानी का पुरस्कार मिला है। यह फिल्म मूर्ति विसर्जन की परंपरा और इससे जुड़े अनदेखे पहलुओं पर आधारित है। फिल्म के लेखक, निर्देशक और नाटककार मुकेश वर्मा हैं। मुकेश ने अब तक 60 से अधिक नाटक लिखे हैं और उनके लेखन व निर्देशन में बनी हिंदी फिल्म मल्लाह भी जल्द ही सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। मुकेश वर्मा ने बताया कि सेव गॉड एक ऐसी लघु फिल्म है, जो समाज में वर्षों से चली आ रही मूर्ति विसर्जन की परंपरा को एक नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह धार्मिक आस्था और परंपराएं कभी-कभी पर्यावरण और जल स्रोतों के लिए खतरा बन जाती हैं। फिल्म का उद्देश्य केवल परंपराओं पर सवाल उठाना नहीं, बल्कि एक संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है, जिसमें धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिले। फिल्म यह संदेश देती है कि यदि हम भगवान की मूर्तियों को पूजते हैं, तो हमें उनका सम्मान अंत तक बनाए रखना चाहिए। कई बार विसर्जन के बाद ये मूर्तियां नदियों और तालाबों में प्रदूषण का कारण बन जाती हैं। फिल्म समाज को यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने आराध्य देवताओं के प्रति सही व्यवहार कर रहे हैं? क्या कोई वैकल्पिक समाधान निकाला जा सकता है, जिससे आस्था और प्रकृति दोनों की रक्षा हो सके? अवार्ड मिलने पर मुकेश वर्मा ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनकी फिल्म के लिए नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए है जो सकारात्मक बदलाव और समाज में जागरूकता लाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

# सूर्य की किरणों से रामलला का हुआ अभिषेक


## अयोध्या में धूमधाम से मनाया गया रामलला विराजमान का जन्मोत्सव

एजेंसी

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया।

भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हरषित महतारी, मुनि मनहारी अद्‌भुत रूप विचारी।। की चौपाई के साथ भव्य और दिव्य राम मंदिर में श्रीरामलला का प्रतीकात्मक रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे दोपहर रामलला को दूध से स्नान कराने के बाद वस्त्र पहनाकर जन्मोत्सव मनाया गया। रामलला के वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य की किरणों से तिलक, अभिषेक कराया गया। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक तिलक किया गया।

रामलला के जन्म पर अयोध्या के मंदिरों में बधाई व सोहर गीत शुरू हो गये। जगह-जगह पटाखे दगने लगे। घंटे, घड़ियालों व शंख की करतल ध्वनि के बीच श्रीरामलला प्रकट हुए। उसके बाद पूरा वातावरण भगवान श्रीराम के नाम से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर बधाई, सोहर गीत, प्रसाद वितरण आदि का सिलसिला जारी रहा। पूरी अयोध्या नगरी दुल्हन की तरह सजायी गयी है। मंदिरों में जन्मोत्सव की पूर्व बेला से ही बधाई, सोहर गीत आदि का दौर चल रहा है। किन्नर, साधु से लेकर सभी भक्तगण जन्मोत्सव की खुशी में डूबे हुए हैं। किन्नर समुदाय के लोग मठ-मंदिरों में जाकर महंतों से नेग, न्यौछावर मांग रहे



❐ अभिजीत मुहूर्त में ललाट पर 4 मिनट पड़ी किरणें

हैं। जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह ने आज यहां बताया कि रामलला के जन्मोत्सव अर्थात रामनवमी मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने रामलला के जन्मोत्सव के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों में जा करके दर्शन-पूजन किया। चैत्र रामनवमी मेले को दस सेक्टर में बांटा गया । श्रीरामजन्मभूमि क्षेत्र में भी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था है। श्रीरामलला जन्मोत्सव की तैयारियां विगत एक सप्ताह से युद्ध स्तर पर चल रही थीं। रामलला के जन्मोत्सव में पंजीरी, कुट्टू व सिंघाड़े का आटा व रामदाना का भोग लगाया गया था जो श्रद्धालुओं में बांटा गया। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव मनाये जाने के बाद जन्मभूमि में दर्शनार्थियों सहित सभी को प्रसाद वितरण किया गया। पूरी अयोध्या में जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या को सजाने का काम किया गया है। राम मंदिर में जन्मोत्सव की भव्यता देखने को मिल रही है। चरणामृत प्रसाद भी काफी दर्शनार्थियों को दिया जा रहा है। श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के मंदिर के अलावा छोटे-बड़े करीब १२१ मंदिरों में शहर एवं नगर निगम क्षेत्र परिधि के बाहर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट न्यास द्वारा काफी मात्रा में एलईडी लगायी गयी है, जिसमें श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का जन्मोत्सव सीधे दिखाया गया। रामलला को छप्पन प्रकार के भोग भी अर्पित किये गये। मेला क्षेत्र में चिकित्सा विभाग, नगर निगम विभाग, विद्युत विभाग एवं अन्य स्वयंसेवी संगठनों एवं जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन आदि व्यापक व्यवस्था की गयी है। मंदिर करीब बीस घंटे के आसपास खुला रहेगा, जिससे श्रद्धालु दर्शन करते रहेंगे। जन्मोत्सव के समय भये प्रकट कृपाला का दर्शन हुआ तथा अधिक हवन तथा सुगंधित धूप के कारण पूरा मंदिर सुगंधित हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास, ● शेष पेज 11 पर

# मातृ शक्ति के प्रति आदर भाव रखना सबका दायित्व: योगी

एजेंसी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षाए सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं।

गोरखनाथ मंदिर में रविवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए योगी ने कहा कि आज वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि है। आज सभी सनातन धर्मावलंबियों द्वारा कन्या पूजन किया जा रहा है। मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मांभगवती के अलग.अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ समारोप की ओर अग्रसर है।



उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव की जो मजबूतपरंपरा रही है, उसे दोनों नवरात्र ;शारदीय व वासंतिक में कन्या पूजन के माध्यम से देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बेटी-बेटा या महिला-पुरुष के भेदभाव से ऊपर उठकरबेटियों के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय को जगह न दें। हम सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला अन्याय या शोषण का शिकार न होने पाए। यदि हम ऐसा करेंगे तभी एक सशक्त एवं विकसितभारत की संकल्पना को साकार कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति को सम्मान देने, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। विधायिका से लेकर हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया है। ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली/ताशकंद। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, कहा कि 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है।

श्री बिरला ने भारत के संविधान की समावेशी और कल्याणकारी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना है। साथ ही समान अवसर प्रदान करना, तथा समाज के हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में एकीकृत करना भी है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की ऐतिहासिक 150वीं सभा में 'सामाजिक विकास और न्याय के




लिए संसदीय कार्रवाई' पर मुख्य भाषण देते हुए श्री बिरला ने कहा, हाल के वर्षों में, भारतीय संसद ने कई ऐसे कानून पारित किए हैं जो सामाजिक न्याय और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं तथा समाज के सभी वर्गों को शामिल करने को प्रोत्साहित करते हैं। समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की चिरस्थायी चिंता का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा,ल्दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016', 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019' और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे विधेयक समाज के ● शेष पेज 11 पर

# चौक पोस्ट आफिस के अधिकारियों, कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा

लखनऊ। एक निजी कंपनी के कर्मचारी सोमेश मोहन रस्तोगी ने चौक पोस्ट आफिस के अधिकारियों और कर्मचारियों पर धोखाधड़ी कर बचत खाते से 10 लाख रुपये निकालने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सोमेश ने चौक कोतवाली में अज्ञात अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सोमेश मोहन रस्तोगी के मुताबिक वह जरनलगंज ठाकुरगंज के रहने वाले हैं। उन्होंने चौक पोस्ट आफिस में अपना बचत खाता खुलवाया था। उसमें करीब 15 लाख रुपये जमा किए थे। काम के सिलसिले में अकसर बाहर रहने के कारण खाता कुछ महीने संचालित नहीं कर सके। 27 मार्च को केवाईसी अपडेट कारने के लिए पोस्ट आफिस पहुंचे। वहां पता चला कि खाते में मात्र 2964 रुपये शेष हैं। पोस्ट आफिस के इंचार्ज से शिकायत की तो उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं बताया। कैशियर से पूछा तो उन्होंने कहा मुझे कुछ नहीं पता। इसके बाद पोस्ट आफिस के एजेंट प्रीतम रस्तोगी से कहा। उसने भी कोई जानकारी देने से मना कर दिया। ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर प्रदेश में अप्रैल से जून तक तीव्र उष्ण लहर का पूर्वानुमान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अप्रैल, मई और जून माह में सामान्य से अधिक तापमान और भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है तथा तेज उष्ण लहर का भी पूर्वानुमान है।

इन संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए उप्र सरकार के चिकित्सा तथा पशुपालन विभाग ने एहतियातन तैयारी शुरू कर दी है। वैसे तो पूरे प्रदेश में भारी गर्मी के आसार हैं लेकिन विशेषज्ञों ने खासतौर पर चेतावनी दी है कि राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र को सबसे गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मानव और पशु दोनों के स्वास्थ्य को काफी खतरा हो सकता है। मौसम विभाग के अधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया, ल्इन महीनों के दौरान पूरे उत्तर प्रदेश में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने की उम्मीद है। पूर्वानुमान के अनुसार दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने



की आशंका है। रात के तापमान के भी असामान्य रूप से अधिक रहने का अनुमान है। सिंह ने कहा, रात के समय दर्ज किए गए न्यूनतम तापमान के भी सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है।'' बुंदेलखंड क्षेत्र के इस भीषण गर्मी का केंद्र बनने का अनुमान है। राज्य में झांसी और चित्रकूटधाम मंडल के सात जिले बुंदेलखंड में आते हैं। उधर, राजस्थान की सीमा से लगे पश्चिमी उप्र के जिलों में भी भीषण गर्मी की आशंका है। सिंह ने बताया, ''उत्तर प्रदेश में मध्य प्रदेश की सीमा से लगे बुंदेलखंड क्षेत्र में शुरुआती पूर्वानुमान के अनुसार सबसे अधिक तापमान दर्ज किए जाने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कहा कि अप्रैल के पहले सप्ताह में ही दिन के तापमान में वृद्धि के साथ आसन्न गर्मी का स्पष्ट पूर्वानुमान मिल गया है। मौसम विभाग के अनुसार, ''कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, फतेहपुर, अमेठी, गाजीपुर, सुल्तानपुर और हमीरपुर में दिन का तापमान पिछले सप्ताह से 40 डिग्री के पार जा रहा है। शनिवार को प्रयागराज में अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से 4.2 डिग्री अधिक है। पूर्वानुमान में कहा गया है कि दिन का अधिकतम तापमान अक्सर 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक लगातार 40 डिग्री के आसपास रहेगा और कुछ क्षेत्रों में 45 डिग्री से भी अधिक होने की आशंका है। रात का तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। सिंह ने कहा, ''अप्रैल, मई और जून के महीनों में उत्तर प्रदेश ● शेष पेज 11 पर

# वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं चाहती सरकार : जेपी नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित नहीं करना चाहती, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे कानून के दायरे में काम करें, ताकि उनकी संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार को बढ़ावा देने में किया जा सके।

पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि तुर्किये और कई अन्य मुस्लिम देशों की सरकारों ने वक्फ संपत्तियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने कहा, ''हम (वक्फ बोर्ड का) संचालन कर रहे लोगों से बस यह कह रहे हैं कि आप नियमों के अनुसार काम करें। नड्डा ने कहा, ''हम वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं चाहते। हमारा लक्ष्य केवल



❐ कानून के अनुसार कामकाज सुनिश्चित होना चाहिए

यह सुनिश्चित करना है कि इसका प्रबंधन करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। वक्फ बोर्ड की संपत्ति और धन मुस्लिम समुदाय के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित होंगे। नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले भाजपा प्रमुख ने मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया।

## केन्द्र तमिलनाडु के विकास को समर्पित, लेकिन कुछ लोगों को रोने की है आदत : प्रधानमंत्री

# तमिलनाडु के नेता तमिल में हस्ताक्षर नहीं करते

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि बीते एक दशक में केन्द्र सरकार ने तमिलनाडु के विकास के लिए 2014 की तुलना में तीन गुना ज्यादा धन आवंटित किया है। वे मानते हैं कि विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु का बहुत बड़ा रोल है। तमिलनाडु का सामर्थ्य जितना ज्यादा बढ़ेगा, भारत का विकास उतनी तेज होगा। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कुछ लोगों को बिना कारण रोते रहने की आदत है। वे रोते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि तमिलनाडु के नेताओं से प्राप्त पत्रों में तमिल में हस्ताक्षर नहीं होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले रेल प्रोजेक्ट के लिए हर साल सिर्फ 900 करोड़ रुपये ही मिलते थे। इस वर्ष तमिलनाडु का रेल बजट 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है और भारत सरकार यहां के 77 रेलवे



प्रधानमंत्री ने किया भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज का उदघाटन

स्टेशन को मॉडर्न भी बना रही है। इसमें रामेश्वरम का रेलवे स्टेशन भी शामिल है। आयुष्मान भारत योजना के तहत तमिलनाडु में 1 करोड़ से अधिक लोगों का उपचार किया गया है। इससे लोगों को 8 हजार करोड़ की बचत हुई है। तमिलनाडु में 1,400 से अधिक जन औषधि केंद्र हैं। इससे तमिलनाडु के लोग अनुमानित 700 करोड़ रुपये की बचत करते हैं। हाल के वर्षों में तमिलनाडु में 11 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी आज तमिलनाडु के दौरे पर हैं। रामनवमी के अवसर पर दोपहर में उन्होंने भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल - नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन किया। उन्होंने सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाई और पुल के संचालन को देखा। इसके बाद उन्होंने रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा की। उन्होंने रामेश्वरम में 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछुआरों की सुरक्षा ● शेष पेज 11 पर

### मोदी ने राम सेतु का किया हवाई दर्शन, इसे दैवीय संयोग कहा

**रामेश्वरम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका से लौटते समय राम सेतु का हवाई दर्शन किया और इसे दैवीय संयोग बताया, क्योंकि आज ही भगवान राम का जन्मदिन रामनवमी मनाया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भगवान राम सभी को जोड़ने वाली शक्ति हैं। श्री मोदी ने श्रीलंका से लौटते समय तमिलनाडु के मंडपम में उतरने से पहले नौसेना के हेलीकॉप्टर से राम सेतु के दर्शन किए। रामायण के अनुसार, राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम समीप धनुषकोडी से शुरू हुआ था, जहां से भगवान राम पत्नी सीता को रावण से बचाने के लिए श्रीलंका गए थे। एडम ब्रिज, जिसे राम ब्रिज या राम सेतु के नाम से भी जाना जाता है, भारत के तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित पंबन द्वीप, जिसे रामेश्वरम द्वीप के नाम से भी जाना जाता है, और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी तट पर स्थित मन्नार द्वीप के बीच प्राकृतिक चूना पत्थर की एक श्रृंखला है। श्री मोदी ने अपने 'एक्स' पेज पर हवाई दर्शन का वीडियो शेयर करके अपने आध्यात्मिक क्षण को साझा किया और कहा थोड़ी देर पहले श्रीलंका से लौटते समय मुझे राम सेतु के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने लिखा, एक दैवीय संयोग के रूप में, यह उसी समय हुआ जब अयोध्या में सूर्य तिलक हो रहा था। दोनों के दर्शन पाकर धन्य हो गया।प्रभु श्री राम हम सभी को जोड़ने वाली शक्ति हैं। उनका आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे।

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आज दो न्यायमूर्ति लेंगे शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। न्याय की नगरी इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उड़ीसा और दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सी डी सिंह को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के तौर पर शपथ दिलाई जाएगी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों को मुख्य न्यायाधीश कोर्ट में सोमवार की सुबह शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सभी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। एक सवाल के जवाब में श्री तिवारी ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में तबादले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन लगातार विरोध कर रहा था। एसोसिएशन ने उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बहिष्कार की भी घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सी डी सिंह के साथ शनिवार को इसलिए शपथ नहीं दिलाई गयी कि एसोसिएशन पूरे शपथ समारोह का ही बहिष्कार कर देती।

वरिष्ठ अधिवक्ता और अध्यक्ष ने कहा कि न्यायमूर्ति को शपथ दिलाना हमारी न्यायिक प्रणाली में सर्वोत्कृष्ट अवसर होता है। संस्था में अधिवक्ता समान हितधारक हैं, इसलिए उन्हें इससे दूर नहीं रखा जा सकता। एसोसिएशन ने प्रस्ताव पारित कर कहा था कि शपथ संविधान के विरुद्ध है और इसलिए एसोसिएशन के सदस्य असंवैधानिक शपथ से जुड़ना नहीं चाहते। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को शपथ ग्रहण कराने से पहले बार एसोसिएशन को नहीं बताया गया। ऐसे में हम यह समझने में विफल हैं कि इस शपथ में गुप्त क्या है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से बार एसोसिएशन ने मांग की है कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को कोई भी न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्य नहीं सौंपे। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को लेकर आगामी 26 अप्रैल को एनसीजेडसीसी हाल में नेशनल डिबेट का आयोजन किया गया है जिसमें देश के सभी उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष हिस्सा लेंगे। इसमें कुछ सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति भी शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि डिबेट में न्यायमूर्ति का शुरू से लेकर आखिर तक कैसे यह प्रोसीड़ कर रहे हैं, कहां कहां गलत हैं, कहां पर आम जनता का विश्वास टूट रहा है, इन विषयों पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर पिछले दिनों आग लगने से बड़ी मात्रा में अधजले नोटो के बंडल मिलने के बाद केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम की सिफारिश पर न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण को मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति वर्मा के इलाहाबाद स्थानांतरण होने से पहले मिली सुगबुगाहट के समय से ही बार एसोसिएशन इसका लगातार विरोध कर रहा था। इसको लेकर एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कई दिनों तक हड़ताल भी किया था।

# अमर शहीद के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। भगवन्त नगर विधानसभा क्षेत्र ग्राम कोरारी कलां मे अमर शहीद सुशील कुमार जी के स्मारक में पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह में नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने पहुंच कर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया व अमर शहीद शुशील कुमार की पत्नी वीर नारी सुनीता गौतम जी व अमर शहीद अजीत आज़ाद की पत्नी वीर नारी मीना गौतम जी को सम्मानित किया!!

इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुनील भदौरिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश चंद्र कुशवाहा, मुकेश दीक्षित,अमूल्य बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

# पंकज चौधरी ने आवास पर भाजपा का झंडा फहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अपने धनेवा धनेई स्थित आवास पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी का झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा के गौरवशाली इतिहास, सिद्धांतों और देशहित में किए गए कार्यों को याद करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

पंकज चौधरी ने अपने संबोधन की शुरुआत पार्टी के संस्थापकों को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह सफर राष्ट्रहित और विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं की कठिन तपस्या का परिणाम है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक के संघर्षों और पार्टी के विकास यात्रा के अहम पड़ावों की चर्चा करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि एक ऐसा संगठन बन चुकी है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने गरीबों और वंचितों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का असली बल उसका कार्यकर्ता है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करें और अधिक से अधिक लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब देश प्रगति की ओर बढ़ रहा है, तब कुछ दल नकारात्मक राजनीति में लगे हैं। भाजपा का लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत है और इसमें हर कार्यकर्ता को एक सैनिक की भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि मूल्यों की पुनः स्मृति और सेवा भावना को जगाने का अवसर है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, सानंदन पटेल, अमरनाथ पटेल, वीरेंद्र चौहान, शैलेश पाण्डेय, मनोज राय, संतोष और जगदीश मिश्रा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रामचरित मानस पाठ का समापन

महराजगंज, रायबरेली । शासन के निर्देश पर रामनवमी के उपलक्ष्य में शनिवार को स्थानीय प्रशासन द्वारा कस्बा स्थित राम-जानकी मंदिर में शुरू कराए गए। रामचरित मानस पाठ का रविवार को समापन हुआ जिसके पश्चात हवन पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। एसडीएम सचिन यादव और तहसीलदार मंजुला मिश्रा नायब तहसीलदार उमेशचंद्र त्रिपाठी ने विधि विधान से कन्याओं का पूजन किया। शनिवार को प्रारंभ हुए अखंड श्री रामचरित मानस पाठ का रविवार की दोपहर समापन हुआ एसडीएम सचिन यादव तहसीलदार मंजुला मिश्रा नायब तहसीलदार उमेशचंद्र त्रिपाठी ने मानस जी की आरती और तत्पश्चात विधि विधान से हवन पूजन किया। श्री राम जानकी तथा लक्ष्मण जी पूजा एवं भोग अर्पण कर लोक शांति की कामना की अधिकारियों ने इसके बाद कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोजन कराया और उन्हें दक्षिण देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया उपास्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बनें।

# सच सामने आ सके इसलिए आया वक्फ बिल : साक्षी महराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक इमारतों और राष्ट्रीय संपत्तियों पर वक्फ के दावों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। यह बयान उन्होंने संसदीय आवास साक्षी धाम मे बीजेपी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया द्यसाक्षी महाराज ने कहा, ''आजकल वक्फ की ओर से बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। ताजमहल, लाल किला और यहां तक कि संसद भवन को भी वक्फ की संपत्ति बताया जा रहा है। यह बिल इसीलिए लाया गया है ताकि यह सच सामने आ सके कि ये संपत्तियाँ किसकी हैं।'' उनका कहना था कि वक्फ संशोधन बिल का उद्देश्य यही है कि हम इन संपत्तियों के वास्तविक मालिकाना हक को स्पष्ट कर सकें और किसी भी प्रकार की गलतफहमी को दूर किया जा सके।साक्षी महाराज का यह बयान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा बीजेपी को 'सबसे बड़ी भूमि माफिया पार्टी' कहे जाने पर प्रतिक्रिया के रूप में आया। इस पर साक्षी महाराज ने तीखा पलटवार करते हुए कहा, ''नाई के बाल कितने हैं, यह तो खुद ही सामने आ जाएगा।'' यह बयान साफ तौर पर विपक्ष पर तंज था, जो बीजेपी पर आरोप लगाते रहे हैं।इसके अलावा, साक्षी महाराज ने बिहार विधानसभा चुनावों को लेकर भी अहम बयान दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीजेपी बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी, तो उन्होंने कहा, ''हम ताकतवर जरूर हैं, लेकिन अकेले चुनाव लड़ने की सोच नहीं रखते। गक्ठ एकजुट है और सभी सहयोगियों के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ा जाएगा।''कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज बीजेपी विश्व की सबसे बड़ी और सबसे भरोसेमंद राजनीतिक पार्टी बन चुकी है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपाइयों ने अपने-अपने घरों पर लगाया झंडा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। 6 अप्रैल रविवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक राजमणि कोल ने अपने निज निवास पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगाकर जहां स्थापना दिवस मनाया और लोगों को अपने-अपने घरों पर झंडा लगाने के लिए प्रेरित किया, वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारियों में अजीत प्रताप सिंह, राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी समेत भारतीय जनता पार्टी के अधिकांश पदाधिकारी अपने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर झंडा लगाकर स्थापना दिवस मनाया और पार्टी की नीतियों को प्रसारित किया। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। प्रत्येक वर्ष पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष सभी कार्यकर्ता स्थापना दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर झंडा लगाकर पार्टी के कारवां को मजबूत करने का काम किया जो सराहनीय है।

# रामनवमी के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। रामनवमी के शुभ अवसर पर आज कस्बा सहित क्षेत्र के अनेक गांवों से रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई तो वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सज धज कर झांकियां भी निकाली गई।

बताते चले कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महराजगंज कस्बे के रंधावा रोड पर स्थित सुविख्यात भगवान श्री राम के मंदिर परिसर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची जहां शोभा यात्रा में रथ पर सवार राम लक्ष्मण व सीता के किरदार को निभा रहे बच्चों को देखने के लिए विशाल भीड़ उमड़ी। इस मौके पर समाजसेवी विमल रस्तोगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, भाजपा नेता सरोज गौतम, सुधा अवस्थी, शिव कैलाश सोनी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र के अटरेहटा गांव के ठाकुरद्वारा मंदिर से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें पूरे गरीब, पूरे रानी, पूरे सुखई व महराजगंज से होते हुए पूरे सुखई गांव स्थित झांडेश्वर मंदिर परिसर में शोभा यात्रा का समापन हुआ। जिसमें विगत वर्षों की भांति भारी मात्रा में ग्रामीण सहित कस्बे वासी मौजूद रहे और जगह-जगह पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। चैत्र रामनवमी जन्मोत्सव के प्रबंधक रामगोपाल सविता और श्याम किशोर ने बताया कि इस वर्ष में 75 वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। रामनवमी के अष्टमी को राम बाबा दरबार में रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी यह शोभायात्रा दरबार से शुरू होकर पूरे गरीब पूरे रानी पूरे सुखी व कस्बा महराजगंज होते हुए अटरेहटा स्थित राम बाबा दरबार तक जाएगी दशमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे । बैठक में ग्राम प्रधान नीरज कुमार, कृपा शंकर शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, उज्जवल अवस्थी, विकास विश्वकर्मा, अंशु वर्मा, दिलीप कुमार, मृत्युंजय मिश्रा, बाल किशोर दीक्षित, विशाल पासी, श्याम किशोर सहित कई क्रमण्य लोक उपस्थित रहे।

# नवमी पर्व पर निकाली गई देवी देवताओं की भव्य शोभा यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। विकासखंड कोरांव के बरनपुर ग्राम पंचायत में रामनवमी पर्व पर देवी देवताओं की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गांव के सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु ढोल मजीरे की धुन पर नाचते दिखे। शोभा यात्रा के दौरान प्रत्येक घरों पर होम और पूजा की गई। शोभायात्रा को गांव के प्रत्येक मजरों व घरों तक ले जाया गया। इस दौरान शोभा यात्रा का लोगों ने स्वागत भी किया और प्रत्येक घरों से चढ़ोत्तरी भी दी गई। शोभा यात्रा में शामिल सभी लोग हर्षोल्लास के साथ पूरे गांव में घूमें। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से झुन्नीलाल आदिवासी, सत्यभान, लक्ष्मण, भुवर, दिलीप, आजाद, कल्लू आदिवासी बाबू लाल आदिवासी समेत भारी संख्या में बच्चे महिलाएं व गांव के लोग शामिल रहे।

# दुकानदार से सामान लेने के बाद पैसा मांगने पर गुमटी किया आग के हवाले

## पीड़ित दुकानदार ने दबंगों के विरुद्ध दी नामजद दहरीर, जांच में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के बदौआ कला लापर गांव में अपने घर के सामने गुमटी रखकर जीविकोपार्जन कर रहे दुकानदार की गुमटी में दबंगों ने आग लगा दिया। मामले की सूचना पीड़ित दुकानदार के द्वारा पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक कोरांव थाना क्षेत्र के पिपरांव गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र मोहनलाल सिंह बदौआ कला लापर गांव में कोरांव कोहड़ार राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपने घर के सामने पान और चाय की गुमटी रखकर जीविकोपार्जन करता है। मनोज के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि शनिवार को रात 9 बजे के लगभग पड़ोस गांव समलीपुर के रत्नेश दुबे पुत्र संतोष दुबे व अंबुज दुबे पुत्र कमले दुबे अपने दो साथियों रवि तिवारी पुत्र जयशंकर तिवारी व विकास तिवारी पुत्र स्व बब्बू तिवारी निवासी बसुही थाना कोरांव आदि लोग प्रार्थी की दुकान पर आए और खाने के लिए समान मांगे सामान देने के बाद जब मैं पैसा मांगा तो वे लोग गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तुम्हारी दुकान में आग लगा दूंगा। मनोज अपनी दुकान बंद कर जब अपने घर चला गया तो उपरोक्त सभी लोग रात्रि 11:30 बजे के करीब पुनः आए और गाली गलौज देते हुए गुमटी को आग के हवाले कर दिया। जिससे गुमटी पूरी तरह से जलकर राख हो गई। गुमटी में रखा 15 हजार का सामान भी जल कर राख गया। मनोज ने तहरीर में बताया है कि मेरा भतीजा प्रदीप कुमार अपने घर के अंदर से सब कुछ देख रहा था वह अकेला था जिससे बाहर नहीं निकला। भतीजे ने फोन कर मुझे और आसपास के अन्य लोगों को जानकारी दी। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती तब तक गुमटी और उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया था। रविवार को दोपहर बाद एक बजे के करीब पीड़ित मनोज ने दबंगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने घटना का स्थल निरीक्षण कर जांच में जुट गई है।

# हनुमत वाटिका में शक्ति वाटिका के रूप में रोपे गए पौधे




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर पथरताल कोरांव में श्रीराम जानकी मंदिर के स्थापना के आठवीं वर्षगांठ पर श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पं गायत्री प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व में राम दरबार सहित सभी देवताओं का पूजन किया गया।

बहियारी के कलाकारों द्वारा सुंदरकांड पाठ की भव्य प्रस्तुति वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर जन कल्याण के लिए यज्ञशाला में आहूति देकर यज्ञ भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास किया गया। हनुमानजी महाराज की प्रेरणा से सामाजिक वानिकी वन प्रभाग प्रयागराज देवघाट रेंज के सौजन्य से हनुमत वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आस्था के केंद्र स्थलों पर शक्ति वाटिका निर्माण अभियान चलाया जा रहा है। जिस कड़ी में आज हनुमत वाटिका में कुल 5 पौध रोपण किया गया। इसमें वन रेंज के फारेस्ट दरोगा और उनके सहयोगियों की उपस्थिती सराहनीय रही। अभिजित मूहुर्त में भगवान श्री राम का प्राकट्य उत्सव महाआरती कर फल मिष्ठान और खीर पुड़ी का भोग लगाकर भक्तों ने हरि नाम संकीर्तन कर अपने जीवन को धन्य किया।

# गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित इंटास मॉल में सफल क्लिनिक एंड वैलनेस सेंटर का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आज इंटास मॉल, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ में सफल क्लिनिक एंड वैलनेस सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय प्रभुनाथ राय जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय भोजपुरी समाज वेद प्रकाश राय, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय सचिव एवं मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय भोजपुरी समाज, रईस अख्तर (आईपीएस), डॉ राकेश चौधरी जी, डॉक्टर पाण्डेय जी, अमरनाथ मिश्रा अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल एवं पवन मनोचा जी महामन्त्री, आलोक कुमार राय जी आलोक पाण्डेय जी आदि अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, चिकित्सक एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सफल क्लिनिक के प्रबंध निदेशक डॉ. दिलीप वर्मा (एम.डी. मेडिसिन) एवं डॉ. नित्या वर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

डॉ. दिलीप वर्मा जी चिकित्सा क्षेत्र में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं। वे भारतीय रेलवे में वरिष्ठ चिकित्सक के रूप में 20 वर्षों तक सेवा देने के उपरांत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (VRS) लेकर अब लखनऊ में आमजन को समर्पित भाव से उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। यह ट्रांस गोमती क्षेत्र के निवासियों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि इतने अनुभवी एवं संवेदनशील चिकित्सक उनके बीच उपलब्ध हैं। सफल क्लिनिक का एक केंद्र पहले से ही आशियाना में संचालित है, जहाँ स्थानीय निवासियों को अत्यंत संतोषजनक चिकित्सा सेवा प्राप्त हो रही है। डॉ. दिलीप वर्मा एक ऐसे चिकित्सक हैं, जो हर रोगी को केवल मरीज़ नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा मानकर इलाज करते हैं। उनका सेवा भाव और सहृदयता ही उनकी विशेष पहचान है। यह क्लिनिक चिकित्सा सेवा क्षेत्र में एक सशक्त एवं जनोपयोगी पहल के रूप में सराहनीय कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। सफल क्लिनिक एंड वैलनेस सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों और मरीजों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक नई दिशा की ओर अग्रसर है।

# रामनवमी के अवसर पर कन्यापूजन शोभा यात्रा, विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ राजधानी में रामनवमी महापर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं मंदिरों में भक्तों की सुबह से ही भीड़ लगी रही नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिरों में कन्या पूजन के साथ रामनवमी के अवसर पर सुंदरकांड पाठ भजन कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा भक्तों ने मां भगवती व रामलला के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया वही मऊ दुर्गा मंदिर से प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया कालेबीर बाबा मंदिर परिसर में फूलों की होली खेली गई म रविवार को मोहनलालगंज काले वीर बाबा प्रांगण में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर पर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें महिला मंडली द्वारा संगीत मय भजन कीर्तन व सुंदर कांड पाठ हवन पूजन के साथ कन्या पूजन कर भंडारे का विशाल आयोजन किया गया भक्तों ने पहुंच कर प्रभु राम के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया श्री राम के जयकारों से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो उठा इस अवसर पर मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला तहसीलदार रामेश्वर प्रसाद नायब तहसीलदार भानु त्रिपाठी गुरप्रीत सिंह लेखपाल सुशील गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू व प्रदेश प्रभारी विक्रम प्रताप सिंह वैरागी ने मंदिर पहुंचकर प्रभु राम के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर प्रभु श्री राम के जयकारे लगाये जयकारो से पूरा वातावरण राम मय हो गया समिति के प्रबंधक व आयोजक राजकुमार अवस्थी व समिति के महामंत्री राजेश सिंह भंडारी,ने आए हुए सभी राम भक्तों का अंग वस्त्र भेट कर उनका स्वागत किया। भंडारा देर रात तक चलता रहा इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिमेष पांडे , कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव ,धुन्नू मिश्रा , हरेंद्र सिंह ,राजू शुक्ला , मानसिंह ,रामू सिंह , पुजारी गुड्डू द्विवेदी ,दिवाकर सिंह , मंडल अध्यक्ष केके सिंह आशीष गुप्ता यू पी ए एल सहित काफी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया म रामनवमी के अवसर पर मोहनलालगंज के मऊ गांव स्थित दुर्गा मंदिर से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया शोभा यात्रा के दौरान फूलों की होली खेली गई। शोभा यात्रा में पूर्व प्रधान प्रदीप गुप्ता ,,प्राशू गुप्ता ,नीरज गुप्ता , आशीष चतुर्वेदी रंजीत यादव सहित काफी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

## महिंगवा में खाना बनाते समय लगी आग, जेवर सहित गृहस्थी ख़ाक

बीकेटी,लखनऊ। रविवार को महिंगवा थाना क्षेत्र में घर में खाना बनाते समय आग लग गई और आग से एलपीजी सिलेंडर फट गया जिससे घर के चिथड़े उड़ गए वही जब आग पर काबू पाया जाता तब तक मोटरसाइकिल,जेवर सहित लाखों रुपए की गृहस्थी जलकर ख़ाक हो गई,हालाकि गनीमत यह रही कि आग से कोई जनहानि नही हुई।प्राप्त जानकारी के अनुसार महिंगवा थाना अंतर्गत राजकुमार पुत्र छोटे लाल की बेटी नेहा घर पर खाना बना रही थी खाना बनाते समय अचानक आग लग गई और आग की लपटे इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते आग पूरे घर में फ़ैल गई और घर में खड़ी एक मोटरसाइकिल,साईकिल ठेलिया तथा राजकुमार की पत्नी राजकुमारी के जेवर, नगदी सहित लाखों रुपए का सामान जलकर ख़ाक हो गया वही मौके पर फायर ब्रिगेड जब तक पहुंची तब तक लगभग सारी गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी।वहीं मौक़े पर क्षेत्रीय लेखपाल तथा बीकेटी तहसील से कोई भी राजस्वकर्मी नुकसान के आकलन के लिए नही पहुंचा। वहीं महिंगवा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी।

# लोक जनशक्ति पार्टी का चला जोरदार सदस्यता अभियान, पार्टी सैकड़ों नए कार्यकर्ता हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी ने रविवार को लखनऊ के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव में एक भव्य सदस्यता अभियान आयोजित किया, जिसने क्षेत्र में पार्टी की मजबूत मौजूदगी को फिर से साबित किया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष नरेंद्र पासवान ने मुख्य भूमिका निभाई और नए पदाधिकारियों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराकर मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ लोक जनशक्ति पार्टी की सदस्यता ली, जिससे माहौल में जोश भर गया।जिला अध्यक्ष शंभू नाथ गुप्ता ने गर्व से कहा कि पार्टी मोहनलालगंज क्षेत्र के हर गांव में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया, ''हमारा लक्ष्य पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के संदेश को हर घर तक पहुंचाना है। इसके लिए हम नियमित बैठकें कर रहे हैं और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ रहे हैं, ताकि भविष्य में जनता के बीच पार्टी का विश्वास और प्रभाव मजबूत हो सके।'' उनके इस बयान ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरी। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रेरणादायक भाषणों ने सभी का ध्यान खींचा। कार्यकर्ताओं ने इन संबोधनों को ध्यान से सुना और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराया। सैकड़ों नए सदस्यों के शामिल होने से यह स्पष्ट हो गया कि लोक जनशक्ति पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है।इस अभियान के दौरान मोहनलालगंज विधानसभा के ब्लॉक मोहनलालगंज में संगम लाल को ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मनोनयन पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महासचिव मुकेश कुमार गुप्ता, प्रदेश महासचिव शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष मोहनलालगंज अमित मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष गोसाईंगंज रंजीत कुमार पासी, जिला कार्यकारिणी सदस्य आनंद बाबू, सूरज कुमार, भारत पासवान सहित गोसाईंगंज ब्लॉक कार्यकारिणी के कई कार्यकर्ता और सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत मदारीपुर चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट,पूर्व सचिव व प्रधान ने किया लाखों का गबन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीकेटी लखनऊ । एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार भ्रष्ट असफरों से लेकर अधिकारियों तक समय समय पर कार्रवाई करने के निर्देश देते है लेकिन कुछ अधिकारियों और ग्राम प्रधान के अंदर भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि जैसे लकड़ी के अंदर दीमक जो धीरे-धीरे पूरे सिस्टम को ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाकर खत्म किए दे रहा है,मामला लखनऊ के बख्शी का तालाब ब्लॉक के ग्राम पंचायत मदारीपुर के मजरा किशुनपुर का है,जहां पर ग्राम प्रधान व पूर्व सचिव की मिलीभगत से एक गंभीर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है जिसमें गांव में जितेंद्र के घर से तालाब तक नाली व इंटरलॉकिंग का निर्माण कराए बिना ही लाखों रुपए निकाल लिए गए । ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक साल से उनके मोहल्ले में कोई भी इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है।22 फरवरी को इस ग्राम पंचायत के पूर्व सचिव धीरज कुमार यादव जो कि भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित किया गया था,उसके दो दिन पूर्व 20 फरवरी 2025 को लाखों रुपए मटेरियल एवं मजदूरी का फर्म के नाम ट्रांसफर किया गया जोकि जांच का विषय है।

# केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों की हितैषी है पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सांसद डॉ, दिनेश शर्मा ने कहा कि केंद्र की नेतृत्व वाली सरकार अल्पसंख्यकों की हितैषी है पसमांदा मुसलमानों के हक में ही बक्फ संशोधन कानून पारित कराया गया है। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों और जातियों के लोगों को बिना भेदभाव के मिलता है। डॉ शर्मा ने कांधला एवं विद्यालय मैदान जनपद शामली में अलग-अलग आयोजित विशाल रेलिया में पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह के संयोजन में तथा एक अलग कार्यक्रम में महर्षि कश्यप जयंती समारोह के उपलक्ष में आयोजित रैली पूर्व विधान परिषद सदस्य सुरेश कश्यप कर रहे थे को संबोधित करते हुए उक्त विचार प्रकट किए उन्होंने आगे विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए आगे कहा कि विरोधी दलों के नेतागण समाज को बांटने के लिए जनता को बहकाने वाले काम करते हैं। भाजपा की चाहत है कि जनता। वर्ग पंथ और जातियों की भावना से ऊपर उठ कर एकजुटता के साथ सरकार का साथ दें। जिससे जनकल्याण और विकास के कार्यों को गति मिले व देश तेजी से विकास के रास्ते पर बढ़ चले ।अलग-अलग दोनों रेलिया में में उन्होंने सम्मिलित होकर हजारों की संख्या में उपस्थित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान एवं व्यापारी तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के समक्ष संसद में पारित हुए नए बक्फ संशोधन विधेयक के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में कश्यप निषाद समाज के कार्यकर्ताओं के अलावा भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग भी उपस्थित थे डॉक्टर शर्मा द्वारा जब वक्त बोल्ट संशोधन बिल के बारे में विस्तार से बताया गया उन्होंने दोनों हाथ उठाकर मोदी है तो मुमकिन है के नारे लगाएं। वक्ताओं ने अपने अलग-अलग वक्तव्य में केंद्र सरकार से वन नेशन वन इलेक्शन बिल को भी पारित करने की मांग की। डॉक्टर शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री बगैर जाति धर्म का उल्लेख किया सभी के हित के लिए कार्य कर रहे हैं।इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सुनील भराला, सदस्य विधान परिषद मोहित बेनीवाल सदस्य विधान परिषद चंद शर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत मनीष चौहान सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग प्रमुख सैनी योगी सावरकर नाथ महाराज वरिष्ठ भाजपा नेता हरवीर मलिक प्रमुख विनोद मलिक प्रमुख दीपक महामंत्री दामोदर सैनी अनुज राणा पुनीत वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# विहिप ने रामोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल द्वारा चैत्र राम नवमी पर रविवार को शोभा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा सतरिख रोड रामा मोड़ से आरंभ होकर चिनहट के विधायक चौराहा, मल्हौर रोड, सपनेश्वर महादेव मंदिर, एल्डिको तिराहा, चिनहट तिराहा होते हुए चिनहट के ऐतिहासिक राम लीला मैदान पहुंची जहां पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में राम दरबार की झांकी के साथ श्रीराम के ध्वज के संग जयश्री राम, हर हर महादेव और जय हनुमान के जयकारों के साथ नाचते गाते चल रहे थे। इस दौरान रामलला समेत अन्य देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में सड़कों पर श्रद्धालुओं की हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की अगवाई कर रहे हैं

विहिप के अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख नृपेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि अवध प्रांत के पूरब जिला लखनऊ द्वारा यह यात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरुआत प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप जी ने की। कार्यक्रम का संचालन बजरंग दल के विजय बजरंगी ने किया। इस अवसर पर विभाग मंत्री वीरेंद्र प्रताप, लखनऊ पूर्व के जिला मंत्री अमित श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अमित अरोड़ा बजरंग दल जिला संयोजक अखंड प्रताप सहित विहिप एवं बजरंग दल के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लखनऊ जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया भाजपा का 46 व स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ।भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय काकोरी हरदोई रोड स्थित पहिया गांव में कार्यकर्त्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद कार्यकर्त्ताओं के बीच मिठाई बांटी गई तथा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने कहा कि भाजपा अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। 6 अप्रैल 1980 को पार्टी की स्थापना के बाद से भाजपा ने भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म-मानवदर्शन को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। साथ ही पार्टी का अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की। जिला सहकारी बैंक के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 को समाप्त और तीन तलाक व वक्फ बोर्ड बिल को पास होते देखा है। भाजपा हर गांव-बस्ती में जाकर आरक्षण के प्रति लोगों में फैलाई गई भ्रांतियों को दूर करेगी।जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस समारोह 6 से 12 अप्रैल तक जिले में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यालयों और अपने घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण करेंगे। वही जिला अध्यक्ष ने मीडिया के साथ प्रेस वार्ता करते हुए जिला अध्यक्ष ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है कि हर घर हर व्यक्ति को चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ मिले,इसके साथ ही वे सोशल मीडिया पर हैशटैग के साथ सेल्फी लेकर पोस्ट करेंगे। स्थापना दिवस के मौके पर तीन पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह , भिखारी सिंह ,श्रीकृष्ण लोधी, मलिहाबाद विधायिका जय देवी कौशल ,मोहनलालगंज विधायक अमरीश रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष काकोरी रोहित साहू,मंडल अध्यक्ष विपिन राजपूत,नील कमल मौर्य , जिलाउपाध्यक्ष रामविलास रावत,जानकी रावत, सहित समस्त मंडल अध्यक्ष एवं जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकता समेत अन्य भाजपा नेता शामिल हुए।

# चाइल्ड हेल्पलाइन की 18 नई यूनिटों की तैयारी में प्रदेश सरकार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के 18 नई यूनिटों की जल्द शुरूआत करने की तैयारी कर ली है। इसमें नौ यूनिटों को नए रेलवे स्टेशनों पर एवं नौ यूनिटों को बस स्टेशनों पर शुरु करने की तैयारी है। प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा और सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा की नयी यूनिटें कार्य करेगी। उक्त जानकारी मुख्यमंत्री मीडिया सेल ने दिया है। मीडिया सेल के अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) को चाइल्ड हेल्पलाइन मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित किया जाता है। चाइल्ड हेल्पलाइन में बच्चों के सहायतार्थ चौबीस घंटे एक व्यवस्था कार्य करती है। चाइल्ड हेल्पलाइन में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित है तो प्रत्येक जनपद में कुल 75 चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट संचालित है। इसके अतिरिक्त इस वक्त 19 रेलवे स्टेशन यूनिटों एवं दो बस स्टैंड यूनिटों का संचालन हो रहा है।

# कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु के सफल संचालन में लखीमपुर खीरी का नववर्ष अभिनंदन कवि सम्मेलन हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां -सीतापुर । अपने जनपद के लब्धप्रतिष्ठ कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु के सफल संचालन में लखीमपुर खीरी का नववर्ष अभिनंदन कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में धर्म जागरण समन्वय विभाग द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कानपुर से पधारे वरिष्ठ गीतकार राधेश्याम मिश्र ने की। समारोह अध्यक्ष अवधप्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक स्वर्ण सिंह कम्बोज, मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह विशिष्ट अतिथि विभाग प्रचारक अभिषेक जी व पवन कुमार जी ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि व विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिला महामंत्री राजकुमार त्रिवेदी को सम्मानित किया गया। धुवांधार काव्य पाठ करते हुए राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा नव वर्ष में हर्ष मिले सबको इस राष्ट्र को कीर्ति अपार मिले। जिन्हें राष्ट्र की अस्मिता से नहीं प्यार उन्हें तगड़ी फटकार मिले। अयोध्या की तरह मथुरा और काशी अटाला पे भी अधिकार मिले। अपनी इस सनातन संस्कृति की'' मृदु'' विश्व में जय-जयकार मिले।। उन्होंने हिंदू को परिभाषित करते हुए कहा हिंदु महोदधि से ''मृदु'' इंदु सरोवर लौ मशहूर है हिन्दू। सिख जैन सनातन बौद्ध व वैष्णव एक ही ब्रह्म को नूर है हिन्दू। हीन नहीं समझे किसी को और हिंसा से जो रहे दूर वो हिंदू।

हिंदू की हत्या करें जो कोई उसकी करें खोपड़ी चूर वो हिंदू। विजयलक्ष्मी पैलेस के सभागार में देर रात्रि तक चलने वाले इस कवि सम्मेलन में इसके अतिरिक्त संयोजक अनिल अमल, कमल पांडे , कमलकांत तिवारी बरेली, इंदू अजनबी शाहजहांपुर , देवेंद्र दीक्षित शूल सिकंदरा राऊ, धनंजय शाश्वत प्रयाग, योगेश चौहान लखनऊ, संध्या त्रिपाठी ने काव्यपाठ कर कवि सम्मेलन को ऊंचाइयां प्रदान कीं। आयोजक राजीव तिवारी अन्नू भैया अधिवक्ता ने अतिथियों व कवियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम संयोजक अनिल अमल ने आभार प्रकट किया ।

# गैस सिलेंडर लीक होने के कारण फटा गैस सिलेंडर लाखो का समान जलकर हुआ राख

## गृहस्थी साहित जरूरी वस्तुए व हजारो की नगदी जलकर हुई राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। नैमिषारण्य देहात नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामशाला मे लगी आग जिससे गृहस्थी साहित जरूरी वस्तुए व हजारो की नगदी जलकर नष्ट हो गई बताते चले कि ग्राम पंचायत रामशाला निवासी उमेश पुत्र प्रेमशंकर शिवचरन पुत्र प्रेमशंकर शानि पुत्र प्रेमशंकर ओमप्रकाश पुत्र प्रेमशंकर के यहा शनिवार की देर शाम सात बजे घरेलू समान जल गया

जैसे एक भैस जली बेहोशी की हालत मे मोटरसाइकिल भी जलकर हुई राख नगदी मे 40 000 रुपये जलकर हुए राख अलमारी बक्सा किराना की दुकान मे लाखो का समान जलकर हुआ राख सूचना मिलते ही पहुचे लेखपाल सत्येन्द्र वर्मा भी मौके पर पहुंचकर जानकारी प्राप्त कर तहसील प्रशासन को दी ग्रामीणो ने आग पर काबू लिया था ग्राम पंचायत रामशाला प्रधान जगदीश प्रसाद पीड़ित परिवारो के लिए राशन व अन्य इन्तजाम किया घटना स्थल पर पहुंचे लेखपाल मोयजा दिलाने की बात कही ।

# बैंककर्मी जीजा-साले ने फर्जी बीमा पॉलिसी देकर लगाया एक लाख का चूना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के माल गोदाम निवासी अशोक अग्रहरि को बैंक में कार्यरत जीजा-साले की जोड़ी ने एक लाख का चूना लगाया है। मामले का खुलासा पॉलिसी मैच्योरिटी होने के पांच साल बाद हुआ है। मेट लाइफ पॉलिसी का पैसे लेने पंजाब नेशनल बैंक गए तो उन्हें फर्जीवाड़े की जानकारी हुई।पीड़ित ने मंडल अयोध्या स्थित पीएनबी मेट लाइफ कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन संवेदनहीन अफसरों ने कोई कार्रवाई नही की ।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी का घर चौक सब्जी मंडी के पंजाब नेशनल बैंक के सामने सस्थित है। पीड़ित की एक जनरल स्टोर की दुकान है। इसी पी0एन0बी0 बैंक में रिलेशनसिप मैनेजर प्रशान्त सिन्हा व उसके जीजा सन्दीप कुमार वर्मा भी कार्य करते हैं ।बकौल पीड़ित प्रशान्त सिन्हा व उनके जीजा सन्दीप कभी कभार ग्रोसरी का सामान खरीदने के लिए प्रार्थी की दुकान पर आया करते थे। पांच वर्ष पूर्व 10 फरवरी 2019 को जीजा साले की जोड़ी ने प्रार्थी को भरोसे में लेते हुए एक लाख रूपये नकद लेकर चौथे दिन उसकी पी0एन0बी0 मेट लाईफ की पालिसी पेपर दे दिया। प्रार्थी ने उन लोगों से पी0एन0बी0 मेट लाईफ पॉलिसी का पेपर लेकर रख लिया। पांच साल बाद पॉलिसी मिच्योरिटी होने पर प्रार्थी बैंक गया, तो उसे पता चला कि उसके नाम पी0एन0बी0 मेट लाईफ में कोई पॉलिसी नहीं है।यह धोखाधड़ी सुनकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने जीजा साले को फोन लगाया तो नम्बर बन्द बताने लगा।पीड़ित अशोक अग्रहरि ने एक प्रार्थना पी0एन0बी0 मेट लाईफ के फैजाबाद ऑफिस में दिया, लेकिन वहाँ पर कोई कार्यवाही नहीं हुई ।थक हार कर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अशोक कुमार अग्रहरि बनाम प्रशान्त सिन्हा आदि के प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-173 (4) के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या-16 ने विद्वान अधिवक्ता अमित पांडेय के तर्कों से सहमत होकर निरीक्षक नगर कोतवाली को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

## 90 हजार में गिरवी रखा जेवर 2 लाख 40 हजार देने के बाद भी सर्राफा व्यापारी ने जेवर देने से किया मना

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चुडैला बंजरिया की रहने वाली गोमती देवी पत्नी स्वर्गीय जोखे लाल ने बताया। कि उसके पुत्र श्यामा चरन ने पाँच साल पूर्व गजरौला कला के सर्राफा व्यापारी सतीश के पास में अपनी पत्नी का जेवर गिर्मी डाला था। जिसमें दो हसली चांदी की वजन एक किलोग्राम, 1 हमेली चांदी की, दो पोची चांदी की जिसमें 18 दाने 4-4 लरिया है। एक जोडी पायल चांदी की, 3 सोने की मोहरे 90 हजार मे गिरवी रखी थी। जिसमें 2 लाख 40 हजार रुपए ब्याज सहित जमा कर दिया था। श्यामाचरन की आचानक दिनांक 28-9-2024 को मृत्यु हो गई थी। एक महिने बाद गजरौला के सुनार सतीश की दुकान पर जब परिवार के लोगों ने पहुचकर हिसाब कर जेवर देने की बात कही। इस सर्राफा व्यापारी ने एक हफ्ते बाद जेवर देने की बात कही पर अब वह टालमटोल कर जेवर देने से मना कर रहा है। शिकायत पर पुलिस ने सर्राफा व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आवास पर भाजपा का झंडा फहराया

महराजगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अपने धनेवा धनेई स्थित आवास पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी का झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा के गौरवशाली इतिहास, सिद्धांतों और देशहित में किए गए कार्यों को याद करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

पंकज चौधरी ने अपने संबोधन की शुरुआत पार्टी के संस्थापकों को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह सफर राष्ट्रहित और विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं की कठिन तपस्या का परिणाम है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक के संघर्षों और पार्टी के विकास यात्रा के अहम पड़ावों की चर्चा करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि एक ऐसा संगठन बन चुकी है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने गरीबों और वंचितों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का असली बल उसका कार्यकर्ता है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करें और अधिक से अधिक लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब देश प्रगति की ओर बढ़ रहा है, तब कुछ दल नकारात्मक राजनीति में लगे हैं। भाजपा का लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत है और इसमें हर कार्यकर्ता को एक सैनिक की भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि मूल्यों की पुनः स्मृति और सेवा भावना को जगाने का अवसर है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, सानंदन पटेल, अमरनाथ पटेल, वीरेंद्र चौहान, शैलेश पाण्डेय, मनोज राय, संतोष और जगदीश मिश्रा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 9वीं वाहिनी पीएसी परिसर में स्विमिंग पूल का शुभारंभ

मुरादाबाद। जिले में 9वीं वाहिनी पीएसी के परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन ऋतु में स्विमिंग पूल का शुभारंभ रविवार को किया गया। सेनानायक डॉ ख्याति गर्ग ने फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर तरणताल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्विमिंग पूल पर पूजा अर्चना कर नारियल भी फोड़ा।

कमांडेंट डॉ ख्याति गर्ग ने बताया कि स्विमिंग पूल का आज पुलिस उपमहानिरीक्षक शालिनी को करना था, लेकिन किसी कारणवश वह नहीं आ पाई इसीलिए उन्होंने तरणताल का विधिवत शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन समय में आम लोग इसमें स्विमिंग सीखते हैं व अभ्यास भी करते हैं। इसके अलावा पीएसी के अधिकारी, कर्मचारी और पीएसी की टीम तरणताल में अभ्यास करती है और प्रत्येक वर्ष होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करती है।

तरणताल के शुभारंभ के मौके पर कुशल प्रशिक्षकों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पीएसी वाहिनी के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# गौरी देवी मंदिर में महा आरती हवन तथा भंडारे के साथ अभिषेक गुप्ता ने विधि विधान से किया कन्या पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद । खैराबाद ।नगर क्षेत्र के मोहल्ला भूलनपुर में स्थित सैकड़ो वर्ष प्राचीन मां गौरी देवी मंदिर में चल रही नवदिवसीय श्रीमद भागवत कथा महागौरी जी की आरती हवन तथा भंडारे के साथ संपन्न हो गई आज रामनवमी के दिन प्रातः काल ही गौरी देवी मंदिर में प्रथम कथा की समाप्ति के उपरांत कन्या भोज का आयोजन मंदिर समिति के द्वारा किया गया जिसमें कन्याओं को भोजन प्रसाद पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता तथा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा समाजसेवी अभिषेक गुप्त के द्वारा कराया गया इसके उपरांत हर वर्ष की भांति विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर समिति के द्वारा किया गया मंदिर परिसर में मां गौरी देवी के समक्ष बने विशाल हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने हवन किया तथा बीती रात सैकड़ो श्रद्धालुओं के द्वारा एक साथ सैकड़ों दीपक लेकर महागौरी जी की आरती की गई तथा जगत कल्याण हेतु जगत जननी माता गौरी से प्रार्थना की गई इस अवसर पर आज रामनवमी के दिन मंदिर परिसर तथा नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर घरों में प्रभु श्री राम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया अंतिम दिन की कथा में नैमिषारण्य के कथा व्यास दिलीप कुमार मिश्र ने कहा कि मानव जन्म परोपकार करने के लिए हुआ है तथा 84 लाख योनियों में यह मानव जन्म श्रेष्ठ है तथा बहुत ही मुश्किल से प्राप्त होता है हम सभी को अपना जीवन परोपकार हेतु समर्पित करना चाहिए उन्होंने कहा कि वृक्ष कभी भी अपना फल नहीं खाते हैं ना ही नदिया स्वयं अपना पानी पीती है इसी तरह परमार्थ के कारण ही मानव जन्म हुआ है तथा परमार्थ के समान इस संसार में दूसरा कोई पूर्ण नहीं है तथा यही मानव धर्म है उन्होंने कहा कि दूसरों को कष्ट पहुंचाना पीड़ा पहुंचाना इससे बड़ा कोई अधर्म नहीं है मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र तथा प्रबंधक अवधेश मिश्रा ने बताया कि आज प्रातः 8:00 बजे से कन्या भोज से प्रारंभ हुआ भंडारा हर वर्ष की भांति देर रात तक माता रानी की इच्छा के अनुसार

## 1100 कन्याओं का अभिषेक गुप्ता ने सपरिवार की विधि विधान से पूजन अर्चन कर कन्या भोज

आयोजित किया जाएगा भंडारे में प्रदेश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु आकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु थाना अध्यक्ष अनिल सिंह पूर्व सांसद राजेश वर्मा अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त अभिषेक गुप्त श्रीमती बेबी गुप्ता वीरेंद्र मिश्रा देवेंद्र मिश्र संदीप मिश्रा कुलदीप मिश्रा और अरविंद मिश्रा आदित्य जयसवाल अनिरुद्ध श्रीवास्तव बाबा राजेंद्र प्रसाद आलोक बाजपेई पुलिस सिंह प्रहलाद शास्त्री दोष शास्त्री सुधीर कुमार गौड़ अनिल गॉड पूर्णिमा मिश्रा अर्जित मिश्रा माया गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता रेखा मिश्रा इस्मिता मिश्रा सहित हजारों श्रद्धालु भंडारे में मौजूद थे।

# मौसेरे भाई की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

कूरेभार/सुलतानपुर। रविवार सुबह कूरेभार थाना क्षेत्र स्थित धर्मदासपुर गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। मामूली कहासुनी के बाद एक युवक ने अपने ही मौसेरे भाई की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक,ल आरोपी रजनू पुत्र जयसू अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर गांव के एक बाग की ओर जा रहा था। वहीं बाग में पहले से बैठे गुलफाम पुत्र स्व. भोकन ने उसे टोका, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ी कि रजनू ने गुस्से में आपा खो दिया और गुलफाम पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। हमले इतने गंभीर थे कि गुलफाम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात के बाद आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत, एसओ कूरेभार शारदेंदु दुबे और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार, आरोपी रजनू का आपराधिक इतिहास रहा है। वह एक साल पहले ही जेल से रिहा हुआ था और पूर्व में देवरिया में पुलिस टीम पर हमले का आरोप भी उस पर लग चुका है। फिलहाल पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक गुलफाम अपने पीछे पत्नी रूबी और एक साल के मासूम बेटे आसिफ को छोड़ गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। इसी को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल की तैनाती की है। थाना प्रभारी शारदेंदु दुबे ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कानपुर में सरसैया घाट स्थित राम जानकी मंदिर में जिलाधिकारी ने मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्री राम की प्रतिमा का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की का छायाचित्र

कानपुर। कानपुर में रविवार को रामनवमी के शुभ अवसर पर सरसैया घाट स्थित राम जानकी मंदिर में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्रतिमा का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने जनपद वासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख, समृद्धि व शांति की कामना की।

# सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के आदर्श प्रेरक है हमारे प्रभु श्रीराम : महंत देवेशाचार्य जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर में संस्थापकाध्यक्ष कर्मयोगी पंडित रामकिशोर त्रिपाठी की 101वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। तुलसी और रामकिशोर त्रिपाठी की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण करने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में भगवान श्रीराम के जन्म और जीवन पर केंद्रित गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंथ देवेशाचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीराम भारतीय संस्कृति के कीर्ति स्तंभ है। जन जन के हृदय में रमण करने वाले राम हमारे राष्ट्र के प्राणविंदु हैं। उन्होंने कहा कि राम का चरित्र मानव जीवन में पग पग पर कल्याणकारी है। हिन्दु धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनः र्स्थापना के लिये भगवान विष्णु ने मृत्यु लोक में श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। श्रीराम चन्द्र जी का जन्म चैत्र शुक्ल की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में रानी कौशल्या की कोख से, राजा दशरथ के घर में हुआ था। इस पर्व के साथ ही माँ दुर्गा के नवरात्रों का समापन भी होता है। हिन्दू धर्म में रामनवमी के दिन पूजा अर्चना की जाती है। रामनवमी का सनातन धर्म में विशेष धार्मिक और पारंपरिक महत्व है जो हिंदू धर्म के लोगों के द्वारा पूरी भक्ति, आस्था एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान विष्णु के अवतार श्रीराम का धरती पर अवतार लेने का एकमात्र उद्देश्य अधर्म का नाश कर धर्म की पुनः स्थापना करना था जिससे सामान्य मानव शांति, प्रेम एवं सुख के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके, साथ ही भगवान की भक्ति कर सके। उन्हें किसी प्रकार का दुःख या कष्ट न सहना पड़ें। भगवान श्रीराम अविनाशी परमात्मा हैं जो सबके सृजनहार व पालनहार हैं। दरअसल श्रीराम के लोकनायक चरित्र ने जाति, धर्म और संप्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया। भारत में ही नहीं, दुनिया में श्रीराम अत्यंत पूज्यनीय हैं और आदर्श पुरुष हैं। थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि कई देशों में भी श्रीराम आदर्श के रूप में पूजे जाते हैं। श्रीराम केवल भारतवासियों या केवल हिन्दुओं के मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं हैं, बल्कि बहुत से देशों, जातियों के भी मर्यादा पुरुष हैं जो भारतीय नहीं। रामायण में जो मानवीय मूल्य दृष्टि सामने आई, वह देशकाल की सीमाओं से ऊपर उठ गई। वह उन तत्वों को प्रतिष्ठित करती है, जिन्हें वह केवल पढ़े-लिखे लोगों की चीज न रहकर लोक मानस का अंग बन गई। इंडोनेशिया जैसे मुस्लिम राष्ट्र में नागरिक रामलीला का मंचन करते हैं तो क्या वे अपने धर्म से भ्रष्ट हो जाते हैं ? इस मुस्लिम देश में रामलीलाओं का मंचन भारत से कहीं बेहतर और शास्त्रीय कलात्मकता, उच्च धार्मिक आस्था के साथ किया जाता है। ऐसा इसलिये संभव हुआ है कि श्रीराम मानवीय आत्मा की विजय के प्रतीक महापुरुष हैं, जिन्होंने धर्म एवं सत्य की स्थापना करने के लिये अधर्म एवं अत्याचार को ललकारा। इस तरह वे अंधेरों में उजालों, असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई के प्रतीक बने। विशिष्ट अतिथि सत्यपथ फाउंडेशन के सी. ई. ओ. विवेक तिवारी ने कहा कि राम हमारे आदर्श हैं। उनका संघर्षमय जीवन हमारे समाज के प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत प्रेरणास्पद है। श्रीराम न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के प्रेरक है, पालनहार है। भारत के जन-जन के लिये वे एक संबल हैं, एक समाधान हैं, एक आश्वासन हैं निष्कंटक जीवन का, अंधेरों में उजालों का। भारत की संस्कृति एवं विशाल आबादी के साथ दर्जनभर देशों के लोगों में यह नाम चेतन-अचेतन अवस्था में समाया हुआ है। यह भारत जिसे आर्यावर्त भी कहा गया है, उसके ज्ञात इतिहास के श्रीराम प्रथम पुरुष एवं राष्ट्रपुरुष हैं, जिन्होंने सम्पूर्ण राष्ट्र को उत्तर से दक्षिण, पश्चिम से पूर्व तक जोड़ा था। दीन-दुखियों और सदाचारियों की दुराचारियों एवं राक्षसों से रक्षा की थी। सबल आपराधिक एवं अन्यायी ताकतों का दमन किया। सर्वोच्च लोकनायक के रूप में उन्होंने जन-जन की आवाज को सुना और राजतंत्र एवं लोकतंत्र में जन-गण की आवाज को सर्वोच्चता प्रदान की। श्रीराम ने ऋषि-मुनियों के स्वाभिमान एवं आध्यात्मिक स्वाधीनता की रक्षा कर उनके जीवन, साधनाक्रम एवं भविष्य को स्वावलम्बन एवं आत्म-सम्मान के प्रकाश से आलोकित किया। इस मायने में श्रीराम राष्ट्र की एकता के सूत्रधार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रेरक है, इसीलिये

## श्रीराम नवमी पर संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर कर्मयोगी पंडित स्व. रामकिशोर त्रिपाठी की 101वीं जयंती पर हुई आयोजित।

श्रीराम मन्दिर लोकतंत्र का भी पवित्र तीर्थ होगा। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय उर्फ बजरंगी ने कहा कि राम मानवता के अप्रतिम पुजारी थे। उनका समस्त जीवन उदात्त कर्म का संदेश देता है। प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि राम मानवीय मूल्यों के जीवंत प्रतीक हैं। वे हमारे लिए परम अनुकरणीय हैं। उपप्रबंधक डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने राम को जीवन मूल्यों का परम संरक्षक बताया। गोष्ठी को प्राचार्य प्रो. आर. एन. सिंह, अब्दुल हमीद, डॉ. अजय कुमार तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. सतीश सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र तिवारी, डॉ. मदन मोहन सिंह, डॉ. ओंकारनाथ नाथ द्विवेदी, डॉ. गौरव त्रिपाठी, अब्दुल रशीद, डॉ. सुशील कुमार पांडेय, डॉ. जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, संजय तिवारी, मनीष तिवारी, पत्रकार श्याम चन्द्र श्रीवास्तव, रमाकांत बरनवाल, विजय गिरी, पत्रकार अम्बरीष मिश्रा, प्रो. यस. बी. सिंह, डॉ. विजय कुमार तिवारी, डॉ. कीर्ति कुमार पांडेय, रीतेश दुबे, डॉ. महिमा सिंह, डॉ. बन्दना मिश्रा, डॉ. कुमुद राय, डॉ. जीनत रफीक, डॉ. रवींद्र मिश्र, डॉ. सुरेन्द्र प्रताप तिवारी, दीपक तिवारी, डॉ. करुणेश प्रकाश भट्ट, संजय मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा सहित दर्जनों गणमान्य लोग एवं सैकड़ों छात्र व छात्राएं उपस्थित रही।

# साखोपार कोटेश्वरी माता स्थान पर श्रद्धालुओं ने किया पूजन-अर्चन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम साख़ोपार स्थित सिद्ध पीठ बन देवी कोटेश्वरी माता स्थान पर श्रद्धालुओं ने दर्शन, पूजन किया और परिवार की खुशहाली की मिन्नत की।

ग्राम साख़ोपार में दो स्थानों पर माता की पिंडी है। एक कोटेश्वरी माता की दूसरा काली मां की पिंडी है। चैत्र और शारदीय नवरात्र में यहां दूर दूर से भक्तगण दर्शन पूजन के लिए आते हैं। शनिवार की शाम को घरों में महिलाओं ने नवमी माता का पूजन अर्चन किया। आज रविवार की सुबह श्रद्धालुओं ने कड़ाही चढ़ाया और माता भगवती को टिक्कर व गुड चढ़ाकर छाक दिया। सुबह से देर रात तक यहां भक्तों का आना जाना लगा रहा। भखौती करने वाली महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ खोइंच्छा भराई की। मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने पशुओं की बली भी दी। मान्यता है कि कोट की माता रैंकवार क्षत्रिय वंश की कुल देवी हैं। एबीपीएसएस प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, प्रदेश के बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सदस्य अभय प्रताप नारायण सिंह, पीयूष प्रताप नारायण सिंह, ग्राम प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह, अधिवक्ता कुशल प्रताप नारायण सिंह, सत्यम प्रताप, शिवम सिंह, सुंदरम सिंह, भुवनेश, सुरजदेव सहित पूरे परिवार के सदस्यों ने अपने कुल देवी का पूजन कर आरती उतारी।

# समाज को जोड़ने और संस्कार देने का माध्यम है श्रीराम कथा: विधायक

## रामकथा के सातवें दिन मानस कोकिला विजय लक्ष्मी शुक्ला ने किया भाव प्रवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। फाजिलनगर क्षेत्र के लवकुश पश्चिमपट्टी पांडेय टोला में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन मानस कोकिला पंडित विजय लक्ष्मी शुक्ला ने रामायण की गूढ़ बातों को सरल व मार्मिक भाषा में श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। कथा में उन्होंने भगवान श्रीराम के प्रति भरत और हनुमान जी के त्याग, प्रेम और समर्पण की भावुक प्रसंग को विस्तार से सुनाया।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के सबसे प्रिय भक्तों में हनुमान और भरत दोनों का स्थान सर्वोपरि है। हनुमान जी ने सोचा कि मैं प्रभु श्रीराम के प्रति इतना प्रेम और त्याग दिखाऊं कि मैं भरत से भी दुगुना प्रिय बन जाऊं। लेकिन जब उन्होंने भरत के त्याग, तपस्या और समर्पण को देखा तो उन्होंने मन ही मन सोचा कि यदि मैं भरत के समान भी बन जाऊं, तो यही मेरे लिए प्रभु की कृपा होगी। श्रीराम ने स्वयं कहा, तुम मम प्रिय भरतहि सम भाई, अर्थात तुम मुझे भरत के समान प्रिय हो। कथा के शुभारम्भ से पूर्व व्यासपीठ का विधिवत पूजन कर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर कथा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कार देने का माध्यम भी है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, अमलेश तिवारी, महेंद्र शर्मा, अभिषेक तिवारी बिट्टू, पूर्व मंडल महामंत्री राणा प्रताप मिश्र, डॉ. विकेश मिश्र, सिद्धेश्वर मिश्र, जनार्दन मिश्र, बनारसी प्रसाद, विद्यार्थी प्रसाद, सोनू पांडेय, नन्हे पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल भक्ति और श्रद्धा के वातावरण से सराबोर रहा।

# स्वस्थ्य रहने के लिए हर व्यक्ति को शुद्ध जल की आवश्यकता : राजेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड संख्या 22 महंथ अवैद्यनाथ नगर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित आर वीक वाटर बोतल फैक्ट्री का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव ने फीता काटकर किया।

रविवार को बोतल बंद मिनरल वाटर के उद्घाटन के पश्चात फैक्ट्री का निरीक्षण करते हुए सपा नेता श्री राव ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए हर व्यक्ति को शुद्ध जल की आवश्यकता होती है। इस आधुनिक इकाई के चालू हो जाने से लोगों को जहां गुणवत्तायुक्त पानी उपलब्ध होगा वहीं रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। फैक्ट्री के प्रबंधक विक्रांत शर्मा ने बताया कि यह इकाई गोरखपुर मंडल में अपने तरह की पहली इकाई है। विवाह के अवसरों पर बर - कन्या के नाम से बोतल बंद पानी की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही होटलों, प्रतिष्ठानों को उनके नाम के लेबल लगाकर पानी की बोतल आपूर्ति की जाएगी। इस दौरान जनार्दन शर्मा, दिनेश यादव, अरबाज आलम, धर्मेन्द्र शर्मा, अनिल सिंह, गुड्डू सिंह, सूरज यादव, अनुज सिंह, मनोज कुमार चौरसिया, सूर्य प्रताप शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अब तक नहीं दर्ज हुआ हिस्ट्रीशीटर होटल संचालक के खिलाफ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के कसया थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे के किनारे अवैध रूप से संचालित होटल में बीते दिनों एक युवक की बेरहमी से की गयी पिटाई के बाद हुई मौत के मामले में होटल संचालक के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नही की गयी। चर्चा - ए-सरेआम है कि हिस्ट्रीशीटर होटल संचालक ने इस मामले को मैनेज करने के लिए खाकी पर लाखो रुपये लुटाये है यही वजह है कि अब तक इस मामले मे न तो अवैध होटल संचालक पर मुकदमा दर्ज हुआ और न ही कोई कार्रवाई की गयी।

बतादे कि कसया थाना क्षेत्र के परेवाटार निवासी 22 वर्षीय बहाउद्दीन कुरहवां गांव के रहने वाले अपने दोस्त संदीप गुप्ता के साथ मंगलवार की शाम को कसया कस्बे में हाईवे के किनारे संचालित वेलकम होटल में गया था। आरोप है कि होटल में कार से कुछ लोग आए और बहाउद्दीन की पिटाई करने लगे और तब तक बेरहमी से मारते-पीटते रहे जब तक वह मरणासन्न अवस्था में नही पहुच गया। इसके बाद उन युवको ने बहाउद्दीन को बुरी तरह से घायल अवस्था मे होटल के बाहर छोडकर फरार हो गये। ऐसी चर्चा है कि बहाउद्दीन को मारने-पीटने मे उन युवको के साथ अवैध रूप से होटल का संचालन करने वाला हिस्ट्रीशीटर भोला राय भी शामिल था, जो घटना के बाद फरार हो गया था। घटना की जानकारी किसी ने घरवालों को दी। वह कसया के लिए चल दिए। इसी दरम्यान बहाउद्दीन को लेकर वापस जा रहा संदीप से बेलवा गांव के सामने घरवालों की मुलाकात हो गई। परिजन बहाउद्दीन को अपने साथ ले गए। घर पहुंचने के बाद बहाउद्दीन के पेट में दर्द होने लगा और वह चीखने-चिल्लाने व दर्द से छटपटाने लगा, उसे उल्टी भी होने लगी। यह देख घरवाले घबडा गये परिजन आनन-फानन मे घायल बहाउद्दीन को एक निजी चिकित्सक के पास ले गए जहां इलाज कराकर बहाउद्दीन को घर वापस लेकर आये, इसके बाद भी उसके पेट का दर्द कम नहीं हुआ और उसकी मृत्यु हो गई। पिता हसमुद्दीन ने कसया पुलिस को तहरीर देकर पिटाई से पेट में चोट लगने से बेटे की मौत होने की शिकायत की थी। दूसरी ओर बताया जाता है कि अवैध रुप से संचालित जिस वेलकम होटल में मारपीट हुई है, उसके संचालक भोला राय पर कई गंभीर केस दर्ज हैं और वह हिस्ट्रीशीटर भी है लेकिन कसया थाने की पुलिस से उसकी अच्छी पैठ है। इसके चलते उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नही की जाती है। शहर में इस बात की चर्चा जोरो पर है कि पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए होटल संचालक भोला राय ने कसया पुलिस को लाखो रुपये देकर मामले को मैनेज किया है इस बात में कितनी सच्चाई है यह निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

## माता सिद्धिदात्री की पूजा के साथ नवरात्र का हुआ पूर्णाहुति

कुशीनगर। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रविवार को देवी के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन किया। हवन और भंडारे का आयोजन किया। गया। देवी मंदिरों में मेले का आयोजन हुआ। खन्हवार मंदिर, जल्पा देवी मंदिर, धर्मसमधा मंदिर, खिरकिया मंदिर, लखरांव मंदिर, बुढ़िया माता मंदिर, गायत्री माता मंदिर, दुर्गा मंदिर, हठी माता मंदिर, चेड़ा देवी मंदिर, सिंहासनी देवी मंदिर, दुबौली माता मंदिर, मैनपुर कोट, कुलकुला स्थान सहित सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। शहर के लखराव मंदिर पर मेला का आयोजन किया गया। यहां स्थापित शायरी माता का लोगों ने पूजन अर्चन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्र के अंतिम दिन पडरौना सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा कर मां भगवती के चरणों में मत्था टेका और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर प्रांगण माँ के जयकारे के साथ भक्तिगीतों से गूंजायमान रहा। पडरौना के बलुचहां स्थित लखरांव मंदिर में मेले का आयोजन हुआ।

# लखराव शायरी माई की शोभा यात्रा सकुशल संपन्न, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर। पडरौना नगर से सटे शायरी माई के स्थान पर प्रत्येक वर्ष चैत्र रामनवमी को लगने वाला मेला रविवार को पुलिस के कड़े पहरे के बीच सकुशल संपन्न हो गया। इस दौरान बच्चे,बूढ़े महिलाएं भारी तादाद में उपस्थित होकर माई के स्थान पर पूजन अर्चन किए उसके पश्चात मेले का लुफ्त उठाया,पूरा क्षेत्र माता की जय जयकारों से भक्ति में हो चला था। माई की अतीत की कहानी काफी गौरवशाली और प्रभावपूर्ण होने के साथ ही आध्यात्मिक भी है। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई सभी मुरादें माई पूरी करती हैं। प्रत्येक वर्ष कमेटी के सदस्यों द्वारा माता की प्रतिमा को आज ही के दिन बदल दिया जाता है। शायरी माता का स्थान पडरौना नगर से देवरिया पांडेय जाने वाली रोड पर स्थित है,सुबह से दुकानदार सहित भक्तों की भारी भीड़ चालू हो गया था। बच्चे बुजुर्ग महिलाएं माई के स्थान पर पहुंच कर पहले कपूर अगरबत्ती जलाकर पूजन अर्चन किए,इसके बाद मेले का लुफ्त उठाया,माई के स्थान पर देर रात तक भक्तों द्वारा पूजन अर्चन चलता रहा। मान्यता है कि माई सच्चे मन से मांगी गई सभी मुरादें पूरी करती हैं। मेले में सिसवा मठिया भटवलिया,तिलक पट्टी, माघी बिशनपुरा,रतनवां, सिरसिया दीक्षित, पगारा,देवरिया पांडे,कंाता राय मठिया, अहिरौली आदि गांव से चलकर भारी तादाद में भक्तजन माई के दरबार में पहुंचे और पूजा करने के पश्चात मेले का भी जमकर लुफ्त उठाया। माता की प्रत्येक वर्ष गज प्रतिमा को बदल दिया जाता है। जो बलोचहां और केवल छपरा से माई का डोला पत्रकार विनय उपाध्याय की देखरेख में माता का जुलूस निकला जो पडरौना नगर भ्रमण करने के बाद माता के मंदिर में पहुंचा जहां मंत्रोच्चार के साथ पंडितों ने माई के गज प्रतिमा को स्थापित कराया.पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो चला था । इस दौरान विनय उपाध्याय,हरीशचंद्र उपाध्याय,विपिन उपाध्याय, रामकृपाल यादव,बलवंत यादव, अखिलानंद उपाध्याय,अभय, जिला प्रचारक मनीष जायसवाल बुलबुल,चिंटू जायसवाल, सदाशिव मणि त्रिपाठी,सतीश कुमार,योगेंद्र यादव आदी लोग मौजूद रहे ।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

घुघली/महराजगंज। रविवार सुबह 8:00 बजे जखीरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत बारीगांव चौराहे पर नहर के पुलिया के नीचे संदिग्ध परिस्थिति में एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह जखीरा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन के साथ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी शव की पहचान कुशीनगर जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गजरा निवासी मनीष पाण्डेय पुत्र भभूति पाण्डेय 35 के रूप में हुई है इस संबंध में घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया की बारी गांव में अज्ञातवास मिलने की सूचना पर मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचा था शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रामराज्य की अवधारणा हो रही साकार : रवि किशन

## रामनवमी पर सांसद रवि किशन ने किया कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्योत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर गोरखपुर के सांसद और लोकप्रिय अभिनेता रवि किशन शुक्ला ने आज श्रीगोरखनाथ मंदिर पहुंचकर महायोगी बाबा गोरखनाथ का विधिविधान से दर्शन-पूजन किया। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से परिपूर्ण वातावरण में उन्होंने गोरक्षपीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इसके पश्चात सांसद रवि किशन ने अपने निवास पर नवदुर्गा स्वरूपा कन्याओं का पारंपरिक पूजन किया। उन्होंने ससम्मान कन्याओं के पांव पखारे, तिलक लगाया, चुनरी ओढ़ाई, उन्हें स्वादिष्ट भोजन परोसा और उपहार एवं दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। पूरे आयोजन में मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और संस्कृति के मूल्यों का अनुपम संगम दिखाई दिया। इस अवसर पर सांसद रवि किशन ने देशवासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, मर्यादा, न्याय और कर्तव्य की प्रतीक है। यह दिन हमें प्रभु श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेने का संदेश देता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा आज देश और प्रदेश में *'रामराज्य' की अवधारणा* को साकार रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी जी की कर्मठता से राष्ट्रहित में एक सुव्यवस्थित, सशक्त और सांस्कृतिक भारत का निर्माण हो रहा है। सांसद रवि किशन ने मातृशक्ति के उत्थान को भाजपा सरकार की प्राथमिकता बताया और कहा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं ने महिलाओं को न सिर्फ सम्मान दिलाया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर किया है। आज भारत की नारी सिर्फ देवी का रूप नहीं, बल्कि बदलाव की प्रतिनिधि भी बन चुकी है। प्रभु श्रीराम और माता जगदम्बा की कृपा से सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो और भारत, 'रामराज्य' की राह पर अग्रसर रहे।

# गायत्री चेतना केंद्र पर हुआ नवरात्र की पूर्णाहुति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज, हरिद्वार के सतत मार्गदर्शन में राप्तीनगर क्षेत्र के गायत्री चेतना केंद्र, गणेशपुरम पर नवरात्र का पूर्णाहुति गायत्री यज्ञ मुख्य यजमान राम लखन श्रीवास्तव के द्वारा पूजन कर वरिष्ठ परिव्राजक इंदल सिंह के द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से करके प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर विशेष प्रार्थना करते हुए शक्ति माँ महाकाली, माँ महालक्ष्मी, माँ महासरस्वती के वैदिक मंत्रों से आहुति प्रदान कर जन जन के स्वस्थ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रार्थना किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ परिव्राजक इंदल सिंह ने बताया कि इस दिन भगवान राम की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक पुराणों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम ने माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया था। भगवान श्री राम का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में हुआ था।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकार सुनील मणी त्रिपाठी को अंगवस्त्र एवं पूज्य गुरुदेव की लिखित पुस्तक गुरुवर का धरोहर देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने किया। अंत मे मुख्य ट्रस्टी दीना नाथ सिंह ने यज्ञ में उपस्थित देवतुल्य भाई बहिनों का आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

# श्रीराधा कृष्णधाम मन्दिर पर मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । चैत (वासंतिक) नवरात्र की नवमी तिथि रामनवमी को पादरी बाजार के जेल बाई पास रोड सरस्वतीपुरम कॉलोनी स्थित श्रीराधा कृष्णधाम मन्दिर पर श्रीराम जन्मोत्सव सोहर,बधैया व भक्तिगीतों के साथ बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया । मन्दिर के मुख्य पुजारी आचार्य अर्जुन शुक्ल ने इस अवसर पर बताया कि जब जब असुरों ने धर्म को हानि पहुचाई , धर्म पर संकट मंडराया और सज्जनों पर कहर बरसाया गया उस समय भगवान किसी न किसी रूप में पृथ्वी पर अवतार लेकर असुरों का विनाश किया व सन्तो की रक्षा किया । दोपहर 12 बजते ही आचार्य जी ने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा अर्चना की । प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया गया ।

# सुशासन व जन कल्याण को समर्पित है भाजपा : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने झंडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा की स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में पार्टी का झंडा फहराने के अवसर पर सांसद रविकिशन, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अच्युतानंद शाही, अजय श्रीवास्तव, ऋषि मोहन वर्मा, बृजेश सिंह छोटू समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा के स्थापना दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिये सीएम योगी ने कहा, 'भारत की माटी से जुड़कर, भारत के महापुरुषों और भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए 'राष्ट्र सर्वोपरि' के भाव के साथ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित, विश्व के विशालतम राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित, राष्ट्रनिष्ठ, लोकनिष्ठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!' एक्स पर एक दूसरे पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, 'राष्ट्र प्रथम' भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन-कल्याण को समर्पित भारतीय जनता पार्टी का ध्वज मेरा गौरव, मेरी प्रेरणा है। आज भाजपा के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर मेरा सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि अपने घर/कार्यालय पर भाजपा के ध्वज को फहराएं और हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत के साथ अपनी सेल्फी पोस्ट करें। यह भाजपा के उन सभी महान विभूतियों को श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है।

## सीएम ने नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों को किया रवाना



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के पावन अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गोरखनाथ मंदिर से नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों (प्रदर्शनी मोबाइल वैन) को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरूकता वाहन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के सहयोग से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग द्वारा चलाए जा रहे हैं। वाहनों को रवाना करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज की तरफ से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया और उन्हें संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से लाए शिव बाबा के प्रसाद को भेंट किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य आगामी दो सालों में प्रदेश के सभी जिलों में अधिक से अधिक गांवों में मोबाइल वैन में लगे ऑडियो वीडियो प्रदर्शनी से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करना है। गोरखनाथ मंदिर में जागरूकता वाहनों की रवानगी के दौरान शाहपुर ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र की प्रभारी बीके पारुल, मोहद्दीपुर केंद्र की बीके पुष्पा, मुख्यालय से आए मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी भाई, बीके पूजा सहित बड़ी संख्या में संस्था के स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# विकासखंड करनैलगंज ग्राम पंचायत सीसामऊ में मनरेगा चढ रही भ्रष्टाचार की भेंट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना मनरेगा अब पूरे तरीके से करनैलगंज विकासखण्ड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।भ्रष्टाचारियों ने इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना में भी सेंधमारी करके पूरी योजना पर पानी फ़ेर दिया है। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण इस योजना का मकसद था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों को रोजगार मिल सके ताकि वे रोजगार के लिए बाहरी प्रदेशों में ना जाना प ड़े।मगर करनैलगंज ब्लॉक में मनरेगा के जिम्मेदारों ने ही इस योजना में इस कदर लूट मचाई कि केंद्र और राज्य सर कार की पूरी मंशा धराशाई होकर रह गई है।

**करनैलगंज ब्लॉक क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी योजना**

जिले के करनैलगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत सीसामऊ, सकरौरा ग्रामीण,रेक्साडिया,काशीपुर,कोनाहाटा आदि गाँ वो में इस योजना ने भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और सारे नियमों को ताक पर रखकर विभागीय अधिकारियों से लेकर पंचायती राज के प्रति निधि तक मनरेगा की योजनाओं में गड़बड़ी



कर रहे हैं मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी एवं हो रही हैं।भ्रष्टाचार का ताजा मामला विकास खण्ड करनैलगंज में आए दिन प्रकाश में आ रहा है।सूत्र बता रहें है कि डीसी मनरेगा के दूषित नीतियों के कारण करनैलगंज ब्लॉक के मनरेगा में फर्जी वाड़े में और बढ़ावा मिल रहा है।जहां मन रेगा के तहत विगत के दिनों से कराए जा रहे कार्यों में एक चौथाई मजदूरों को कार्यस्थल पर लगा घर बैठे मजदूरों की हाजिरी लगा क़र लाखों का गोलमाल किया जा रहा है।हि न्दी दैनिक कैनविज टाइम्स की टीम ने ब्लाक अंतर्गत वि भिन्न ग्राम पं चायतो में हो रहे मनरेगा कार्यों की पड़ताल की तो चौंकाने वाला सच सामने

### डीसी मनरेगा की मेहरबानी से बिना काम कराए फर्जी तरीके से एक ही श्रमिको की फोटो अपलोड की जा रही

आया।

**कागजों में दिखा कार्य,धरातल पर शून्य**

कैनविज टाइम्स की पड़ताल में पाया कि जिस कार्यस्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है।उसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिनभर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।औसत बनाने के चक्कर में फर्जी मस्टररोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।ग्राम पंचायत सीसामऊ के मजरा पाठक पुरवा में रामलाल के घर से प्रदीप के घर होते हुए रघुनाथ पंडित के खेत तक मिट्टी कार्य में दो मस्टर रोल कागजों में चल रहा है।इस कार्य पर रोजाना 88 श्रमिकों की ओर से कार्य होना दिखाया जा रहा है,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।रोजगार सेवक मनरेगा पोर्टल पर 88 श्रमि कों की एक हो फोटो को बार-बार अपलोड क़र फर्जी क़र फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।तीन अप्रैल को मस्टररोल संख्या 40, 41, 42, 44, 45, 46,48,49,50,और 43,51 त क में एक ही फोटो लगा कर हाजिरी सीसामऊ ग्राम पंचायत में लगाई गई है।कुल दिनों में लगभग हजारों से अधिक श्रमिकों की हाजिरी लगी है।तो सवाल यह उठना लाजिमी है कि आ खिरकार पूर्व में किए कार्यों को आज के दिन में बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की गई....? घर बैठे सैकड़ो श्रमिकों की फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगाक़र लाखों का गोलमाल किए जाने का मामला अधि कारियों के संज्ञान में आने के बाद भी मस्टररोल लगातार जारी है।वही सवाल या उठता है कि दोषियों पर विभागीय कार्यवाही भी होगी या फिर डीसी मनरेगा के दूषित नीति ओं को आगे भ्रष्टाचार पर बढ़ावा मिलता रहेगा,वही सवाल यह उठता है कि क्या केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धनसिंह उर्फ राजा भैया के जनपद में ही प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस नीति को भ्र ष्टाचार करने पर आमादा है,मनरेगा योजना के जिम्मेदार।

# चौंतीस लाख गबन के मामले को लेकर एक नामजद सहित तो अज्ञात पर मुक़दमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । संस्थान के करीब चौंतीस लाख रुपए गबन करने के मामले को लेकर न्यायालय के आदेश पर एक नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ वजीरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है,इटियाथोक थाना क्षेत्र के अहिरौलिया गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुए कहा है,कि विद्यालय के सरकारी जमीन पर गन्ने की फसल बोयी जाती थी,फसल बेचने के बाद इसकी धनराशि सदाशिव गांव में स्थित बैंक के खाता में धनराशि जाती थी,तथा सांसद व विधायक निधि की धनराशि भी उसी बैंक खाते में बराबर जाती थी,राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी का आरोप है कि विपक्षी शत्रोहन त्रिवेदी,व दो अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा संस्थान के करीब 34 लाख के करीब रुपए अपने निजी उपयोग में खर्च कर लिया हिसाब मांगने पर जान से मारने की धमकी दी,राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई,उसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण लिया, ए.सी.जे.एम/एफ.टी.सी.सी.डी,



न्यायालय के आदेश पर 27 मार्च को वजीरगंज पुलिस ने शत्रुधन त्रिवेदी सहित दो अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है, प्रभारी निरीक्षक थाना वजीरगंज संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि इटियाथोक थाना क्षेत्र के जंहदरिया के रहने वाले शत्रुधन द्विवेदी व दो अन्य अज्ञात के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर 27 मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भक्ति संगीत व श्रद्धा से मनाई गई चैत्र रामनवमी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्मजयंती के पावन पर्व पर हनुमंत आश्रम (नगरौर) चितौरा परिसर में तथा नगर क्षेत्र स्थित गायत्री चेतना केंद्र परिसर (डिगिहा) में रामनवमी पर्व श्रद्धा आस्था व भक्ति संगीत प्रस्तुत कर मनाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने राम चरित मानस का संगीतमय पाठन किया तथा भगवान श्रीराम को सनातन समाज का अग्रदूत बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलकर सनातन समाज को मजबूत तथा अखण्ड बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया।

हनुमंत आश्रम नगरौर में आयोजित जन्मजयंती समारोह को संबोधित करते हुए महंत स्वामी विष्णु देवाचार्य महाराज ने भगवान श्रीराम को राष्ट्रनायक बताते हुए उनके जीवन चरित्र को समग्र सनातन समाज का प्रेरणादायक बताया और सनातन समाज मे व्याप्त कुरीतियों व जातीय व्यवस्था को दूर कर अखण्ड हिन्दू राष्ट्र बनाने का आवाहन किया।



महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने भगवान श्रीराम को सनातन समाज का नायक बताते हुए उन्हें सामाजिक समरसता व आदर्श परिवार संकल्पना का उरप्रेरक बताया तथा उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज को गतिशील व एकजुट बनाए रखने का आवाहन किया।

गायत्री चेतना केंद्र व्यवस्थापक प्राचार्य आर0पी0एन श्रीवास्तव ने हिन्दू समाज को विश्व का सबसे उत्तम महान धर्म बताया तथा सामाजिक एकता अखण्डता व अक्षुणता बनाए का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन विहिप विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता डॉ0 पंकज श्रीवास्तव ने किया।

सनातन समाज की ओर से आयोजित जन्म जयंती समारोह में प्रमुख रूप से समाजसेवी डॉ0 राधेश्याम गुप्ता, विवेक सक्सेना, अखिलेश श्रीवास्तव, गायत्री परिजन पंडित जगदीश मिश्र, दुर्गेश मिश्र, मालवीय मिशन महामंत्री प्रोफ़ेसर मनीष गौड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

# फुटपाथ पर अतिक्रमण, राहगीरों का चलना मुश्किल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिले में अधिकांश जगह फुटपाथ देखने तक को नहीं मिलते हैं।हालात यह है कि पैदल चलने वाले राहगीर भी बीच सड़क पर चलने को मजबूर है।सड़क के दोनों छोर पर दुकानदारों ने अपनी हद को पार कर रखा है। कुछ ने तो दुकानें ही फुटपाथ पर सजा रखी है।इसके अलावा अपने अधिकतर सामान सड़कों पर जमा रखा है। गोंडा बहराइच गल्ला मंडी रोड बड़गांव पुलिस चौकी के करीब बड़गांव बिजली विभाग के पावर हाउस के सामने यातायात पुलिस चौकी से लेकर गल्ला मंडी तक फुटपाथ नाम की कोई चीज नहीं बची है।अधिकांश जगह फुटपाथ देखने तक को नहीं मिलते हैं।हालात यह है कि पैदल चल ने वाले राहगीर भी बीच सड़क पर चलने को मजबूर है। सड़क के दोनों छोर पर दुकानदारों ने अपनी हद को पार कर रखा है।कुछ ने तो दुकानें ही फुटपाथ पर सजा रखी है।इसके अलावा अपने अधिकतर सामान सड़कों पर जमा रखा है।सड़क पर दो या तीन फिट नही 5 से 10 फिट तक कब्जा कर रखा है।बड़गांव पुलिस चौकी के पास याता यात पुलिस चौकी को को भी फुटपाथ वालों ने कब्जा कर रखा है।गोंडा बहराइच रोड हाईवे होने की नाते इस एरिया में खरीदारी के लिए शहर से ही नहीं दूर-दराज



से भी लोग आते हैं।यहां पर फल और कुछ सब्जी दुकानदारों ने एक इंच भी फुटपाथ को नहीं छोड़ रखा है।कृषि उपज मंडी क्षे त्र के चलते किसानों की भी आवाजाही रहती है।इनमें ट्रै क्टर ट्रॉलियां,ऑटो रिक्शा के साथ दुपहिया वाहन चालकों की रेलमपेल रहती है ऐसे में इस सड़क से बाहर निकलना

हो जाता है और सड़क पर बड़े वाहन आने से पैदल चलने वाले और दो पहिया वाहनो साइड नहीं मिल पाता है जिस से वह आए दिन गिरकर चोटिल हो जाते हैं या फिर बड़े हादसे का शिकार हो जाते हैं।

**सिर्फ नाम का चलता जागरूकता अभियान**

फुटपाथ बचाने के लिए आमजन एवं दुकानदारों में जाग रूकता अभियान की दरकार है ताकि फुटपाथ को अतिक्र मण मुक्त किया जा सके।इसके लिए जागरूक स्वयंसेवी संस्थाएं,व्यापारिक संस्थाएं आगे आए तो काम बने।जिला प्रशासन द्वारा अगर सड़क मार्ग के दोनों और से अतिक्रम ण हटाना शुरू कर दे तो नगरपालिका परिषद में जाम के हालात नहीं बनेंगे।जिले मे सबसे ज्यादा चौड़े मार्ग ही गोंडा - बहराइच नवीन गल्ला मंडी रोड़ बने हुए लेकिन सब अतिक्रमण का शिकार हैं।

**दुकानदारों का सड़क से लेकर फुटपाथ तक समान**

नगर पालिका की ओर से अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने से दुकानदारों की ओर से भी दुकान के बाहर तक सामान रखा जा रहा है।जाम लगने वाले मुख्य रोड के भी ये हालात हैं।जाम के कारण लोगों की ट्रेन तक छूट जाती है।वही एमिलिया गुरदयाल निवासी बताया ने बताया कि हम परिवार सहित एक दिन दिल्ली एक शादी में जा रहें थे लेकिन जाम की वजह से उनकी ट्रेन छूट गई।

यही नहीं विशेश्वरगंज से आ रहें व्यक्ति को दिल्ली जाने के लिए गोरखधाम एक्सप्रेस पकड़नी थी लेकिन बड़गांव कुंव र टॉकीज के पास बने ओवर ब्रिज और पुलिस चौकी के पास जाम होने के कारण ट्रेन छूट जाती है।

**जिला प्रशासन व जनप्रतिधि नहीं ले रहें रुचि**

गोण्डा नगर पालिका परिषद की बदहाल व्यवस्था को सु धारने के लिए न किसी के पास प्लानिंग है और न ही इस के लिए कोई पहल कर रहा है।नगर पालिका परिषद के हर मार्ग पर जाम के हालात देखने को मिलते हैं।मरीज को अस्पताल पहुंचने में भी जाम से होकर ही गुजरना पड़ता है।इस का खमियाजा आम जनता को दिन- प्रतिदिन भुगत ना पड़ता है।इसको लेकर न तो अभी तक जिला प्रशासन ने रुचि दिखाई और न किसी जनप्रतिनिधि ने की है सिर्फ खानापूर्ति के लिए करवाई किया जा रहा है।वही ज़ब नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों से नगर में अति क्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई के लिए पूछा जाता है तो उनका एक ही रटा रटाया जवाब रहता है कि कल से अति क्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी व नोटिस दे दिए गए हैं।

# विधायक ने किया नवरात्रि के अवसर पर 9 प्रजाति के वृक्षों का रोपण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। वन विभाग नानपारा रेंज में नवरात्री के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था के रूप में ' आस्था और हरियाली ' टैगलाइन के साथ शिवालय बाग मंदिर परिसर में शक्ति वाटिका की स्थापना विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर द्वारा की गयी। इस मौके पर विधायक ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। वन विभाग की सराहनीय पहल देवी के 09 रूप के प्रतीक में वाटिका में 09 प्रजाति के कुल 30 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर मंदिर के महंत श्री वीरेंद्र महराज, जिले के प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी राशिद जमील, वन क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री पीयूष



गुप्ता, तथा अन्य मौजूद रहे। वन क्षेत्राधिकारी पीयूष गुप्ता ने पत्रकारों को बताया की शक्ति वाटिका का उद्देश्य हरियाली बढ़ाने के साथ आस्था का सम्मान करना है, इस अवसर पर सभी श्रद्धालू से अनुरोध किया की वे एक एक पौधे को गोद लें और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाए।

# गोंडा के एक व्यक्ति ने दुबई से लगाई मदद की गुहार,कहा मुझे बचा लीजिए, मुझे बेच दिया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले के रहने वाले खलील सिद्दीकी की एक दिल द हला देने वाला वीडियो अपील सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,खलील सिद्दीकी दुबई में फंसे खलील अपनी जा न की भीख मांगते हुए अपने बहनोई और अन्य लोगों पर मानव तस्करी के गंभीर आरोप लगाए हैं।सोशल मीडिया पर वीडियो में रोते-बिलखते खलील ने कहा कि मुझे वीजा के नाम पर झांसा देकर दुबई बुलाया गया और यहां मुझे बेच दिया गया है।अब सरिया और ईंट ढोने का काम करा रहे हैं,मेरे पास खाने तक के पैसे नहीं हैं।कई दिनों से मैं भूखा प्यासा हूँ।पीड़ित खलील का आरोप है कि उसके ब हनोई अब्दुल अतीक और उनके भाई रेनू सैयद ने मिलकर महाराजगंज के एजेंट साजिद कुरैशी के जरिए दुबई भेजने का झांसा दिया था।इसके बदले में उनसे एक लाख तीस हजार रुपए ऐंठ लिए गए।वादा किया गया था कि उन्हें ए क अच्छी कंपनी में नौकरी मिलेगी।लेकिन दुबई एयरपोर्ट पर उतरते ही हालात पूरी



तरह बदल गए थे।वहां साजिद कुरैशी और दो तमिलनाडु के लोग उन्हें रिसीव करने पहुंचे और उनका पासपोर्ट छीन लिया।इसके बाद उन्हें एक स्था नीय ठेकेदार को बेच दिया गया जो उनसे जबरन मजदूरी करा रहा है।

**खलील पंद्रह दिन से भूखा,धमकी से दहशत में**

खलील ने बताया कि वह पिछले पंद्रह दिनों से उनके पास खाने तक के पैसे नहीं हैं।जब भी वे साजिद कुरैशी से संप र्क करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें जान से मारने की ध मकी दी जाती है।वीडियो में खलील ने कहा, ल्लमैं मर जाऊं गा लेकिन यहां की ज़िंदगी से मुझे छुटकारा चाहिए।''

**खलील ने सांसदों और अफसरों से लगाई गुहार**

खलील ने वीडियो में गुहार लगाते हुए कैसरगंज सांसद क रण भूषण सिंह,पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह,सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह से भी मदद की अपील की है।खली ल ने गोंडा के डीएम,एसपी,डीआईजी और भारत सरकार से भी दुबई से वतन वापसी की मांग की है।

**अगर कुछ होता है तो ये लोग होंगे जिम्मेदार...**

दुबई से खलील ने अपने जारी वीडियो में कहा कि ''अगर मेरे साथ कुछ होता है तो इसके लिए अब्दुल अतीक,रेनू सैयद और साजिद कुरैशी जिम्मेदार होंगे।''वह किसी तरह से भारत लौटना चाहता हैं लेकिन न मेरे पास पैसे हैं,न ही पासपोर्ट और न ही कोई सहारा है।खलील की यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# रामकली के प्रबंध समिति के चुनाव हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त नहीं : रविशंकर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फोटो 01

सुल्तानपुर। रामकली बालिका इंटर कालेज के प्रबंध समिति का चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त न होने से चुनाव सम्पन्न नहीं हो पाया। प्रबंध समिति के अधिकतर सदस्य पत्र में लिखित समय पर चुनाव हेतु विद्यालय में उपस्थित हुए। विद्यालय का मुख्य गेट बंद था। प्रधानाचार्य रीना सिंह से चुनाव हेतु बात की गई तो प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रबंध समिति के चुनाव के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। आप सभी के बैठने के लिए विद्यालय का मुख्य गेट खुलवा रही हूं आप सब विद्यालय में बैठिए। विद्यालय प्रबंध समिति के उपस्थित सदस्यों द्वारा रविशंकर जिला विद्यालय निरीक्षक सुल्तानपुर से फोन से संपर्क



करने पर बताया कि मेरे द्वारा रामकली बालिका इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर के प्रबंधक समिति का चुनाव कराने हेतु कोई भी पर्यवेक्षक नियुक्त नहीं किया गया है। बिना पर्यवेक्षक के प्रबंध समिति के होने वाले चुनाव अमान्य होता है। विद्यालय में राजकुमार जायसवाल प्रधान ट्रस्टी, राखी जायसवाल, अनिल कुमार, राजकुमार, अनुराग जायसवाल, नरेंद्र सिंह, राजीव सोनी, राजेश सोनी, संदीप कुमार, मोहम्मद जहीर, दिनेश कुमार, सुशील कुमार गुप्ता, पवन कुमार आदि सदस्यों के साथ विद्यालय कर्मचारी नरेंद्र और विजय मौर्य उपस्थित रहे।

# एसपी ने कुड़वार थाने का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। शनिवार को पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर कुँवर अनुपम सिंह द्वारा थाना कुडवार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एसपी द्वारा थाना क्षेत्रों के मुख्य मार्गों,तिराहो/चौराहों एवं मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा त्योहार रजिस्टर आदि अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा महिला हेल्प डेस्क को गहनता से जाँचा परखा गया जिसमें आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम,पता आदि एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान का विवरण उल्लेखित के संबंध में जानकारी की गयी तदोपरान्त कार्यालय का निरीक्षण किया तथा अपराध रजिस्टर का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर में



खडे माल मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया ।एसपी द्वारा थाने के मैस का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवता को परखा गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा त्यौहार रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा शराब, खनन, पशु, वन भूमाफिया आदि माफियाओं के बारे मे जानकारी कर इस प्रकार के अपराधो मे संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत की गई कार्यवाही तथा उनके विरुद्ध पंजीकृत किये गए गैंगस्टर अधि0 के अभियोगो मे वांछित अभियुक्तों की स्थिति की समीक्षा की गई । हिस्ट्रीशीटर्स की समय-समय पर चैकिंग करने एवं फ्लाई सीट में चेकिंग की प्रविष्टियां पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात थाना प्रभारी व अन्य अधिकारीगण से वार्ता कर कुशलक्षेम लिया गया तथा महिला सम्बन्धित शिकायतों/अपराधों को प्राथमिकता पर लेते हुये गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष, त्वरित, प्रभावी कार्यवाही करने हेतु बताया गया । मिशन शक्ति 5.0 के विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित कराकर महिलाओं को जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया । महिला सशक्तिकरण, जनमानस की समस्याओं के निस्तारण व अपराध नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये । छोटी से छोटी घटना का संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । आम जनता के लिये स्वच्छ वातावरण स्थापित करते हुये जन सामान्य के बैठने एवं स्वच्छ पेय जल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था करने तथा थाने को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के साथ वृक्षारोपण आदि करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कुडवार को निर्देशित किया गया ।

# चोरी के जेवरात और बर्तन के साथ अंतर्जनपदीय गैंग के आधा दर्जन शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शुकुल बाजार अमेठी । ाना बाजार शुकुल पुलिस व स्वाट सर्विलांस टीम द्वारा क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा कर अर्न्तजनपदीय गैंग के आधा दर्जन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के चौदह जोड़ी पायल सफ़ेद धातु, नौ बिछिया सफ़ेद धातु, दो कड़ा सफ़ेद धातु, चालीस प्लेट स्टील, पैंतीस थाली स्टील, चौसठ कटोरी, सरसठ गिलास आदि घरेलू उपयोग के बरतन,चार मोटरसाइकिल,एक बोलेरो गाड़ी,एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस एक मोबाइल के साथ ही इकतीस हजार दो सौ रुपया नगद बरामद किया है। थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा व स्वाट टीम प्रभारी अनूप सिंह मय हमराह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक बोलेरो व चार बाइक के साथ कुछ संग्दिध व्यक्ति चोरी के सामान के साथ ऊंचगांव टोलप्लाजा के पास हैदरगढ़ जाने वाली सर्विस लेन के बगल ग्राम हुसैनपुर के पास बाग में मौजूद हैं।उक्त सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर उनको पकड़ लिया



गया। पुलिस टीम द्वारा पूंछने पर अपना नाम वकील उर्फ सेनापति पुत्र मंजूर खान निवासी ग्राम इटौंजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या बताया जिसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल प्लेटिना नम्बर यूपी 44 डीजे 8565,एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस,चार पायल सफ़ेद धातु, साढ़े तीन हजार रुपये नगद तथा मोटरसाइकिल पर बधी बोरी से चालीस अदद स्टील की प्लेट व पैंतीस अदद स्टील की थाली बरामद हुई दचांद मोहम्मद उर्फ बादशाह पुत्र मंजूर खान निवासी ग्राम इटौंजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बजाज पल्सर नम्बर यूपी 36 वी 1183,तीन पायल,दो जोडी बिछुआ सफ़ेद धातु, तीन हजार रुपये नगद तथा मोटरसाइकिल पर बंधी बोरी से बासठ कटोरी, सरसठ गिलास,नौ लोटा व छह करछुल बरामद हुआ। शिवदर्शन कुमार पुत्र वीपत निवासी ग्राम इटौंजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या के कब्जे से एक मोटरसाइकिल प्लेटिना नम्बर यूपी 42 एसी 3950,तीन पायल, एक वीवो मोबाइल फोन, तीन हजार दो सौ रुपये नगद तथा मोटरसाइकिल पर बंधी बोरी से टिफिन, पानदान, डेलू, तस्ला, पल्टा, डिब्बा आदि बरामद हुआ वहीं रामू पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी उसकामऊ थाना हलियापुर जनपद सुलतानपुर के कब्जे से एक मोटरसाइकिल हीरो होन्डा स्पलेण्डर प्रो नम्बर यूपी 41 आर 3956,दो पायल, दो कड़ा सफ़ेद धातु, साढ़े तीन हजार रुपये नगद तथा मोटरसाइकिल पर बंधी बोरी से दो परात,तीन कढाई, चार पतीली, जग आदि बरामद हुआ है। बोलेरो सवार नासिर हुसैन पुत्र कदीर निवासी महमदपुर थाना भाले सुल्तान के कब्जे से दो पायल, पांच बिछुआ, तीन हजार रुपये नगद तथा बोलेरो गाड़ी से विभिन्न कपडे, चार भगौना,दो स्टील की पानी की टंकी, फ्राईदान, केतली, मिक्सर, बटुला, फूलथाली आदि विभिन्न घरेलू उपयोग के बरतन,चार बंडल बिजली के तार व दो अदद लोहे का आला नकब बरामद हुआ।छठे व्यक्ति रामराज पाण्डेय पुत्र रामबरन पाण्डेय निवासी राममोल पाण्डेय का पुरवा मजरे तेंदा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या के कब्जे से एक परात तांबा,एक परात,दो गिलास, दो कटोरा,एक करछुल पीतल का व पन्द्रह हजार रुपये नगद बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि हम लोग इसी बोलेरो व मोटरसाइकिलों से जाकर घरों में ताला तोड़कर चोरी करते है व चोरी के सामान को इसी बोलेरो व मोटरसाइकिल पर लादकर भाग जाते है । बरामद सभी सामान अलग-अलग गांव में चोरी की घटना का है।इस सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवकों चोरी का एक अर्न्तजनपदीय गैंग है जो विभिन्न जनपदो में घूमकर चोरी करते है इनके विरुद्ध विभिन्न जनपदो में लूट, चोरी सहित विभिन्न अपराधों के अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है और वाहनों को सीजकर दिया गया है।

## राज्यमंत्री ने श्रीराम नवमी पर तिलोई में दस एम्बुलेंस का किया लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने श्रीराम नवमी पर राजभवन तिलोई स्थित अपने आवास से दस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर आम जनमानस को समर्पित किया।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना अंतर्गत 108 और 102 एम्बुलेंस के लोकार्पण समारोह पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि इन एम्बुलेंस के आने से अब 112 पर एम्बुलेंस काल करने के बाद बहुत समय इंतजार नही करना पड़ेगा।मरीजों को आवश्यकतानुसार समय से उन्हें अस्पताल में इलाज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इसका सबसे ज्यादा फायदा प्रसव पीड़ित महिलाओ को मिलेगा।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, बहादुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह,मोहम्मद अशरफ, राजू तिवारी, आदित्य पाण्डेय सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यगण मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने श्रीराम नवमी पर तिलोई में दस एम्बुलेंस का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने श्रीराम नवमी पर राजभवन तिलोई स्थित अपने आवास से दस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर आम जनमानस को समर्पित किया।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना अंतर्गत 108 और 102 एम्बुलेंस के लोकार्पण समारोह पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि इन एम्बुलेंस के आने से अब 112 पर एम्बुलेंस काल करने के बाद बहुत समय इंतजार नही करना पड़ेगा।मरीजों को आवश्यकतानुसार समय से उन्हें अस्पताल में इलाज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इसका सबसे ज्यादा फायदा प्रसव पीड़ित महिलाओ को मिलेगा।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, बहादुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह,मोहम्मद अशरफ, राजू तिवारी, आदित्य पाण्डेय सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यगण मौजूद रहे।

### रामनवमी के पर्व पर हर जन के मन में हो स्वच्छता की भावना की कामना



सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर्व श्री रामनवमी के अवसर पर गोमती मित्र मंडल ने अपने साप्ताहिक स्वच्छता श्रमदान के दिन श्री सीता कुंड धाम पर सभी को बधाइयां प्रेषित करते हुए यह प्रार्थना की कि सभी अपने मन में सदा सर्वदा स्वच्छता के भाव को रखते हुए स्वच्छ कुशभवनपुर के सपने को साकार करें,प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने उपस्थित गोमती मित्रों से कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं की हमारा जन्म गोमती नदी के उस तट पर हुआ जहां प्रभु श्री राम अपने परिवार के साथ पधार चुके हैं,हम सभी को उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान 3 घंटे की अथक मेहनत के साथ 9:00 बजे पूरे तट परिसर को साफ सुथरा करने के बाद समाप्त हुआ श्रमदान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,संत कुमार प्रधान,अर्चना कसौधन,मुन्ना पाठक,राकेश मिश्रा,दाऊ जी कैलाशी,डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,मुन्ना सोनी,युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा,अर्जुन यादव,दीपू,अभय मिश्रा आदि शामिल हुये।

### कूल चलो अभियान' के तहत निकाली गई जागरूकता रैली,बच्चों ने लगाए नारे

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मरौरी के अंतर्गत स्थित पीएम श्री विद्यालय गणेशपुर गोटिया में 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत नवीन प्रवेश हेतु शिक्षा की आवश्यकता को दर्शाती जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी जौहरी की उपस्थिति में किया गया है। मां सरस्वती की प्रतिमा को माल्यार्पण कर हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर गगनभेदी नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया। ''हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा'', ''एक दो तीन चार, साक्षरता की जय-जयकार'', ''लड़का-लड़की एक समान, यही संकल्प यही अभियान'', ''कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका है।अधिकार'' जैसे नारों से गांव का माहौल शिक्षामय हो गया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर संपूर्ण गांव होती हुई वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अभिभावकों से संवाद कर बच्चों के स्कूल में अधिकाधिक नामांकन कराने की अपील की।

प्रधानाध्यापिका ने जानकारी देते हुए बताया कि 'स्कूल चलो अभियान' का प्रथम चरण 1 से 15 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है। इसमें नामांकन के साथ-साथ अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। रैली में विद्यालय स्टाफ गांव के सम्मानित नागरिकों ने प्रतिभाग किया। रैली के उपरांत इस सत्र 2025-26 के नव प्रवेशी बच्चों को माला पहना कर स्वागत किया गया।विद्यालय के उत्तीर्ण बच्चों को रिपोर्ट कार्ड व उपहार प्रदान कर कक्षा 8 के बच्चो के लिये विदाई समारोह आयोजित किया गया। वहीं वरिष्ठ अध्यापक अरविन्द कुमार द्वारा आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक व अभिभावक और माता समूह के सदस्य उपस्थित रहे हैं।कैनविज टाइम्स संवाददाता

### मोहल्ला जलाल नगर में शादी के बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर नंदोई ने की छेड़छाड़ मामले में 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी जनपद शाहजहांपुर के मोहल्ला जलाल नगर के रहने वाले एक युवक के साथ लगभग 6 या 7 साल पूर्व हुई थी। महिला के तीन बच्चे भी है और परिजनों ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि महिला का पति, सास, ससुर, देवर व ननद और नंदोई मायके से बाइक और एक प्लाट दिलाने की मांग कर रहे है। विरोध करने पर उक्त लोग पीड़िता के साथ मारपीट व प्रताडित करते है। आरोप है कि पीड़िता का पति उसको पंजाब ले गया था और वहां महिला के नंदोई ने उसके साथ छेड़छाड़ कर संबंध बनाने का दबाव बनाया जब महिला ने इसका विरोध किया तो उक्त नंदोई ने उससे कहा कि तुम मुझे खुस कर दो में तुम्हारे साथ रहूंगा और तुम्हारे ऊपर दहेज को लेकर कोई भी अत्याचार नहीं होने दूगा। बात न मानने पर तुम्हें प्रताड़ित करवा कर मरवा दूगा और अपने साले की दुसरी शादी करवा दूगा। पीड़िता के विरोध करने पर उक्त लोगों ने गला दवाकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले में पति सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### शकायत के बाद विकासकार्यों की हुई जांच

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहँसीलान्तर्गत धनपतगंज वि0खं0के रामनगर द्वितीय में ,ग्रामीण की शिकायतपत्र पर जांच अधिकारी विकासकार्यों में गड़बड़ी की जांच करने पहुंचे।शिकायतकर्ता व ग्रामीणों के साथ शिकायती बिंदुओं की जांच की गई । रामनगर द्वितीय में गांव के ही ग्रामीण हरिशंकर सिंह पुत्र बम बहादुर सिंह ने, जिलाधिकारी सुल्तानपुर को विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर धांधली व मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ,शपथपत्र सहित शिकायतपत्र दिया था ।आदेशानुसार नियुक्त जांच अधिकारी मयंक पटेल ,दिनांक 5/4/2025 को जांच के लिए पहुंचे तथा ग्रामीण व शिकायतकर्ता की उपस्थित में, चार बिंदुओं की जांच की ।साथ मे ग्रामपंचायत अधिकारी भी मौजूद रहे । शिकायतकर्ता हरिशंकर सिंह ने ,जाँचधिकारी को ,जांच में सहयोग करते हुए , विकास कार्यों में की गयी अनियमितताओं को दिखाया और जरूरी साक्ष्य भी उपलब्ध कराए । शिकायतकर्ता हरिशंकर सिंह ने बताया कि ,यदि सही जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी तो लाखों की वित्तीय अनियमितता मिलेगी। और बड़ा घोटाला खुलेगा ।

## विगत वर्षों से कन्याओं को नवरात्रि में भोजन कराते हैं पूर्वप्रधान प्रदीप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील के पीरोसरैया ग्रामसभा के पूर्व थप्रधान ,नवरात्रिव्रत समापन के बाद प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी 121 कन्याओं को भोजन कराया और कहा कि देवीभक्तों को नवरात्रि समापन बाद मातारानी का विधिवत पूजन अर्चन करके यथासम्भव कन्याओं को भोजनकरवाना चाहिए । जैसा कि मातारानी की भक्तिभावना परम्परागत चली आ रही है । पीरोसरैया ग्रामसभा में पूर्वप्रधान प्रदीप सिंह,नवरात्री के नवें दिन ,121 कन्याओं को भोजन करवाया ।पूरे परिवार ने कन्याओं के पैर धोए, तिलक लगाए और उसके बाद भोजन करवाया ।सभी कन्याओं को थाली, कटोरी ,गिलास चम्मच और दान स्वरूप यथासम्भव मुद्रा भेंट की । और माता रानी से मन्नत मांगी की सभी कन्य्याओं और ग्रामवासियों पर मातारानी की कृपा बनी रहे ।कार्यक्रम में कन्याओं के अतिरिक्तग्रसभ के सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे । प्रदीप सिंह के पिता रामराज सिंह ने व माता श्रीमती सुदामा सिंह ने कन्याओं और उनके साथ आये सभी परिजनों का आभार जताया तथा मातारानी के सभी के लिए शुभकामनाएं व कृपा की कामना की ।

## नवरात्रि के अवसर पर में मेले का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर ।नवरात्रि का त्योहार हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है जिसको देश में प्रत्येक जगह मनाया जाता है। नवरात्र शब्द एक संस्कृत का शब्द है। जिसका अर्थ होता है नौ राते कस्बा घुघचिहाई में भी शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से ही लंबी कतारों के साथ काफी भीड़भाड़ का माहौल रहा। तमाम भक्त माता रानी के भक्तिमय माहौल में संलिप्त दिखे। मेले में लगी दुकानो पर बच्चों ने खेल खिलौने व परिजनों ने घर के जरूरती सामानों की जमकर खरीदारी की। कस्बा घुघचिहाई मैं दुर्गा पूजा के रूप में प्रत्येक वर्ष की तरह नवरात्रि पर्व साल में दो बार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि के दिनों में नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा होती है। इन नौ दिनों में दुर्गा मां के नौ रूपों की पूजा पूरी श्रद्धा के साथ की जाती है।जिसको ग्राम वासी पूजा अर्चना कर पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम ने सबसे पहले समुद्र के किनारे शारदीय नवरात्रों की पूजा की शुरुआत की थी लगातार 9 दिन की पूजा के बाद भगवान राम ने लंका पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से पूजा समाप्त करा कर प्रस्थान किया था और भगवान राम को लंका पर विजय प्राप्ति भी हुई थी। प्रत्येक भक्त ईसी श्रद्ध से नवरात्रि के व्रत रखकर कन्या भोज के साथ समापन करते हैं। कस्बे के मेले का आयोजन यज्ञाचार्य संगम मिश्रा जैमा शाहजहांपुर,अरूणा शंकर शुक्ला बृजेश शर्मा पूर्व प्रधान, राजकुमार राजू,नन्दकिशोर शुक्ला, सन्तराम शर्मा रामचन्द्र मिश्रा दृणोपाल राम प्रकाश त्रिवेदी रजनीश अवस्थी घनश्याम सिंह, प्रशांत, अभिषेक,संजीव, द्रोणापाल,सहित समस्त ग्राम वासियों की मौजूदगी में हवन पूजन के साथ शाम को मेले का समापन हुआ है।

### खेत में खूटा लगाने का विरोध करने पर दलित युवकों की पिटाई, जाति सूचक गालियां देने का आरोप

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव ग्रांट नंबर 21 ढक्का चार्ट के रहने वाले रामकुमार पुत्र पूरनलाल ने बताया कि उसके खेंत में जानकी पुत्र सुमेर खूटा लगा रहा था। आरोप है कि विरोध करने पर जानकी, महेश, दिनेश परिवार की महिलाओं के साथ खेंत पर पहुंच कर युवक के साथ मारपीट कर जाति सूचक गालियां देने लगे। इस दौरान पीड़ित रामकुमार का भाई भी खेंत पर पहुंच गया और उसने बीच बचाव करने का प्रयास किया। तो उक्त दबंग लोगों ने उसको भी जाति सूचक गालियां देते हुए उसकी भी पिटाई कर दी। घायल दलित युवकों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पहुंचकर मामले में शिकायत कर उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मामले में क्रास रिपोर्ट दर्ज की है।

## स्कूल खुलते ही बच्चो के परिजनों की जेबों पर डाका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### किताबो में चल रहा कमीशन का खेल कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग

### स्कूलों में भी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय

पूरनपुर। आज के जमाने में अपने बच्चों को पढ़ाना बड़ा कठिन हो गया है एक तरफ तो मंहगाई ओर उपर से स्कूलों की मन मानी !सरकार भले ही नई शिक्षा नीति से तमाम परिवर्तन का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन निजी स्कूलों की निगरानी का कोई तंत्र नहीं है !ज्यादातर जगहों पर अभिभावकों को किताबें स्कूल के अंदर से या मनचाही दुकानों पर उपलब्ध कराई जा रही है,अब किताबें बेचने के तरीकों में थोड़ा बदलाव किया गया है।अब यह किताबें मिलने का स्थान स्कूल प्रबंधक खुद बता रहा है।अभिभावक जब बच्चो को दाखिला दिलाने आते है तो ठिकाने की जानकारी दे दी जाती है।ये काम ज्यादातर उन स्कूलों में हो रहा है !प्राइवेट स्कूलों की मनमानी तो यह है कि यह हर वर्ष नए सिलेबस की किताबें लगा रहे है।ऐसे में अगर किसी का बच्चा दूसरी कक्षा में पढ़ता है तो पहली कक्षा वाले बच्चे के काम यह किताबें नही आएंगी वहीं एक अप्रैल से स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है।स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया भी जोरों पर चल रही है।परन्तु अभी तक शिक्षा विभाग ने किसी भी निजी स्कूल पर कार्रवाई नहीं की है ! जबकि अधिकारियों को केवल स्कूल में जाकर छापेमारी करनी चाहिए उन्हें किताबों के ढेर मिल जाएंगे !वहीं स्कूलों में भी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय नहीं है।यहां कम शैक्षिक योग्यता वाले अप्रशिक्षित युवक-युवतियों को शिक्षण कार्य में लगाया जाता है।इससे इस तरह के शिक्षकों को कम वेतन देकर अधिक मुनाफा कमा लेते हैं ! इस कारण इस पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।जबकि किताबो में चल रहा है कमीशन का खेल कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग फ़ेल ! स्कूल खुलते ही शिक्षा माफियाओं ने बच्चो के परिजनों की जेबों पर डाका डालना शुरू कर दिया है !निजी स्कूलों द्वारा उनके मनचाहे प्रकाशकों की कापी किताबें लेने के लिए परिजनों पर दबाव बनाया जा रहा है !इनमें शहर के अधिकांश स्कूल शामिल है।जिन स्कूलों में बच्चो को एनसीईआरटी की किताबें लगानी चाहिए, व निजी प्रकाशकों की किताबें पढ़ने को मजबूर कर रहे है ! क्योंकि प्रकाशकों की और से स्कूलों को मोटा कमीशन दिया जा रहा है। यह कमीशन 30से 50 फीसद है। किताबें कौन से प्रकाशक की लगेगी यह भी कमीशन पर निर्भर है।बल्कि स्कूल में बच्चों को जो किताब 50 रुपये में मिलनी चाहिए उसे प्राइवेट स्कूल 100 लेकर 300 रुपये में देते हैं और फीस मनमानी लेते हैं।इस बात की जांच होनी चाहिए कि प्राइवेट स्कूल बच्चे को किस कीमत पर किताब दे रहे हैं और सरकारी स्कूल में वही किताब किस दर पर मिलती है।आम गरीब को मजबूरी में प्राइवेट स्कूलों में जाना पड़ता है। शिक्षा इतनी महँगी हो गई है कि आम गरीब को कर्ज़ा लेकर अपने बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है।

### नेत्रहीन बुजुर्ग की कृषि भूमि पर किया अबैध कब्जा, मामले में मुख्यमंत्री से की शिकायत

पूरनपुर । हजारा थाना क्षेत्र के गांव बमनपुर भगीरथ के रहने वाले अमर सिंह पुत्र जोधा सिंह ने बताया कि राजस्व अभिलेखों में उनके नाम पर 9 एकड़ 50 डिस्मिल कृषि भूमि है, जिसमें वह फसल कर अपना गुजर बसर करता है। आरोप है कि गांव के ही जोगिंदर सिंह, हरजिंदर, प्यार कौर पत्नी जागीर सिंह, अमरीक सिंह, सरवन सिंह, सरजीत सिंह, दर्शन सिंह और कश्मीर सिंह उक्त सभी लोगों ने बुर्जग के नेत्रहीन होने की वजह से कृषि भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जबकि बुर्जग दंपति अपनी जमीन पाने के लिए अधिकारियों से शिकायत पर कार्रवाई नहीं हो सकी। बुर्जुग दंपति ने आरजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# न्यायाधीशों की संपत्ति

ऐसे वक्त में जब न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता की मांग सार्वजनिक विमर्श में है, सुप्रीम कोर्ट के सभी वर्तमान न्यायाधीशों के द्वारा न्यायालय की वेबसाइट पर विवरण प्रकाशित करके अपनी संपत्ति का सार्वजनिक रूप से खुलासा करने पर सहमति व्यक्त करना सुखद ही है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। दरअसल, यह कदम न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग में नोटों का जखीरा जलने के समाचार प्रकाश में आने के कुछ समय बाद उठाया गया है। उल्लेखनीय है घटना के समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। निश्चय ही इस घटनाक्रम से समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। जनता हमेशा से ही पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा रखती है। दरअसल, न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति के खुलासे का मुद्दा दशकों तक सार्वजनिक विमर्श में उठता रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में, सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार उसके सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी थी। इसी प्रकार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को ये विवरण उनके राज्य के मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष पेश करने थे। यहां ये उल्लेखनीय है कि इस प्रस्ताव के साथ एक शर्त भी जुड़ी थी कि ये घोषणाएं स्वैच्छिक और गोपनीय रहेंगी। लेकिन साथ ही सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी रहा कि जनता भी इन जानकारियों को जानने की इच्छुक रहती है। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2005 में सूचना के अधिकार अधिनियम को एक उम्मीद की किरण के रूप में देखा गया। लेकिन सूचना के अधिकार अधिनियम के एक प्रावधान में व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक करने में छूट दी गई थी। तर्क दिया गया था कि जब तक व्यापक सार्वजनिक हित में जरूरी न हो, प्रकटीकरण में छूट दी जाए। दरअसल, इन प्रावधानों से न्यायाधीशों की संपत्ति की घोषणाओं की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं के लिए एक अवरोध पैदा हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति देते हुए कहा था कि सूर्य का प्रकाश वास्तव में सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। इस वक्तव्य के आलोक में न्यायाधीशों को भी अपनी संपत्ति के बारे में वास्तविक जानकारी सार्वजनिक परिदृश्य में रखने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। अन्यथा तथ्यों की परदादारी जनमानस के मन में कतिपय संशयों को भी जन्म दे सकती है। न्यायिक परिदृश्य में पारदर्शिता उजागर करने में विधायिका की सक्रिय भूमिका भी वक्त की मांग है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जबावदेही से भी जुड़ा है। यह सुखद होगा कि यदि ऐसी कोई पहल स्वयं न्यायपालिका की तरफ से होती है। न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता व व्यावसायिक शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने पंच परमेश्वरों को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा। ऐसे किसी भी कदम से उस आम आदमी के विश्वास को भी बल मिलेगा जो हर तरह के अन्याय व भ्रष्टाचार से तंग आकर उम्मीद की अंतिम किरण के रूप में न्यायालयों का रुख करता है। वह न्यायाधीशों को सत्य व सदाचारिता के प्रतीक के रूप में देखता है। वो न्याय देने वालों को न्याय की हर कसौटी पर खरा उतरना देखना चाहता है। यह न्याय की शुचिता की भी अनिवार्य शर्त है।

# गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक

**माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी। चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों।**

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी। चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए? वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते? पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं। अध्ययन में पता चला था कि लगभग सभी ब्रांडेड बोतल बंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद हैं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए। अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग करते हैं। सरकारों के पास किसी भी नियम या अभियान को अमल में लाने के लिये सारे संसाधन उपलब्ध हैं, इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त भारत के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है। **–ललित गर्ग**

# स्वस्थ समाज की ओर पहला कदम है जागरुकता

**योगेश कुमार गोयल**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को लेकर विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारना और हर व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में नर्सों और दाईयों का समर्थन करें तथा 2019 में सार्वभौमिक स्वास्थ्यः हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था। 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। हालांकि चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं, लेकिन कोरोना काल के दौरान जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई। तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है। भारतीय समाज में तो सदियों से धारणा रही है 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया' लेकिन चिंता का विषय यही है कि हमारे यहां भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत खराब है। बहरहाल, विश्व स्वास्थ्य दिवस के माध्यम से जहां समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है, वहीं इसका सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु यही होता है कि लोगों को स्वस्थ वातावरण बनाकर स्वस्थ रहना सिखाया जा सके। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना ही मानव-स्वास्थ्य की परिभाषा है। यह बेहद चिंता का विषय है कि दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी के पास बुनियादी स्वास्थ्य उपचार तक पहुंच नहीं है और करीब 200 करोड़ लोग विनाशकारी अथवा खराब स्वास्थ्य देखभाल लागत का सामना कर रहे हैं, जिसमें काफी असमानताएं हैं, जो सबसे वंचित परिस्थितियों में लोगों को प्रभावित कर रही हैं। हालांकि, स्वास्थ्य का अधिकार एक ऐसा मौलिक मानवाधिकार है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को बगैर किसी वित्तीय बोझ के, जब भी जरूरत हो, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच मिलनी चाहिए।

## सेहत मंत्र

# संक्रमण से बचने के लिए रोजाना करें योगासन

हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम में से अधिकतर लोगों में नाक बहने या छींकने जैसे लक्षण गलत समय पर सोने, देर रात तक काम करने, लगातार यात्राओं, भोजन की अनियमित आदतों या व्यक्तिगत और व्यावसायिक परिस्थितियों में बढ़ते तनाव के स्तर के कारण उत्पन्न हो जाते हैं। यही सही समय है कि हम निवारक अभ्यासों और उन अभ्यासों पर ध्यान दें, जो हमारी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं और शरीर को किसी भी प्रकार की बीमारी से लड़ने की प्राकृतिक क्षमता प्रदान करते हैं। महर्षि पतंजलि कहते हैं, ''हेयम्, दुःखम्, अनागतम्'', अर्थात योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही मिटा देना है। सामान्यतः जब तक शरीर में बीमारी के चिन्ह नहीं दिखते हैं, तब तक हम व्यक्ति को बीमार नहीं मानते हैं। जबकि योग में यह माना जाता है कि बीमारी बहुत पहले ही हमारे अंडमय कोश में आ जाती है और फिर यह मन की स्थिति (मनोमय कोश) को प्रभावित करती है और अंत में शरीर (अन्नमय कोश) में बीमारी के लक्षण उत्पन्न होने लगते हैं। तो,वास्तव में बीमारी का सबसे पहला लक्षण है- आनंद, उत्साह, सकारात्मक ऊर्जा और हमारी विश्राम करने की क्षमता में कमी। ये शरीर, मन और आत्मा में खोए हुए संतुलन को फिर से वापस लाने के प्रारंभिक संकेत हैं। यही समय है, जब हमें अपने शरीर में प्राण (जीवन ऊर्जा) को बढ़ाना है और साथ ही साथ आसन, प्राणायाम और ध्यान के द्वारा शरीर को विश्राम भी देना है। योग को प्राकृतिक रूप से प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए सबसे अधिक प्रभावशाली माना जाता है। हाल ही में बिहेवियरल मेडिसिन पत्रिका में छपे एक शोध के अनुसार, योग आपकी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और शरीर में जलन को कम करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। योग के निरंतर अभ्यास से तनाव उत्पन्न करने वाले हार्मोन्स में प्रभावशाली रूप से कमी आती है, तंत्रिका तंत्र मजबूत बनता है और यह लसिका प्रणाली (लिमफैटिक सिस्टम) को क्रियाशील करता है। साथ ही साथ यह शरीर से विषैले तत्वों को भी बाहर निकालता है। प्रतिदिन किए जाने वाले कुछ योगाभ्यास चिंता को कम और मन को शांत करते हैं, जिसके चलते नींद की गुणवत्ता में सुधार आता है।

## धर्म मंत्र

# राजा राम मंदिर ओरछा की अलग है कहानी सूर्योदय और सूर्यास्त पर पुलिस देती है सलामी

ओरछा उत्तर भारत के टीकमगढ़ जिले का राजा राम मंदिर ओरछा दुनियाभर में अपने वैभव के लिए मशहूर है। राजा राम मंदिर की एक दिलचस्प कहानी आज भी कई लोगों की जुबां से सुनने को मिलती हैं। कहा जाता है कि भगवान राम जी एक बार महारानी की जिद के आगे झुक गए थे और भगवान राम ने एक शर्त पर जिद पूरी की थी। दरअसल शर्त पूरी होने के बाद भगवान राम ओरछा आए थे। इसके बाद से दुनियाभर के भक्त भगवान राम को ओरछा में राजा राम के रुप में भगवान राम की पूजा करते हैं। इसी कारण इस मंदिर में यहां राम की पूजा भगवान के रुप में नहीं बल्कि राजा के रुप में पूजा होती है। राजा राम के ओरछा में विराजने की एक प्राचीन कथा आज भी प्रचलित है। दरअसल महाराजा मधुकरशाह ने अपनी पत्नी गणेशकुंवरी से वृंदावन साथ चलने के लिए कहा, मगर महारानी तो भगवान राम की भक्ति में लीन रहती, इसलिए उन्होंने जाने से मना कर दिया। महाराजा ने महारानी को तैश में आकर बोल दिया, इतनी रामभक्त हो तो अपने राम को ओरछा ले आओ। इसके बाद रानी अयोध्या गई और वहां सरयू तट पर साधना शुरु कर दी और वहां संत तुलसीदास से आशीर्वाद पाकर रानी की तपस्या और कठोर हो गई। कई महीनों बाद भी राम जी के दर्शन नहीं हुए तो रानी नदी में कूद गईं, नदी में रामजी के दर्शन हुए, तब रानी ने राम जी को ओरछा चलने के लिए निवेदन किया। भगवान राम ने भी एक शर्त रखी कि ओरछा तो चलेंगे लेकिन तब जब कि वहां उनकी सत्ता और राजशाही है, इसके बाद ओरछा के महाराजा मधुकरशाह ने ओरछा में रामराज की स्थापना की और वह आज भी वैसा ही है।

## पर्यटन



# एक अनोखी प्रेम कहानी सुनकर दुनियाभर से प्रेमी जोड़े आते हैं मांडू

मध्यप्रदेश के मांडू की एक अनोखी प्रेम कहानी आज भी दुनियाभर में मशहूर हैं। यहां की कहानी के बारे में जानने के बाद इस पर्यटन स्थल को देखने के लिए दुनियाभर से पर्यटक लोग खींचे चले आते हैं। वैसे तो मांडू में कई ऐतिहासिक इमारते हैं, लेकिन रानी रूपमती और बाज बहादुर के महल के बारे में एक अनोखी प्रेम कहानी के चलते यहां पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ रहती हैं। रानी का महल देखने आने वाले प्रेमी जोड़ों को किसी रोकटोक का सामना नहीं करना पड़ता है। एक राजा अगर अपनी रानी से सच्चा प्रेम करें तो वो अपनी रानी के लिए कुछ भी कर सकता है। राजा बाज बहादुर के नाम से ज्यादा चर्चा में उनकी रानी थीं जिनका नाम रूपमती था। राजा बाज बहादुर की रानी का नाम तो रूपमती था ही पर साथ ही वो वास्तव में रूपमती जैसी प्रतीत होती थीं। राजा बाज बहादुर रानी रूपमती से इतना प्यार करते थे कि वो रानी रूपमती के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। मांडू की हसीन वादियों में बहुत से राज छिपे होते हैं। ऐसी ही एक जगह हसीन वादियों से घिरी हुई है जिसका नाम मांडू है। मांडू बेहद ही खूबसूरत जगह है और जो भी व्यक्ति मांडू घूमने के लिए जाता है वो वहीं का होकर रह जाता है। मांडू इंदौर से करीब 110 किमी दूर विंध्याचल की पहाडि़यों में करीब 2000 फीट की ऊंचाई पर मध्य प्रदेश के धार जिले में बसा हुआ है। पर मांडू की जो सबसे खास बात है वो यहां का किला है जिसका नाम रानी रूपमती का किला है। रानी रूपमती का किला राजा बाज बहादुर और रानी रूपमती के प्रेम का साक्षी है। रानी रूपमती को राजा बाज बहादुर इतना प्यार करते थे कि रानी रूपमती के बिना कुछ कहे ही वो उनके दिल की बात को समझ जाते थे। राजा बाज बहादुर और रानी रूपमती के प्यार के साक्षी मांडू में 3500 फीट की ऊंचाई पर बना रानी रुपमती का किला है। कहते हैं कि रानी रूपमती नर्मदा नदी को देखे बिना भोजन ग्रहण नहीं करती थीं। इसलिए राजा बाज बहादुर ने रानी रूपमती की इच्छा का ध्यान रखते हुए रानी रूपमती किले का निर्माण करवाया। रानी रूपमती के किले से नर्मदा नदी नजर आती है।

# डीएम साहब : नगर पालिका में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, बिना टेंडर लाखों का खर्च ?

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अधिशाषी अधिकारी पर वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 में वित्तीय अनियमितता बरने का आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत एक वकील ने नगर निकाय लखनऊ के निदेशक से की गई है। एक अधिवक्ता ने शिकायत में बताया है कि ठेकेदारों के साथ मिलकर बिना निविदा प्रकाशन कराए करोड़ों धन के गबन करने की बात कही है। साथ ही सफाई कर्मियों की फर्जी नियुक्ति दिखा कर सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया है। ईओ से जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत कई बिंदुओं पर सूचना भी चाही थी लेकिन सूचना नहीं दी गई। निदेशक से बरती गई वित्तीय अनियमित्ता की जांच ईओ के खिलाफ कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता कानून विद ने शासन स्तरीय अधिकाारियों को बताया कि ईओ ने राज्य वित्त आयोग के वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 में निर्गत की गई करोड़ों की धनराशि स्वीकृत मद में बिना पूर्ण व्यय किए ही गबन करके आपस में बंदबांट कर लिया है। आरोप है कि विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को दिखाकर धनराशि भुगतान करा लिया जिसे ठेकेदारों एवं अन्य के साथ मिलकर गबन कर लिया गया है। इतना ही नही भेजी गई शिकायत में अधिशाषी अधिकारी सफाई कर्मचारियों की काफी संख्या में फर्जी नियुक्ति करा कर उनके वेतन के नाम पर पैसा निकालने तथा आउटसोर्सिंग एजेन्सिंयों से सफाई कार्यों का सम्बद्धीकरण दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग की बात की गई है।

### सफाई कर्मियों की नियुक्ति नाम पर लाखों का वारा न्यारा

### कमेटी गठित कर शीघ्र जांच कराने की मांग

शान स्थल के अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अधिशासी अधिकारी द्वारा बरती गई वित्तीय अनियमित्ता एवं आय व्यय की जांच के लिए अतिथि कमेटी गठित की जाए अन्यथा अभिलेखों में छेड़छाड़ कर भ्रष्टाचार पर पर्दा का प्रयास किया जाएगा।

# सतीश ने जनता को सौंपा सीसी मार्ग



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। ग्राम पंचायत छंदवल स्थित बाबा पंचवटी स्थल पर सीसी मार्ग का फीता काट कर राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने लोकार्पण किया। राज्य मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भाजपा सरकार के विकास कार्यों को बताते हुए कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो,अयोध्या में राम मंदिर बनाने की बात हो या फिर वक्फ बोर्ड में संशोधन की बात हो हमारी पार्टी इन सभी मामलों में खरी उतरी है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह,बूथ अध्यक्ष अशोक मिश्रा,

अहमदपुर प्रधान कलीमुद्दीन,छंदवल प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार,समाज सेवी पुष्पेन्द्र तिवारी,मंडल महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा आशीष सिंह,सन्तोष शुक्ला, भेदांता स्वामी, बाबा परमानन्द,राम सहारे रावत,शक्ति केंद्र संयोजक परशुराम रावत, रवि सिंह, शेर बहादुर वर्मा, सहित पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## फंासी लगाकर नशेड़ी ने की आत्महत्या

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आरएसघाट कोतवाली क्षेत्र के सुरजवापुर निवासी अजय वर्मा 35 ने फंासी लगा कर आत्महत्या की। मृतक अजय कुमार वर्मा के दो बच्चे शिवानी 14 वर्ष व रूद्र आठ वर्ष है। अजय नशे का लती था अपने सुसाइड नोट में उसने आत्महत्या का कारण भी यही बताया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को बनीकोडर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने खेवराजपुर, बीर, कोटवा सड़क गांव पहुंच कर बुथ कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों को बधाई दी। श्री सिंह नेभाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की एवं पत्रक वितरित किए। इस अवसर पर शक्ति केन्द्र संयोजक ललित, मंगल तिवारी, राम स्वरूप पाठक, सत्या चतुर्वेदी, राजकुमार पाठक, देशराज सिंह , सूरज सोनी सहित बूथ समिति के सदस्य, पन्ना प्रमुख एवं ग्रामवासी मौजूद रहें।

## दो बाइक में आमने-सामने भिड़ंत तीन जख्मी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के अगासंड निवासी हसीनुउद्दीन का 18 वर्षीय पुत्र साहिबे आलम बाइक की बाइक सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से आमने-सामने टकरा गई।हादसे मे साहिबे आलम व दूसरा बाइक सवार बैनाताला गांव निवासी पंकज व संदीप समेत तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पर पहुंचे गांव वालों ने तीनों युवकों को लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर देर रात इलाज के दौरान साहिबे आलम की मौत हुई। रविवार सुबह अस्पताल से शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।देर शाम परिजनों ने बिना पुलिस सूचना के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## नवमी को मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी के पावन अवसर पर क्षेत्र के मंदिर स्थलों पर आयोजित मेलों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मंदिरों में माथा टेक पूजन, हवन ,व प्रसाद चढ़ा कर शुभफल प्राप्ति कि कामना की। तथा क्षेत्र में जगह जगह दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर आदि स्थलों पर आयोजित मेले का! श्रद्धालू मेलार्थियों ने आनंद लिया।इस दौरान माता दुर्गा जी, भगवान राम,व वीर हनुमान आदि देवी देवताओं के जयकारें गुंजायमान रहे।जिससे वातावरण भक्तिमय रहा।

## बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत

मीरजापुर। कछवां थाना क्षेत्र के भटौली घाट पक्का पुल के पास रविवार शाम एक सड़क हादसे में संतोष कुमार साहनी (25) पुत्र गिरजा साहनी की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को संतोष कुमार भटौली तेरही कार्यक्रम में गया था। लौटते समय जब वह बाइक से घर आ रहा था, तभी एक अनियंत्रित काले रंग की बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि संतोष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और बोलेरो वाहन की पहचान की जा रही है।

## तीन शातिर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

महोबा। जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा अभियान लगातार जारी है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीसरी मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जहां एक अपराधी के पैर में गोली लगने पर अस्पताल पहुंचाया।बदमाशों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, तमंचे और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों पर हत्या, लूट, डकैती, गैंगस्टर जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। रविवार की सुबह पनवाड़ी थाना क्षेत्र के गुगौरा मार्ग पर चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अपराधी खड़े होने की सूचना पुलिस को मिली । सूचना पर पहुंची स्वॉट टीम प्रभारी शिवप्रताप सिंह, सर्विलांस प्रभारी रविकुमार सिंह और थानाध्यक्ष गुलाब त्रिपाठी को टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। बचाव करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। जिसमें एक आरोपी चरखारी के गोरखा गांव निवासी सुशील विश्वकर्मा के पैर में गोली लगी, जबकि दिलीप नायक व प्रकाश राजपूत को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता मिली।

# उच्च न्यायालय का कड़ा रुख, बाराबंकी में राज्य सरकार व नपाप को अवैध कब्जा हटाने का आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी।जिला अस्पताल व पुराने उपभोक्ता भंडार के समीप स्थित भूमि गाटा संध 160 व 161 पर राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे निर्माण / अतिक्रमण के विवाद पर उच्च न्यायालय ने अहम आदेश पारित किया है ।राकेश कंात शुक्ल की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत में आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने पारित आदेश द्वारा शासन को प्रतिक्रिया करने के लिए सात मई तक का समय दिया है। जानकारी के मुताबिक याची राकेश कंात शुक्ला ने उक्त गाटा सख्या पर सरकार/ प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण किए जाने पर विरोध जताया था। निर्माण कार्य जब नहीं रुका तो विवस हो उच्च न्यायालय की शरण ली। हाईकोर्ट द्वारा अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति की गई और उनकी मौजूदगी में राजस्व प्रशासन द्वारा की गई पैमाइश रिपोर्ट के आधार पर माना कि उक्त भूमि पर नगर पालिका परिषद, नवाबगंज ने नौ मीटर की सीमा तक याची की भूमि पर अतिक्रमण किया है और इस पर इंटरलाकिंग लगाई है। तथा छह मीटर की सीमा तक याची की भूमि पर राज्य सरकार ने अतिक्रमण कर लिया है अर्थात अवैध निर्माणकराया है। राकेश कंात शुक्ल के विद्वान अधिवक्ता अजीत कुमार ने बताया कि माननीय न्यायमूर्ति राजन राय व ओमप्रकाश शुक्ला की बेंच ने भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने का आदेश देते हुए कहा कि यदि राज्य सरकार और नगर पालिका परिषद नवाबगंज कोर्ट आयुक्त की रिपोर्ट से सहमत हैं, तब किसी भी अन्य आदेश की प्रतीक्षा किए बिना अपना अतिक्रमण हटा ले । असहमति की स्थिति में सात मई को अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करें। अपनी पुश्तैनी उक्त भूमि पर बन रहे सरकारी भवन को लेकर राकेश कंात शुक्ल ने आपत्ति की और माननीय उच्च न्यायालय की शरण ली थी । माननीय उच्च न्यायालय ने 20 जनवरी को एक आदेश पारित कर गैर जेड ए भूमि की गाटा संख्या 161 व 160 का सीमांकन कराने का निर्देश प्रशासन को दिया था। इस मामले में माननीय न्यायालय ने अधिवक्ता विजय बहादुर वर्मा और दिलीप पांडेय को अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त किया था।

अधिवक्ता ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की भूमि हो या कोई अन्य गैर जेड ए की भूमि हो, उस पर राज्य सरकार को निर्माण कार्य कर अतिक्रमण करने का कोई अधिकार नहीं प्राप्त है। ऐसे अतिक्रमण करने की दशा में वही परिणाम होंगे जो सामान्य व्यक्ति राज्य सरकार की भूमि पर अतिक्रमण करता है।

# शाश्वत पाण्डेय बने विश्व आर्थिक मंच के ग्लोबल शेपर्स समुदाय में सबसे युवा क्यूरेटर

**एजेंसी**

वाराणसी। धर्म नगरी काशी से एक और युवा प्रतिभा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन किया है। वाराणसी के सिगरा निवासी 21 वर्षीय शाश्वत पाण्डेय को विश्व आर्थिक मंच की प्रतिष्ठित ग्लोबल शेपर्स कम्युनिटी में सबसे कम उम्र के क्यूरेटर के रूप में चुना गया है। इस नियुक्ति के साथ वे वाराणसी हब के नेतृत्व में विश्व मंच पर युवा-संचालित परियोजनाओं और पहलों का संचालन करेंगे। शाश्वत पाण्डेय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक किया है। वे पहले ही युवा नीति, सार्वजनिक नेतृत्व और वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वे वाई-20 इंडिया की संचालन समिति के सदस्य और वाराणसी में आयोजित वाई-20 शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने रूस में डब्ल्यूवाईएफ 2024 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और यूनेस्को शिखर सम्मेलन, ताशकंद में भारत की ओर से भाग लिया। इस संबंध में शाश्वत ने बताया कि मेरे लिए यह भूमिका इसलिए विशेष है क्योंकि यह मुझे अपने शहर काशी और देश के युवाओं के लिए कुछ ठोस करने का अवसर देती है। मेरा मानना है कि भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की निर्णायक भूमिका है, और इस मंच से मैं शिक्षा, शासन और युवा सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में सार्थक परिवर्तन लाने के लिए कार्य करूंगा। शाश्वत ने बताया कि इस वर्ष जुलाई में जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में आयोजित होने वाले ग्लोबल शेपर्स वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने का भी आमंत्रण मिला है, जहां वे विश्व भर के उभरते युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे।

शाश्वत पांडेय के अनुसार, ग्लोबल शेपर्स कम्युनिटी एक वैश्विक नेटवर्क है, जो 150 से अधिक देशों में सक्रिय है, जिसका उद्देश्य युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाना है। यह मंच जलवायु परिवर्तन, सामाजिक असमानता और शिक्षा जैसे मुद्दों पर नवाचार और नेतृत्व को बढ़ावा देता है।

# भाजपा पर देश की जनता का अटूट विश्वास,देश के अधिकतर हिस्सों में सरकार :दिलीप पटेल

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि देश की जनता का पार्टी पर अटूट विश्वास है। जिसका परिणाम है कि देश के अधिकतर राज्यों में भाजपा व सहयोगी दलों की सरकारें है। क्षेत्रीय अध्यक्ष पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर रविवार को रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि आज हम सबके लिए बहुत ही पावन दिन है । जब पूरा देश राम नवमी के पावन उत्सव को मना रहा है। साथ ही हम सब कार्यकर्ता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस मना रहे है। भाजपा एक विचारधारा के आधार पर कार्यकर्ता आधारित पार्टी है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एकता अखंडता में विश्वास करने वाली पार्टी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता तन,मन, धन से राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है। कोरोना जैसी महामारी में कार्यकर्ताओं ने संगठन ही सेवा मानकर अपने प्राणों की परवाह न करते हुए जरुरतमंदों की हर संभव सेवा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी पार्टी है। जिन सपनों को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था उसी सपने को आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में योगी आदित्य के नेतृत्व में पार्टी पूर्ण कर रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 1980 में स्थापित भारतीय जनता पार्टी के आज करोड़ों सदस्य है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी इस समय अपने संगठन के संगठनात्मक चुनाव भी संपन्न करा रही है। उन्होंने बताया कि संगठन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में हमारे कुल 98 जिले है। पार्टी संगठन में मंडल अध्यक्ष का चुनाव पहले ही संपन्न हो चुका है। अधिकतर जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष का भी चुनाव जल्दी ही होने वाला है। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में संगठन की दृष्टि से लगभग 1 लाख 62 हजार बूथ है। इन बूथों पर कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश द्वारा निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों व अभियानों को पूरा करने में लगे हुए हैं।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय पर चला स्वच्छता अभियान

आज पूरे उत्तर प्रदेश और काशी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर स्वच्छता अभियान चला कार्यालयों की सजावट की। उसके पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। वार्ता में जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया,क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर आदि भी मौजूद रहे।

## संभल में श्री राम नवमी पर पहली बार निकली भव्य शोभायात्रा

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में रविवार को श्री रामनवमी के मौके पर पहली बार विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में झांकियां संग भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हाथों में जय श्री राम के नारे लगाए और भगवा झंडा लहराए। शोभा यात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल, आरएएफ के जवान व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजकमल गुप्ता ने बताया कि संभल जनपद में पहली बार विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले निकली शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा यात्रा मार्ग में परंपरा, संस्कृति, आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। संभल का गौरवशाली अतीत वापस लौट रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए आज पहली बार श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। जनपद में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कर रखे थे। स्थानीय पुलिस के अलावा आरएएफ के जवान भी चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। शोभायात्रा के दौरान ड्रोन से भी लगातार निगरानी होती रही।

## किराने की दुकान में लगी भीषण आग, 10 लाख का सामान खाक

हमीरपुर। रविवार को कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव में सुबह हाइवे किनारे स्थित किराने की दुकान में अज्ञात कारण से लगी आग से 10 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी मिलने पर दमकल दस्ते ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। आगजनी से परिजनों का हाल बेहाल है।

क्षेत्र के झलोखर गांव में हाइवे किनारे लल्लू किराना स्टोर की दुकान स्थित है। दुकान के मालिक शिवकंात साहू ने बताया कि रविवार को अज्ञात कारण के चलते दुकान में आग लग गई। जो कि धीरे धीरे सुलग कर विकराल रूप धारण कर लिया। तथा आग की लपटे निकलनी लगी। तब आगजनी की जानकारी हुई तब तक देर हो चुकी थी। तथा किराना का सामान धू धू कर जलने लगा। आगजनी की जानकारी होते ही ग्रामीण एकत्र हो गए।तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया तथा पुलिस को व दमकल दस्ते को सूचना दी। तब दमकल दस्ते ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि आगजनी में 10 लाख रुपए की आर्थिक क्षति हुई है।।वही गांव के लेखपाल को भी सूचना दी है। इस घटना से परिजनों का रोकर बुरा हाल है। दुकान से उसके परिवार का भरण पोषण होता है। आग लगने का कारण नहीं मिल रहा है।

## अलग-अलग घटना में तीन की मौत, दो की हालत नाजुक

देवरिया। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई घटना में तीन की मौत हो गई। वहीं दो की हालत नाजुक होने पर डाक्टर ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सुरौली थाना क्षेत्र के उसरा बाजार के रहने वाले पवन राजभर (17) पुत्र हरिवंश उसरा के समीप किसी वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दिया। दूसरी घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के बगहा मठिया के रहने वाले मान सिंह (37) पुत्र गोपाल सिंह का साकेत नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव की पहचान कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर बेटा तुलसी, युवराज, पत्नी कंचन, मां कृष्णावती का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। तीसरी घटना भटनी थाना क्षेत्र के खिरिया के रहने वाले आदित्य पटेल (22) पुत्र सुनील और भटनी थाना क्षेत्र के हतवा नकहनी के रहने वाले राहुल यादव (18) पुत्र राम जतन तथा अनुराग यादव (18) पुत्र हरेराम यादव एवं भटनी थाना क्षेत्र के खिरिया के रहने वाले दीपक (18) पुत्र देवेन्द्र प्रसाद दो बाइकों पर बैठकर कहीं जा रहे थे। घटना के समय अनियंत्रित होकर दीवाल में टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहाँ डॉक्टर ने अनुराग यादव को मृत घोषित कर दिया।

# गुरु सानिध्य के बिना कोई मुक्ति नहीं प्राप्त कर सकता : संत पंकज जी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जैदपुर/हरख बाराबंकी। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के संस्थाध्यक्ष सन्त पंकज जी महाराज के सानिध्य में गतिमान शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा का बीसवां पड़ाव विकास खण्ड हरख के ग्राम अमरहिया में हुआ।यहां आयोजित सत्संग संदेश में संत पंकज जी ने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा ने अति दया करके आप को मनुष्य शरीर दे दिया तथा कर्म करने की आजादी दे दी और कहा मैं तुम्हारी आत्मा को इस मनुष्य शरीर में बंद करता हूँ। तुम मेरे शरीर से मालिक की भक्ति करके अपनी जीवात्मा का कल्याण करा लेना। समय पूरा होने पर मैं अपने सिपाहियों को भेजूंगा तो तुम मेरे मकान को खाली कर देना। उस समय न जमीन जायदाद काम आयेगी, न जाति विरादरी काम आयेगी। जीवात्मा के निकल जाने के बाद ये शरीर माटी का पुतला है। लोग इसे ले जाकर श्मशान में जला देंगे या दफना देंगे। आप की जाति, मजहब आप का नाम जलकर खाक हो जायेगा। सब कुछ यहीं छूट गया। इसलिये अपने आत्म कल्याण की



चिन्ता कीजिये। प्रभु की प्राप्ति करने वाले किसी सन्त महात्मा की खोज करके सुरत-शब्द (नाम-योग) साधना की कमाई कर लें। जब साधना करने लगेंगे तो धीरे-धीरे सुरत (आत्मा) शब्द को पकड़ कर ब्रह्माण्डों का सफर करेगी। जैसे चिड़िया अपने घोसले से निकल कर आसमान का सफर करती है उसी प्रकार आपकी आत्मा इस शरीर से निकल कर ब्रह्माण्डों का सफर करेगी। जैसे कि रामचरित मानस में वर्णन है कि ''मोंहि बिलोकि राम मुसकंाही। बिहंसत तुरत गयऊँ मुख माही। उदर माझ सुनु अंडज राया। देखेऊँ बहु ब्रह्माण्ड निकाया।।''

उन्होंने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुये बताया कि गुरु की महिमा अनंत और अपार है बिना गुरु के कोई भी भवसागर पार नहीं कर सकता। गुरु सर्व समर्थ हैं वह जीवों की पल-पल रक्षा करते हैं। भावी संकटों से आगाह और बचाव करते हैं। बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के बचनों को स्मरण कराते हुये बताया ''यह मनुष्य शरीर परमात्मा का बनाया हुआ सच्चा हरिमंदिर है इससे चैबीसों घण्टे आकाशवाणियां उतर रही है। कलमा आयतों की गुंजार हो रही है।'' महाराज जी ने भाईयों बहनों से शाकाहार अपनाने, शाकाहारी बनने, शराब व अन्य नशों को छोड़ने की पुरजोर अपील किया। महाराज जी ने आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के तेरहवें पावन वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला में भाग लेने का निमन्त्रण दिया। आयोजन की शांति व्यवस्था में पुलिस प्रशासन ने सहयोग किया।

इस अवसर पर रामचन्द्र यादव, बिहारी लाल, रमेश चन्द वर्मा, बरसाती लाल, राजाराम पाल, सहयोगी संगत प्रतापगढ़ के सूर्यबली सिंह, राम कृष्ण मिश्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद धर्म यात्रा अगले कार्यक्रम बाबा पुरवा गदापुर चैराहा ब्लाक हरख के लिये प्रस्थान कर गई। यहां कल सोमवार को अप. 12.30 बजे से सत्संग संदेश आहुत है।

## जैदपुर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव'' रामनवमी'' का महापर्व

बाराबंकी। जनपद भर में प्रभु राम का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। नगर के लाजपत नगर स्थित राम जानकी मंदिर में अनिल अग्रवाल की अगुवाई में भव्य आयोजन हुआ। साइक्लोन महिलाओं भजन कीर्तन गए 12 बजाते ही वातावरण भक्तिमय हुआ और भाई प्रकट कृपाला दीन दयाला से वातावरण गूंजायमान हुआ। इसी क्रम में घंटा घर समीप स्थित नए धर्मशाला में राघवेंद्र सरकार का जन्मोत्सव पूर्ण भव्यता से मनाया गया। जैदपुर से वसीम खान की रिपोर्ट मुताबिक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव ''श्री राम नवमी'' हर्षोल्ल्लास व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। नगर पंचायत के मोहल्ला संगत स्थित श्री राम जानकी मंदिर में श्री राम सेवा समिति संगत मंदिर जैदपुर द्वारा प्रातः 7:30 बजे पूजा आरती पश्चात भजन कीर्तन का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर में श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव प्रारंभ हुआ। आतिशबाजी भांगड़ा ब्रास बैंड घंटा घड़ियाल तथा अन्य वाद्य यंत्रों के साथ शोभा यात्रा निकली। शोभा यात्रा में शामिल बच्चे महिलाएं पुरुष हाथों में केसरिया झंडे व जय श्री राम का जय घोष कर कर रहे थे. जिससे लगता था पूरा वातावरण ही राम में हो गया। शोभा यात्रा में भारी संख्याओं में महिलाओं बच्चों एवं पुरुषों ने भाग लिया।शोभायात्रा निर्धारित मार्गो पीर पाजू चौहट्टा. बड़ी बाजार .छोटा इमामबाड़ा. छोटी बाजार जैन महल होती हुई अपने गंतव्य स्थल श्री राम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर पहुंची।जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी।

इस अवसर पर कृष्ण गोपाल सोनी कृष्ण मुरारी सोनी श्याम कुमार जायसवाल .मुन्ना निगम दीपक निगम डब्बू जायसवाल मास्टर सरवन शैलेंद्र जायसवाल सूर्या गुप्ता साहित सैकडो भक्तगण उपस्थित रहे।

# गुप्ता ने लोगों से की भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाने की अपील

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने लोगों से भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाकर एक शांतिपूर्ण और समरस समाज की ओर बढ़ने की अपील की है।

भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक तथा 2550वें निर्वाण महोत्सव के पावन उपलक्ष्य पर विधानसभा परिसर में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम 'भगवान महावीर गाथा' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री गुप्ता को कहा कि भगवान महावीर का जीवन और उनकी शिक्षाएँ सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाशपुंज हैं। उन्होंने कहा,ल्ल'महावीर गाथा' जैसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को नयी पीढ़ी तक पहुँचाने में मदद मिलती है। महावीर स्वामी का संदेश केवल धार्मिक नहीं, बल्कि मानवीय और सामाजिक विकास का आधार है। हमें उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर एक शांतिपूर्ण और समरस समाज की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने आयोजन समिति, भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति तथा सकल जैन समाज दिल्ली को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि दिल्ली विधान सभा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को पूर्ण समर्थन देती रहेगी। इस मौके पर श्री गुप्ता को 'कर्मयोगी सम्मान' से विभूषित किया गया। उन्हें तिलक, माला और प्रशस्ति चिह्न भेंट किया गया। श्री विजेंद्र को प्राप्त हुए प्रशस्ति चिह्न में लिखा गया कि वह सद्भाव, न्याय और अहिंसा के हैं आदर्शों को सशक्त करते हैं, राष्ट्र की सेवा में उनकी निष्ठा प्रेरणादायक है। वहीं, श्री गुप्ता ने श्री मुनि महाराज को राजकीय अतिथि के दर्जा से सम्मानित किया मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। साथ ही जैन समाज के अनेक विशिष्टजन तथा श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रसंत परमाचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी मुनिराज का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने भगवान महावीर के सिद्धांतों, अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अनेकोंतवाद ऽ पर गूढ़ व प्रेरणादायक प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है, जब समाज को शांति, सहिष्णुता और करुणा की अत्यधिक आवश्यकता है।

# दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में हुयी 'रीसाइक्लर मशीन' परीक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और सीवर सफाई को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए मानसून से पहले महत्वपूर्व कदम उठाते हुए मुंबई से अत्याधुनिक 'रीसाइक्लर मशीन' मंगवाई है, जिसका रविवार को ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में सफल परीक्षण किया गया। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस मशीन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, ल्लहम हर मानसून में देखते हैं कि कैसे दिल्ली की सड़कें पानी में डूब जाती हैं। कई बार यह पानी घरों तक भी घुस जाता है। इसका बड़ा कारण है कि सीवर और नालों की डीसिल्टिंग पिछले 10-20 वर्षों से नहीं हुई। हमने इसके समाधान के लिए बड़ी मशीनें मंगवाने की शुरुआत की है। हमारी कोशिश है कि हर विधानसभा में एक ऐसी मशीन हो जिससे सीवर की संपूर्ण सफाई हो सके। सफाई के बाद हम सीसीटीवी कैमरे से जांच कर 100 प्रतिशत सफाई सुनिश्चित करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि मानसून के समय दिल्ली को जलभराव से पूरी तरह मुक्ति मिले।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार का प्रयास है कि किसी भी श्रमिक को सीवर में न उतरना पड़े। इसके लिए देश या दुनिया से जो भी अत्याधुनिक तकनीक की जरूरत हो, हम उसे लाएँगे। मुंबई में ऐसी 100 मशीनें काम कर रही हैं और गुजरात में भी 30 मशीनें उपयोग में हैं। आज हमने डेमोंस्ट्रेशन किया है, लेकिन पिछले सप्ताह ही हमने 32 सुपर सकर मशीनों (वैक्यूम ट्रक) की खरीद के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा, यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' और आधुनिक शहरी भारत के विजन को साकार करने की दिशा में हमारा ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अब इस मशीन को चरणबद्ध तरीके से राजधानी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लागू करने की योजना बना रही है ताकि मानसून से पहले व्यापक सफाई हो सके।

## सिद्दीकी ने की एआईएमपीएलबी की जांच कराने व पाबंदी लगाने की मांग

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीक़ी ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) को आतंवादियों का समर्थक बताते हुए गृह मंत्रालय से इसकी जांच कराने, कार्रवाई करने तथा पाबंदी लगाने की मांग की है।

'क्लीन ओखला ग्रीन ओखला' ने वक्फ संशोधन विधेयक के संसद से पास होने और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से मंजूरी दिए जाने की खुशी और कानून को समर्थन के लिए रविवार को यहां के शाहीन बाग, ओखला में 'धन्यवाद पदयात्रा' निकाली । इस पदयात्रा में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं ने एआईएमपीएलबी की जांच कराने की मांग की। इस पदयात्रा में श्री सिद्दीक़ी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। संस्था के संयोजक शहजाद अली इदरीसी ने बताया कि संस्था के पदाधिकारियों ने वक़्फ़ संशोधन कानून के समर्थन में श्री सिद्दीक़ी के मध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव भेजा है। इस मौक़े पर श्री सिद्दीक़ी ने वक्फ कानून की जमकर तारीफ की और इसे मुसलमानों के पक्ष में करार दिया। उन्होंने कहा, सरकार के अच्छे फैसलों का मुसलमान हमेशा से स्वागत करते हैं। हम यहीं संदेश देने आए हैं कि जिस शाहीन बाग को बदनाम किया गया वो भी इस फैसले के साथ है। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून पूरी तरह से मुस्लिमों के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि एआईएमपीएलबी जैसे संगठन आतंकवादियों का समर्थन करते हैं। ये लोग मुस्लिमों का फायदा उठाते हैं। गृह मंत्रालय को इनकी जांच करनी चाहिए और फिर इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए तथा इन जैसे संगठनों पर पबंदी भी लगायी जानी चाहिए। इस मौक़े पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस. एम. अकरम , कमल बाबर, हाजी आरिफ , फिरोज़ खान सहित संस्था के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस का छठा अधिवेशन होगा देश की बड़ी घटना : वासनिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने गुजरात में आठ और नौ अप्रैल को होने वाले अधिवेशन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह अधिवेशन देश के राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण घटना होगी।

कंाग्रेस महासचिव तथा पार्टी के गुजरात के प्रभारी मुकुल वासनिक ने कहा है कि यह महत्वपूर्ण कंाग्रेस अधिवेशन है। कंाग्रेस के अब तक गुजरात में पांच अधिवेशन हुए हैं और यह छठा अधिवेशन भारतीय राजनीतिक की महत्वपूर्ण घटना बनेगा। अधिवेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा,ल्लआठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में कोंग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक होगी और उसके बाद पार्टी की महत्वपूर्ण संस्था कंाग्रेस कार्य समिति के सदस्यों की बैठक होगी। हम समझते हैं भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण घटना होगी। भारतीय राष्ट्रीय कंाग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को हुई थी। इसकी पहली बैठक अहमदाबाद में 23-26 दिसंबर 1902 को सुरेन्द्र नाथ बनर्जी की अध्यक्षता में हुई थी। दूसरी बैठक गुजरात के सूरत में 26-27 दिसंबर 1907 को रास बिहारी घोष की अध्यक्षता में हुई थी जबकि तीसरी बैठक अहमदाबाद में 27-28 दिसंबर 1921 को हकीम अजमल खान की अध्यक्षता में हुई थी। गुजरात में कंाग्रेस की चौथी बैठक हरिपुरा में 19-21 फरवरी 1938 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अध्यक्षता में हुई थी तथा पांचवीं बैठक भावनगर में छह-सात जनवरी 1961 को नीलम संजीव रेड्डी की अध्यक्षता में हुई थी। अब छठी बैठक आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होगी। कंाग्रेस सूत्रों के अनुसार अधिवेशन के दौरान विस्तारित कंाग्रेस कार्यसमिति आठ अप्रैल को सरदार पटेल स्मारक पर होगी और अगले दिन कंाग्रेस कमेटी की बैठक साबरमती आश्रम और कोचरब आश्रम के बीच साबरमती नदी के तट पर होगी।

# डबल-इंजन सरकार में भी बढ़ रहे महिलाओं-बच्चों के खिलाफ अपराध: यादव

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कंाग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली सरकार पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर निशाना साधते हुए कहा है कि यह बहुत चिंता की बात है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार राजधानी में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों, जिनमें दुष्कर्म और हत्याएं शामिल हैं, को रोकने में बुरी तरह विफल है। श्री यादव ने मीडियाकर्मियों से कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपराध के आंकड़े को रोकने के लिए मजबूत कदम उठाए बिना बड़ी-बड़ी बातें कर रही हैं, जिसके कारण लोग अब दिन में भी अपने घरों से बाहर निकलने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के तुरन्त बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण करने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर मुख्यमंत्री, पुलिस आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की थी, लेकिन बैठक के लगभग दो महीने बाद भी अपराध में वृद्धि ही हुई है, न तो सरकार और न ही पुलिस अपराधियों की बेलगाम आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करने में सफल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली न केवल दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है, बल्कि सबसे अधिक अपराधग्रस्त शहर भी बन गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में महिलाएं किस तरह असुरक्षित महसूस करती हैं, इसका प्रमाण आंकड़ों से मिलता है। उन्होंने बताया कि जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों का राष्ट्रीय औसत 66.4 प्रतिशत है, वहीं दिल्ली में यह प्रतिशत 144 है, जो चौंकाने वाला है। दिल्ली अब अपराधों में भी नंबर वन है। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अपराधों में भी दिल्ली 134 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है, जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 36 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली ने बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में भी 144 प्रतिशत के साथ रिकॉर्ड बनाया है, जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 7.5 प्रतिशत है, जिसमें लोग झपटमारी, डकैती, जानलेवा हमले, महिलाओं और नाबालिग यौन उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि अब समय आ गया है कि रेखा गुप्ता सरकार सार्थक और प्रभावी शासन करना शुरू करे और लोगों को गुलाबी वादों से गुमराह न करे, जैसा कि पिछली भ्रष्ट केजरीवाल सरकार ने 11 वर्षों से अधिक समय तक किया था, जिसका एकमात्र ध्यान लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की बजाय भ्रष्ट कार्यों के माध्यम से धन संचय करना था। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के शराब घोटाले ने युवाओं की एक पीढ़ी के जीवन को बर्बाद कर दिया है। रिकॉर्ड बेरोजगारी और सस्ती दरों पर शराब की आसानी से उपलब्धता के कारण युवा अपराध करने लगे और दिल्ली के लोग अभी भी पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुशासन का खामियाजा भुगत रहे हैं। कंाग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र और दिल्ली दोनों जगह भाजपा की सरकार होने के कारण रेखा गुप्ता सरकार राजधानी में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए कोई और बहाना नहीं दे सकती।

# झूठा आरोप लगाने के लिए माफी मांगे अनिल झा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता अनिल झा पर गलत बयानबाजी करके राज्य के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया और उनसे करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा को लेकर दिये गये बयान के लिए माफी मांगने की मांग की। श्री कपूर ने रविवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि अपने नेता अरविंद केजरीवाल के इशारे पर ''आप'' सरकार के शासनकाल में जनवरी और फरवरी 2025 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर 10 रोहिंग्या बच्चों के दिल्ली सरकार के एक विद्यालय में दाखिला के आदेश पर श्री झा अब झूठ तथा भ्रामक बनबाज़ी कर रहे हैं और दिल्ली वालों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ''आप'' प्रवक्ता का यह कहना कि क्षेत्रीय भाजपा विधायक ने 10 रोहिंग्या बच्चों के करावल नगर विधानसभा के एक विद्यालय में दाखिला दिलाने में सहयोग किया था, पूरी तरह से गलत है। उन्होंने श्री झा को चुनौती दी है कि वह भाजपा विधायक की ओर से रोहिंग्या छात्रों के विद्यालय में दाखिले के लिए लिखा कोई पत्र प्रस्तुत करें, नहीं तो सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। श्री कपूर ने कहा कि भाजपा सरकार 20 फरवरी को दिल्ली में सत्ता में आई और जिन बच्चों के दाखिले में क्षेत्रीय भाजपा विधायक की भूमिका का आरोप श्री झा ने लगाया है असल में उनका दाखिला करने का आदेश सर्वोच्च न्यायालय ने कम्युनिस्ट विचारधारा के एक अधिवक्ता अशोक अग्रवाल की दिसम्बर 2024 में दायर अर्जी पर दिया था और अरविंद केजरीवाल सरकार ने इस अर्जी का न्यायालय में कोई विरोध नही किया था, क्योंकि यह अर्जी कहीं ना कहीं ''आप'' संयोजक राजनीतिक ऐजेंडा से मेल खाती थी। उन्होंने कहा कि ''आप'' विधायक अविलंब करावल नगर से भाजपा विधायक पर झूठा आरोप लगाने के लिए माफी मांगे और बतायें कि क्यों केजरीवाल सरकार ने दिसम्बर 2024 में न्यायालय में रोहिंग्या बच्चों के एडमीशन का विरोध नहीं किया।

# पेज एक का शेष

## सूर्य की किरणों ...

ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, सदस्य डा. अनिल मिश्रा सहित विश्व हिन्दू परिषद के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे। अयोध्या के मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी जोन प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहित तमाम अधिकारी लोग उपस्थित रहे। ट्रस्ट के अनुसार स्थापित एलईडी का संचालन किया गया, जिससे श्रद्धालु श्रीरामजन्मोत्सव का आनंद उठा सकें। पूरा अयोध्या राममय हो गया।

## भारत ने न्याय की...

सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं। इस संदर्भ में, उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए संसद द्वारा पारित नए श्रम कानूनों और संहिताओं का भी उल्लेख किया। इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, श्री बिरला ने कहा, 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है। विकास और सामाजिक न्याय के लक्ष्यों को प्राप्त करने में संसदीय समितियों के कामकाज का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विभिन्न संसदीय समितियाँ, जिन्हें अक्सर मिनी संसद कहा जाता है, संसद और सरकार के प्रयासों के लिए पूरक कार्य करती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता समितियाँ, महिला अधिकारिता समिति, श्रम और कौशल विकास समिति और अन्य विविध समितियाँ कल्याणकारी कार्यक्रमों की निगरानी करती हैं, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावशीलता और जवाबदेही के साथ होता है। श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार प्रमुख मानव विकास संकेतकों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक मिशन के साथ काम करती है। इस संबंध में, उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया,ल्लदुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री - जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत, भारत की आबादी के निचले 40 प्रतिशत लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए श्री बिरला ने कहा,ल्लप्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में 105 फीसदी जीडीपी वृद्धि के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने का गौरव प्राप्त किया है तथा 2047 में विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह देखते हुए कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, श्री बिरला ने कहा कि भारत नवाचार, एआई, स्टार्टअप, अंतरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी, आईटी, फिनटेक, फार्मा तथा अन्य क्षेत्रों में दुनिया में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आईपीयू असेंबली में विचार-विमर्श से सभी प्रतिनिधिमंडलों को नए दृष्टिकोण प्राप्त होंगे तथा दुनिया भर की संसदें न्यायपूर्ण, समावेशी एवं समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाने में सक्षम होंगी। वर्तमान विश्व व्यवस्था में आईपीयू की भूमिका पर बोलते हुए श्री बिरला ने उल्लेख किया कि आईपीयू वैश्विक संसदीय सहयोग में नए आयाम जोड़ता रहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 150वीं आईपीयू असेंबली के लिए चुनी गई थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के विस्तार को दर्शाती है, जो भारतीय संस्कृति, परंपरा और दर्शन में गहराई से निहित है। 150वें आईपीयू शिखर सम्मेलन के अवसर पर, श्री ओम बिरला ने वियतनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष त्रान थान मान से मुलाकात की। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री बिरला ने अप्रैल 2022 में वियतनाम की अपनी यात्रा को भी याद किया।

## चौक पोस्ट आफिस के...

इसके बाद चौक कोतवाली में तहरीर दी। सोमेश ने बताया कि प्रीतम और पोस्ट आफिस के अधिकारियों, कर्मचारियों की मिली भगत से फर्जी दस्तावेज तैयार कर खाते से 10 लाख से अधिक रुपये पार कर दिए गए। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि जांच की जा रही है, जो भी साक्ष्य मिलेंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में ...

में बारिश की संभावना सामान्य से कम है। इसके अलावा, पूरे राज्य में सामान्य से अधिक गर्मी यानि उष्ण लहर चलने की प्रबल आशंका है। पूर्वानुमान में कहा गया है, ''अप्रैल 2025 के दौरान, उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू चलने की संभावना है। चिकित्सा पेशेवरों ने जोर देकर कहा कि उष्ण लहर(हीटवेव) से अकेले उच्च तापमान की तुलना में अधिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। लखनऊ के चिकित्सक डॉ. शांतनु मिश्रा ने बताया, ''उच्च तापमान असुविधा का कारण बनता है, जिसे छाया में रहने और पर्याप्त पानी पीने से नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, लू के संपर्क में आने से शरीर का प्राकृतिक तापमान विनियमन बाधित होता है, जिससे गंभीर निर्जलीकरण और संभावित स्वास्थ्य जटिलताएं होती हैं। मौसम विभाग के खतरनाक पूर्वानुमान के जवाब में, राज्य सरकार ने जिला प्रशासन को शमन उपायों को लागू करने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा, जिला प्रशासन को संभावित प्रतिकूल गर्मी के बारे में सचेत कर दिया गया है और इसके प्रभाव को कम करने के लिए उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलों के अस्पतालों को भी गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि के लिए एहतियातन सतर्क रहने के लिए कहा गया है। पशुपालन विभाग भी पशुधन की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। उप्र सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा, ''राज्य भर में पशु आश्रय स्थलों को पशुओं के लिए छायादार क्षेत्र और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा विभागों को ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सहायता के लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है, जिनके पशुओं को अत्यधिक गर्मी के चलते प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

## तमिलनाडु के नेता...

और भलाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत सरकार के समर्पित प्रयासों से पिछले एक दशक में 3,700 से अधिक मछुआरों को श्रीलंका से सफलतापूर्वक वापस ले लिया गया है। 600 से अधिक मछुआरों को पिछले वर्ष में ही मुक्त कराया गया है। कुछ मछुआरों को मृत्युदंड दिया गया, लेकिन हमने देश में उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कदम उठाए। प्रधानमंत्री ने इस दौरान देश के चहुंमुखी विकास का जिक्र किया और कहा कि आज देश में बहुत तेजी से बड़ी परियोजनाओं पर काम हो रहा है। बीते 10 वर्षों में हमने रेल, रोड, एयरपोर्ट, पानी, पोर्ट, बिजली, गैस पाइप लाइन ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट करीब 6 गुना बढ़ाया है। उन्होंने उत्तर, पूर्व और पश्चिम तथा दक्षिण के मेगा प्रोजेक्ट का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज में से एक 'चिनाब ब्रिज' बना है। मुंबई में देश का सबसे लंबा सी ब्रिज 'अटल सेतु' बना है। असम के 'बोगीबील ब्रिज' और यहां दुनिया के गिने-चुने वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज में से एक 'पंबन ब्रिज' का निर्माण पूरा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर उन्होंने मंच से पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के जिस लक्ष्य को लेकर हम चल रहे हैं, उसमें भाजपा के हर एक कार्यकर्ता का परिश्रम है। आज देश के लोग भाजपा सरकारों का गुड गवर्नेंस देख रहे हैं, राष्ट्रहित में लिए जा रहे निर्णय देख रहे हैं और हर हिंदुस्तानी का सीना चौड़ा हो रहा है। श्री मोदी ने रामेश्वरम और तांबरम के बीच एक नयी ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई और विभिन्न नयी परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसके अलावा श्री मोदी ने जब तटरक्षक जहाज को भी हरी झंडी दिखाई, तो पुल का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन ऊपर उठ गया। इस ऐतिहासिक क्षण में प्रधानमंत्री ने पंबन से ही पुल के वर्टिकल लिफ्ट मैकेनिज्म को रिमोट से संचालित किया और रामेश्वरम-तांबरम एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष और तटरक्षक जहाज को हरी झंडी दिखाकर नए पुल और इसके वर्टिकल लिफ्ट स्पैन का उद्घाटन किया, जो देश में अपनी तरह का पहला है। रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला पंबन ब्रिज न केवल परिवहन को बढ़ावा देगा, बल्कि भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार को वैश्विक मंच पर पहुंचायेगा। इसके साथ ही यह एक महत्वपूर्ण परिवहन लिंक और सांस्कृतिक प्रतीक दोनों के रूप में कार्य करेगा। रामायण के अनुसार, भगवान राम ने रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से श्रीलंका तक एक पुल का निर्माण शुरू किया था। पुराना पंबन पुल कभी पंबन द्वीप की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता था। अब, उन्नत तकनीक के साथ नया पंबन ब्रिज अधिक सुविधा और समृद्ध आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगा। पांच सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित, यह भारत का पहला वर्टिकल सी-लिफ्ट ब्रिज है। दो दशमलव किलोमीटर तक फैले इस पुल में 99 स्पैन और 72.5 मीटर लंबा वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे 17 मीटर तक उठाया जा सकता है, जिससे बड़े जहाजों का सुगम मार्ग सुनिश्चित होता है, जबकि निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित होता है। पुल में स्टेनलेस स्टील सुदृढीकरण, उच्च श्रेणी का पेंट और पूरी तरह से वेल्डेड जोड़ हैं, जो रखरखाव की आवश्यकताओं को कम करते हुए स्थायित्व को बढ़ाते हैं। इसकी नींव 333 पाइल और 101 पियर्स/पाइल कैप द्वारा समर्थित है, जिसे दोहरी रेल पटरियों और भविष्य के विस्तार के लिए डिज़ाइन किया गया है। पॉलीसिलोक्सेन पेंट का उपयोग इसे जंग से बचाता है, जिससे कठोर समुद्री वातावरण में दीर्घायु सुनिश्चित होती है। यह पुल परंपरा और प्रौद्योगिकी का एक उल्लेखनीय मिश्रण है। नए पंबन ब्रिज के उद्घाटन के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम-तांबरम एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई, जिससे पवित्र शहर रामेश्वरम और चेन्नई के तांबरम के बीच रेल संपर्क बढ़ेगा।

रामेश्वरम-तांबरम एक्सप्रेस रामेश्वरम, रामनाथपुरम, परमकुडी, मानामदुरै, शिवगंगा, कराईकुडी, अरनथांगी, पट्टुकोट्टई, थिरुथुराईपूंडी, तिरुवरूर, मयिलादुथुरई, चिदंबरम, तिरुप्पादिरिपुलियूर, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू और तांबरम जैसे तमिलनाडु के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ेगी। यह मार्ग दक्षिणी और उत्तरी तमिलनाडु के बीच पहुंच को बढ़ाता है, जिससे तीर्थयात्री, पर्यटक और दैनिक यात्रियों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। नए पंबन ब्रिज के अलावा, प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कई परिवर्तनकारी सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-40 के वालाजाहपेट/रानीपेट-तमिलनाडु/आंध्र प्रदेश सीमा खंड के 04 लेन के निर्माण की आधारशिला रखी गई और राष्ट्र को समर्पित सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें एनएच-332 के 4 लेन वाले विलुप्पुरम-पुडुचेरी खंड, एनएच-32 के 04 लेन वाले पूंडियनकुप्पम-सत्तनाथपुरम खंड, एनएच-36 के 04 लेन वाले चोलापुरम-तंजावुर खंड शामिल हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा क्रियानवित ये सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु की आर्थिक और ढांचागत उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देंगी, जिससे बेहतर कनेक्टिविटी, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि दक्षिण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने 27 दिसंबर, 2024 को कहा था कि मंडपम और रामेश्वरम को जोड़ने वाला नवनिर्मित पंबन ब्रिज संचालन के लिए 100 प्रतिशत तैयार है। उन्होंने कहा कि चेन्नई से आए मीडिया दल के एक समूह को वर्टिकल लिफ्ट स्पैन को दिखाया गया था। इस दौरान मीडियाकर्मियों को मंडपम रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों को भी दिखाया गया था। जंग के संकेतों सहित सभी मुद्दों को संबोधित करने के बाद नए पंबन ब्रिज को पहले रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की मंज़ूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा, ''नया पंबन ब्रिज संचालन के लिए 100 प्रतिशत तैयार है।'' उन्होंने कहा कि पुराने पुल की तरह, नया पुल भी 100 साल तक टिकेगा और इस पर 75 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से ट्रेनें चलाने की अनुमति दी गई है। बाद में, समय-समय पर निरीक्षण किए गए और श्री मोदी की यात्रा से पहले पिछले कुछ दिनों तक ट्रायल रन भी किया गया। नया पंबन ब्रिज 2,078 मीटर (2.08 किमी) लंबा वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज है। यह तमिलनाडु के रामेश्वरम में मौजूदा पुराने पंबन ब्रिज के समानांतर बनाया गया है। यह संरचना भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज है। नए पुल में समुद्र के पार 100 स्पैन हैं, जिनमें से 99 18.3 मीटर लंबाई के हैं और जिनमें से एक (मुख्य स्पैन) 72.5 मीटर है। अधिकारियों ने कहा कि नया पुल मौजूदा पुल से तीन मीटर ऊंचा है। भविष्य में दोहरीकरण को समायोजित करने के लिए दो पटरियों के लिए सबस्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है और सिंगल लाइन के लिए सुपरस्ट्रक्चर प्रदान किया जा रहा है। दक्षिणी रेलवे ने यह काम रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के साथ समन्वय में किया है। इसका उद्देश्य नेविगेशनल लिफ्ट स्पैन के साथ एक नया पंबन पुल बनाना है। यह तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में स्थित है और नया पंबन पुल रामेश्वरम द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ेगा। पंबन पुल के पुनर्निर्माण को 20 फरवरी, 2019 को अनुदान 2018-19 के लिए अनुपूरक मांगों के तहत मंजूरी दी गई थी। स्वीकृत लागत 280 करोड़ रुपये और वास्तविक लागत 580 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने कहा कि सभी इलेक्ट्रोमैकेनिकल उपकरण खरीदे जा चुके हैं और उनका सफलतापूर्वक परीक्षण किया जा चुका है, जिसमें चैनल के दोनों छोर पर लिफ्टिंग टावरों का निर्माण और वर्टिकल लिफ्ट स्पैन शामिल हैं। नए पुल पर इसकी संरचनात्मक अखंडता को सत्यापित करने के लिए सफल परीक्षण किए गए, जिनमें हल्के इंजन परीक्षण, ओवरहेड उपकरण परीक्षण और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षणों की श्रृंखला शामिल है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त बुनियादी ढांचे में सुधार किए गए हैं, जिसमें एबीएसएस के तहत रामेश्वरम जंक्शन का पुनर्विकास, निकटवर्ती पंबन स्टेशन पर उन्नयन, बेहतर यात्री अनुभव की सुविधा शामिल है। उन्होंने कहा कि पुल में जंग न लगे इसको लेकर तैयारी की गयी है। अधिकारियों के अनुसार मजबूत सतह संरक्षण प्रणाली रखरखाव के बिना पुल के जीवनकाल को 38 साल तक बढ़ा सकती है, और न्यूनतम रखरखाव के साथ 58 साल तक बढ़ा सकती है। अधिकारियों ने कहा कि नया पंबन ब्रिज एक आधुनिक ब्रिज होगा, जो अधिक यातायात को समायोजित कर सकेगा। नए पुल में स्थायित्व और दीर्घायु बढ़ाने के लिए आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों और सामग्रियों को शामिल किया गया है और यह क्षेत्रीय परिवहन और आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा। नया पंबन ब्रिज अधिक सेवा जीवन के साथ सुरक्षित, टिकाऊ और संरचनात्मक रूप से मजबूत कनेक्टिविटी प्रदान करता है। पुल में रामेश्वरम और मुख्य भूमि के बीच सीधा रेल परिवहन शामिल है और यह बड़े जहाजों के लिए सुगम मार्ग की अनुमति देता है, जिससे निर्बाध समुद्री यातायात की सुविधा मिलती है। साथ ही मंदिर शहर रामेश्वरम में पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, जहाँ प्राचीन श्री रामनाथस्वामी मंदिर स्थित था, और इस क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। नया पुल रामेश्वरम द्वीप और मुख्य भूमि और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल संपर्क को बहाल करता है, जो एक सदी पुराने पुल की जगह लेता है। अधिकारियों ने कहा कि यह पुष्टि की गई है कि पुल का निर्माण अत्याधुनिक डिजाइन और सर्वोत्तम निर्माण प्रथाओं के साथ किया गया है और रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा संचालन के लिए मंजूरी दी गई है।

# रामनवमी पर मुख्यमंत्री धामी ने की कन्या पूजन प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राम नवमी और दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने नौ दुर्गाओं की प्रतीक नौ कन्याओं का विधिवत पूजन भी किया।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की खुशहाली और नागरिकों के सुख-समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम ने स्वयं ब्रह्मस्वरुप होते हुए भी मानव रूप में हम सभी के कल्याण के लिए अवतार लिया तथा आदर्श व सद्चरित मनुष्य का जीवन कैसा होना चाहिए इस का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने जीवन में आई तमाम कठिनाईओं का सामना जिस आदर्शता के साथ किया वह मानव समाज के लिए सदैव प्रेरणा देने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री राम के व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिये। राम नवमी का पावन पर्व हम सबके जीवन में सुख शांति व समृद्धि लाए इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

# शिवनगरी के मंदिरों में नवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




उत्तरकाशी। चैत्र रामवमी पर रविवार को श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर नवरात्र का व्रत पूर्ण किया। रामनवमी पर मंदिरों में पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार रही। लोग मंदिरों में पूजन कर भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव दिवस पर परिवार के सुख, समृद्ध की कामना किया। उत्तरकाशी के पवित्र मणिकर्णिका गंगातट पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजन-अर्चन किया। चैत्र रामवनी पर रविवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों से लेकर घरों तक में लोगों ने हवन पूजन कर कन्या भोज कर मां दुर्गा और भगवान प्रभु श्रीराम से परिवार के सुख, शांति, समृद्धि और यश की कामना किया। माता कुटेटी देवी, राजराजेश्वरी मंदिर में रामनवमी के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। यहां पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। उत्तरकाशी के कुटेटी देवी मंदिर,काली मंदिर , शक्ति मंदिर में हवन पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी भीड लगी रही। लोग मंदिरों में मां दुर्गा की आराधना के साथ ही रामनवमी पर भगवान राम की पूजा किया। नवरात्र के अंतिम दिन घरों में कड़ाही चढ़ाया गया और कन्याओं को भोजन कराकर लोग प्रसाद ग्रहण किए। इस दौरान श्री कुटेटी देवी मंदिर के मुख्य पूजारी पंडित ललित मोहन नौटियाल ने कहा कि मां कुटेटी देवी के दर्शन करने सैकड़ों वर्ष से भक्त आते है मां सभी भक्तों को अपना आशीर्वाद देती है उन्होंने कहा कि मां कुटेटी देवी मंदिर में आने जाने के लिए रास्ते ठीक नहीं ओर सुरक्षा के दृष्टि से रेलिंग तक नहीं लगी है और न ही उचित शौचालय की व्यवस्था तक नहीं है।

# ध्वजारोहण कर किया भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रमों का शुभारम्भ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। जिला भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के ध्वज को जिला कार्यालय पर फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि 1951 में जनसंघ के रूप में रोपित पौधा 1980 से भारतीय जनता पार्टी के रूप में अपनी श्रेष्ठ यात्रा को शुरू कर आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में एक वटवृक्ष बन चुका है, जिसकी 16 करोड़ से ज्यादा लताएं देशभर को विकास की ओर ले जाने का काम कर रही हैं। आज विश्व के सबसे बड़े राजनेता के रूप में भारतीय जनता पार्टी का एक सामान्य सा कार्यकर्ता इस देश के प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होकर भारत को विश्व गुरु बनाने व विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रहा है। कहा कि देश का नेतृत्व मोदी के सुरक्षित और मजबूत हाथों में है। मोदी के आशीर्वाद से और प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जिस प्रकार उत्तराखंड चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है निसंदेह बहुत जल्द ही हमारा प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में अपना स्थान बनाएगा। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है और यही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सामान्य कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश का प्रधानमंत्री भी बन सकता है। आज जिस प्रकार से पूरे देश में आम व्यक्ति को लेकर योजनाओं का क्रियान्वयन केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राजनीति करने के लिए नहीं अपितु समाज की सेवा का संकल्प लेकर राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करते हैं। इसी कारण आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता की पहचान समाज एवं परिवार के संरक्षक के रूप में होती है। अब वह दिन दूर नहीं जब अखंड भारत का सपना सच्चाई बनकर सामने आएगा। इस दिन को लाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे जैसे अनेकों महापुरुषों ने त्याग और बलिदान का उदाहरण प्रस्तुत किया।

# 27 अप्रैल को होने जा रही प्राइड परेड रद्द

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमृतसर। कुछ सिख संगठनों के विरोध के बाद 27 अप्रैल को होने जा रहे 'प्राइड परेड अमृतसर 2025' को रद्द करने की घोषणा आयोजकों ने रविवार को की।

आयोजक रिधम चड्डा और रमित सेठ ने यहाँ जारी बयान में कहा कि वह लोग 2019 से परेड का शांतिपूर्ण आयोजन कर रहे हैं जिसका उद्देश्य एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के लोगों को जोड़ना और बेहतरी के लिए काम करना है, लेकिन इस वर्ष विरोध होने के कारण इसे रद्द किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम किसी धार्मिक या राजनीतिक समूह की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचना चाहते हैं और हमारे सदस्यों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। सोशल मीडिया में कुछ सिख संगठनों ने लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप लगाते हुए प्राइड परेड आयोजन का विरोध किया था और कहा था कि प्रशासन को इस कार्यक्रम को रोकना चाहिए वरना वह खुद आगे आकर कार्यक्रम होने नहीं देंगे।

# ध्वजारोहन के साथ प्रदेश कार्यालय में मनाया गया भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस रविवार को पटना पार्टी मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने ध्वजारोहन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश, जिला और बूथ स्तर पर धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और भाजपा को इस उंचाई तक पहुंचाने में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं का समर्पण रहा है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा को आगे बढ़ा रहे है और उन्हीं के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। प्रदेश कार्यालय में मनाया गया भाजपा की प्राथमिकताओं की चर्चा करते हुए डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि, ''भारतीय जनता पार्टी ने देश की विचारधारा, विरासत और संस्कृति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने की दिशा में कार्य कर रहे है। पत्रकारों के पूछे गये सवाल पर उन्होंने वक्फ संशोधन बिल पर तेजस्वी यादव को घेरते हुए कहा तेजस्वी यादव का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। उनके पिता लालू प्रसाद यादव ने 2010 में खुद इस बिल की जरूरत बताई थी। तेजस्वी को राजनीति विरासत में मिली है, वे चांदी के चम्मच से राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने सभी समुदायों की राय लेकर बिल तैयार किया है। बिल को संसद में लाने से पहले ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी ने देशभर के लोगों से सुझाव लिए। लोकसभा और राज्यसभा में लंबी बहस के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी से यह कानून बना है।

# पुलिस माल खाने में लगी आग, 345 गाड़ियां जली

नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ती गर्मी के बीच आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार तड़के वजीराबाद के पास दिल्ली पुलिस के पिट (माल खाना) में आग लग गई। घटना में काफी संख्या में गाड़ियां जलकर खाक हो गई। दमकल विभाग को 4:30 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली आठ गाड़ियां पहुंची और ड़ेढ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग बुझाने के दमकलकर्मियों की टीम ने लगातार कूलिंग का काम किया। जिससे कि दोबारा आग ना भड़क सके। स्टेशन ऑफीसर मनोज त्यागी की टीम ने आग को सुबह साढ़े छह बजे के आसपास बुझाया। पूरी तरह कूलिंग करने के बाद दमकल की गाड़ियां मौके से लौटी। वहीं इस आग की चपेट में आकर 345 गाड़ियां जल गई। जिनमें से 260 स्कूटी और बाइक बाकी 85 कार शामिल है। राहत की बात यह रही कि इसमें कोई हताहत या घायल नहीं हुआ।

# एआई के इस युग में नैतिकता की भी जरूरत: डॉ. चिन्मय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आस्था एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए स्थापित आयोग के एशिया क्षेत्र के आयुक्त डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप ही समाज का समग्र विकास करना है। आज एआई के बढ़ते प्रयोग से समाज की संरचना में बदलाव दिखाई दे रहा है, मानवीय मूल्यों पर इसका संतुलित रूप से असर हों, इस हेतु सभी को जागरूक होना होगा, जिससे हमारी भावी पीढ़ी को नकारात्मक प्रभाव से बचाया जा सके। देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. पण्ड्या ने दीनदयाल शोध संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित बारहवें नानाजी स्मृति व्याख्यान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सामाजिक प्रभाव विषय पर संबोधित कर रहे थे। इस व्याख्यानमाला का उद्देश्य समाज के समक्ष मौजूदा समसामयिक चुनौतियों पर चर्चा करना और उनके समाधान की दिशा में विचार-विमर्श करना है। कहा कि वर्तमान में एआई केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि यह शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग और सुरक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। हालांकि, इसके साथ ही नैतिकता, गोपनीयता, डेटा सुरक्षा तथा रोजगार पर इसके प्रभाव को लेकर कई चिंताएँ भी सामने आ रही हैं। हमें इस पर अभी से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। डॉ. पंड्या ने आचार्य श्रीराम शर्मा के वैज्ञानिक अध्यात्मवाद पर चर्चा करते हुए कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय वैज्ञानिक, अध्यात्मवाद और आधुनिक तकनीक के समन्वय से एक नए युग का नैतिक नेतृत्व कर रहा है।

# देश-विदेश के साधकों ने इदं न मम के भाव से की नवरात्र साधना की पूर्णाहुति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। नवरात्र साधना के अंतिम दिन देश विदेश से आये साधकों सहित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज व देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में साधकों ने इदं न मम के भाव से अपनी-अपनी गायत्री अनुष्ठान की पूर्णाहुति की। महिला मण्डल की बहिनों ने हवन के बाद कन्या भोज के साथ नवरात्र साधना का समापन किया। इस अवसर पर शांतिकुंज परिसर में बहिनों ने 27 कुण्डीय तथा देसंविवि परिसर में छात्रों ने 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया, जिसमें साधकों ने कई पारियों में हवन कर प्राप्त ऊर्जा को जनहित में लगाने का संकल्प लिया। वहीं शांतिकुंज परिवार ने रामजन्म महोत्सव पर भव्य रैली निकाली, जिसे महिला मण्डल की प्रमुख शैफाली पण्ड्या एवं व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। शांतिकुंज के मुख्य सत्संग हॉल में आयोजित साधकों को संबोधित करते हुए शांतिकुंज के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता ने साधना से प्राप्त ऊर्जा को समाज के हित में लगाने का आवाहन किया। इस अवसर नवरात्र अनुष्ठान में आये साधकों ने गायत्री परिवार द्वारा संचालित हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों को गति देने का संकल्प लिया। हुए विभिन्न संस्कार शांतिकुंज के आचार्यों के संचालन में श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर पुंसवन, नामकरण, मुण्डन, जनेऊ, गुरुदीक्षा आदि संस्कार बड़ी संख्या में निःशुल्क सम्पन्न कराये गये। तो वहीं विभिन्न प्रांतों से आये नवदंपतियों ने पवित्र अग्नि की साक्षी में एक दूसरे का हाथ थामा।

# पिकअप वैन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत स्वजनों में मचा कोहराम

नवादा। जिले में नारदीगंज थाना क्षेत्र के सिरपतिया-मटिहानी सड़क मार्ग पर रविवार को मटिहानी मोड़ के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वैन की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नारदीगंज थेन के हरिचंदन बीघा निवासी स्वर्गीय छोटन मालाकार के 50 वर्षीय पुत्र रविंद्र मालाकार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह सिरपतिया गांव में चैती नवरात्रा के अवसर पर आयोजित दुर्गा पूजा के लिए फूल-माला पहुंचाकर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मटिहानी मोड़ के पास पिकअप वैन ने उसे कुचल दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की पुष्टि नारदीगंज थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। वहीं, पिकअप वैन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह हत्या या फिर दुर्घटना है इसकी भी सघनता से जांच की जा रही।

# खेल मंत्री ने विजेताओं को किया सम्मानित, बोलीं-अब अंतरराष्ट्रीय फलक पर छाने की तैयारी करें खिलाड़ी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। खेल मंत्री रेखा आर्या ने क्रॉस कंट्री दौड़ और हॉकी व फुटबाल के मैत्री मैच के विजेताओं को रविवार को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। खेल विभाग की ओर से पेवेलियन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 38 वें राष्ट्रीय खेलों ने हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर तो अपना नाम रोशन कर दिया है, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय फलक पर छाने की तैयारी में जुटना होगा। खेल मंत्री ने कहा कि 2036 के ओलंपिक के लिए हमने कम से कम 40 एथलीट तैयार करने की प्लानिंग की है। हाल ही में हमारा खेल लिगेसी प्लान तैयार हुआ है और इसे अमली जामा पहनाया जा रहा है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार युवा खिलाड़ियों को निखारने और उनका भविष्य उज्जवल करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को जल्द ही नौकरी दी जाएगी, इसकी प्रक्रिया चल रही है। इस अवसर पर विशेष खेल सचिव अमित सिन्हा, संयुक्त खेल निदेशक अजय अग्रवाल, स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई, उपनिदेशक शक्ति सिंह, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर आदि मौजूद रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063